ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2079 ● शुक्रवार, 10 फरवरी 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-11 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

सोनू सूद का बनाया गया मंदिर... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### आज राज्य के नए डीजीपी का नाम हो सकता है घोषित

**रांची।** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा का अंतिम कार्यदिवस शुक्रवार को है। शुक्रवार को ही नए डीजीपी के नाम की भी घोषणा हो सकती है। राज्य सरकार को यूपीएससी के भेजे गए पैनल से डीजीपी के नाम का चयन करना है। डीजीपी के चयन के लिए यूपीएससी ने सीबीआई में प्रतिनियुक्त अजय भटनागर, पुलिस हाउसिंग के एमडी सह डीजी एसीबी अजय कुमार सिंह और रेल एडीजी अनिल पालटा का नाम भेजा है। वरीयता के आधार पर भेजे गए इन तीनों नामों में से किसी एक को डीजीपी बनाया जाना है।

### 12 से 21 तक नक्सली मनाएंगे प्रतिरोध दिवस

**रांची।** राज्य में नक्सली संगठन माओवादियों ने 12 से 21 फरवरी तक 10 दिवसीय प्रतिरोध दिवस मनाने की घोषणा की है। यह विरोध झारखंड को माओवादी मुक्त करने के नाम पर कार्रवाई को लेकर है। इस संबंध में गुरुवार को नक्सलियों के बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता बादल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है।

### रांची हिंसा : आरोपित को नहीं मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में गुरुवार को रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा के आरोपित इरफान अंसारी उर्फ जुबेर आलम को जमानत देने से इनकार कर दिया। इरफान ने झारखंड हाईकोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने जमानत अर्जी पर सरकार और आरोपित का पक्ष सुनने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी है।

### पीएलएफआई के एरिया कमांडर को जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अम्बुज नाथ की खंडपीठ में गुरुवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर जेठा कच्छप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जेठा कच्छप को जमानत दे दी। जेठा कच्छप की ओर से अधिवक्ता सुजय दयाल ने अदालत में पक्ष रखा।

### दीपिका के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह की याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दीपिका की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। अब इस मामले में 28 फरवरी को सुनवाई होगी।

# तेवर बेहद तीखे

## पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर विपक्ष को दिखाया आइना

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वह देश के लिए जीते हैं, देश के लिए सब कुछ कर रहे हैं। देश की जनता की रोजी-रोटी के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। देश देख रहा है कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा: नारे बोलने के लिए भी लोग बदलने पड़ रहे हैं। मैं घंटेभर से जवाब दे रहा हूं, रुका नहीं रहा। मैं देश के लिए कुछ करने के लिए निकला हूं। इसलिए राजनीतिक खेल खेलनेवालों के अंदर हौसला नहीं है। वे बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर विपक्ष को आइना दिखाया। उन्होंने कहा पिछले कुछ वर्षों में 27 लाख करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से सीधा हितधारकों के खातों में गए हैं। इससे 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रुपया जो किसी इको-सिस्टम के हाथों में जा सकता था, वो बच गया। अब जिनको ये पैसा नहीं मिल पाया, उनका चिल्लाना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनकी राजनीति, अर्थ नीति और समाज नीति वोटबैंक के आधार पर ही चलती थी, लेकिन हमने रेहड़ी-ठेले पटरीवालों की चिंता की। पीएम स्वनिधि और पीएम विकास योजना के जरिए हमने समाज के एक बड़े वर्ग का सामर्थ्य बढ़ाने का काम किया है।

**एक परिवार ने 60 साल में गड्ढे ही गड्ढे दिए :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबोधन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा : कल विपक्ष के खड़गेजी ने कहा कि 60 साल में उन्होंने मजबूत बुनियाद बनाई। उनकी शिकायत थी कि बुनियाद हमने बनाई और क्रेडिट मोदी ले रहा है। 2014 में आकर जब मैंने बारीकी से चीजों को देखने का प्रयास किया तो नजर आया कि 60 साल कांग्रेस के परिवार ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए थे। उनका इरादा नेकी का होगा, लेकिन गड्ढे कर दिए थे। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक इन्हीं की दुनिया चलती थी। देश भी आंख बंद करके उनका समर्थन करता था, लेकिन उन्होंने ऐसी कार्यशैली और कल्चर बनाया कि एक भी चुनौती का परमानेंट सॉल्यूशन निकालने का न सोचा, न सूझा और न प्रयास किया। हमारी सरकार की पहचान पुरुषार्थ के कारण बनी है। एक के बाद एक उठाए गए कदमों के कारण बनी है। आज हम परमानेंट सॉल्यूशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**जनता ने खाता ही बंद कर दिया :** प्रधानमंत्री ने फिर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जिक्र किया। कहा, 'खड़गेजी शिकायत कर रहे थे कि मोदीजी बार-बार मेरे चुनावी क्षेत्र में आते हैं। मोदीजी कलबुर्गी आ जाते हैं... मैं आता हूं शिकायत करने से पहले ये भी देखो कि कर्नाटक में एक करोड़ 70 लाख जनधन अकाउंट खुले हैं। उन्हीं के इलाके कलबुर्गी में आठ लाख से ज्यादा जनधन खाते खुले हैं। अब बताइए इतने खाते खुल जाएं, लोगों को ताकत मिल जाए और किसी का इतने सालों के बाद खाता बंद हो जाए तो उनकी पीड़ा मैं समझ सकता हूं। बार-बार उनका दर्द झलकता है।' पीएम मोदी यहीं नहीं रूके। आगे उन्होंने कहा : कभी वह (मल्लिकार्जुन खड़गे) यहां तक कह देते हैं कि एक गरीब को हरा दिया। उन्हीं के इलाके की जनता ने दलित तो जिता दिया। जनता आपका खाता बंद कर रही है और आप रोना यहां रो रहे हो।

**पहले इनका काम लटकाना, भटकाना था :** पीएम मोदी ने कहा तमाम परियोजनाओं का जिक्र करते हुए भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। कहा, 'हमने सीधे जनधन खाते में लाभार्थियों को पैसे भेजे। हम नया इको सिस्टम लाए। जिन लोगों को पुराने इको सिस्टम के फायदे मिलते थे, उनका चिल्लाना स्वाभाविक है। पहले परियोजनाएं लटकाने, भटकाने का कल्चर था। हमने टेक्नोलॉजी का प्लेटफॉर्म तैयार किया और इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट को गति देने का काम किया। योजनाएं बनाने में महीनों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



> “देश को आधुनिक होना है, नए संकल्पों को सोचना है तो साइंस और टैक्नोलॉजी को नकार नहीं सकते। हम टुकड़ों में नहीं सोचते हैं। हम हर दिशा में काम कर रहे हैं। हमने स्पेस के क्षेत्र में प्राइवेट भागेदारी का सपना पूरा किया। मुझे खुशी है देश के नौजवान प्राइवेट सैटेलाइट छोड़ने का सपना देखते हैं, यह गर्व की बात है। यूनिकॉर्न की दुनिया में हम तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।”

### कीचड़ उसके पास था, मेरे पास गुलाल

**अपने** संबोधन की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों पर तंज कसा। प्रधानमंत्री ने कहा : सदन में जो भी बात होती है, उसे देश गंभीरता से सुनता है और गंभीरता से लेता है। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोगों की वाणी न सिर्फ सदन को, बल्कि देश को निराश करनेवाली है। इस प्रकार की प्रवृत्ति के सदस्यों को यही कहूंगा कि कीचड़ उसके पास था, मेरे पास गुलाल। जो भी जिसके पास था, उसने दिया उछाल। जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा।

### पं. जवाहर लाल नेहरु का जिक्र कर कहा, नेहरु सरनेम से शर्मिंदगी क्यों?

पीएम मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु का जिक्र करते हुए गांधी परिवार पर बड़ा हमला किया। कहा : 600 से ज्यादा योजनाएं गांधी-नेहरू के परिवार के नाम पर हैं। अगर अब किसी कार्यक्रम में नेहरू जी का नाम नहीं प्रयोग हुआ तो कुछ लोगों का खून गर्म हो जाता था, लेकिन मुझे ये समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी का कोई व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से डरता क्यों है। क्या शर्मिंदगी है नेहरू सरनेम रखने में। इतना बड़ा महान व्यक्ति आपको और आपके परिवार को मंजूर नहीं है और आप हमारा हिसाब मांगते हो। प्रधानमंत्री ने आगे कहा : यह जन-जन की पीढ़ियों से बना देश है। यह देश किसी परिवार की जागीर नहीं। हमने मेजर ध्यानचंद्र के नाम पर खेल खत्न का नाम रख दिया। हमें गर्व हो रहा है। जो लोग आए दिन हमारे देश की सेना को नीचा दिखाने का मौका नहीं छोड़ते, हमने द्वीपों को परमवीर चक्र पाने वाले वीरों के नाम पर रख दिया।

### वोट नहीं तो नॉर्थ-ईस्ट में बिजली नहीं पहुंचाई

**प्रधानमंत्री** मोदी अपने संबोधन में नॉर्थ ईस्ट का जिक्र करना नहीं भूले। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा : नॉर्थ ईस्ट के गांवों में बिजली नहीं थी। दूरदराज के गांव थे, नॉर्थ ईस्ट के गांव थे। पहाड़ी गांव थे। इनके वोट बैंक नहीं थे, इसलिए इनकी सरकार ने यहां बिजली पहुंचाने पर ध्यान नहीं दिया। हमने कहा कि हम मक्खन नहीं, पत्थर पर लकीर खींचेंगे। हमने 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई। खुशी है कि दूरदराज के गांवों को आजादी के इतने सालों बाद आशा की किरण दिखाई दी। मोदी ने आगे कहा : पहले की सरकारों में कुछ घंटे बिजली आती थी। पहले गांव में एक खंबा गाड़ देते थे तो हर साल उसकी एनिवर्सिरी मनाते थे। हम आज 22 घंटे बिजली देने में सफल हुए हैं। हमने लोगों को उनके भाग्य पर नहीं छोड़ा। राजनीतिक फायदे-घाटे की बात नहीं सोची। देश का कल उज्ज्वल बनाने का रास्ता चुना। मेहनत का रास्ता चुना।

### इंदिरा गांधी का जिक्र करके भी गांधी परिवार को लिया आड़े हाथों

**प्रधानमंत्री** मोदी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का जिक्र करके भी गांधी परिवार पर हमला किया। बोले, 'जो लोग आज विपक्ष में बैठे हैं। उन्होंने राज्यों के अधिकारों को धज्जियां उड़ा दीं। मैं कच्चा-चिट्ठा खोलना चाहता हूं। वो लोग कौन थे, जिन्होंने आर्टिकल 356 का दुरुपयोग किया? वे लोग कौन हैं, जिन्होंने यह किया और चुनी हुई सरकारों को गिरा दिया। एक प्रधानमंत्री ने आर्टिकल 356 का 50 पर प्रयोग किया, वह नाम है इंदिरा गांधी।' मोदी ने वामदलों को सुनाते हुए कहा, 'केरल में वामपंथी सरकार चुनी गई, जिसे पंडित नेहरू पसंद नहीं करते थे। कुछ ही दिनों में चुनी हुई सरकार को गिरा दिया। डीएमके के मित्रों को भी बताता हूं। तमिलनाडु में भी एमजीआर और करुणानिधि जैसे दिग्गजों की कई सरकारों को कांग्रेसवालों ने गिरा दिया। एमजीआर की आत्मा देखती होगी, आप कहां खड़े हो।

**कैबिनेट :** मंत्रिपरिषद की बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी

# राज्य के 20 मॉडल स्कूलों को आवासीय स्कूल में बदला जाएगा

### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से होगा शुरू

### तीन मार्च को पेश किया जाएगा बजट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इसमें 25 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार ने झारखंड के 20 मॉडल स्कूलों को आवासीय स्कूल में बदलने का निर्णय लिया है। साथ ही इन स्कूलों की सूची बनायी गयी है। इसके अलावा राज्य में संचालित 203 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के मानदेय में 20 फीसदी बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से 1234 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार तीन करोड़ 53 लाख रुपये वहन करेगी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने फैसलों की जानकारी दी।



**पीपीपी मोड में डेवलप होंगे पर्यटन स्थल :** कैबिनेट की बैठक में पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड में डेवलप करने संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। बताया गया कि राज्य के पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए दिया जाएगा। चयनित एजेंसी पर्यटन स्थलों को डेवलप भी करेगी और उसे संचालित भी करेगी। साथ ही राज्य योजनामद में आनेवाले इंटर प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों को गैर योजनामद में लाने का निर्णय लिया गया है। रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए एचईसी से ली गयी 647.08 एकड़ जमीन का जो बकाया राशि था, उसे देने पर स्वीकृति दी गयी है। इसके तहत 24811601 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- 238 सूखाग्रस्त प्रखंड में राहत के लिए 268 करोड़ जेसीएफ से लोन लिया जायेगा। 20 लाख लाभुकों को खाद्य सुरक्षा दी जायेगी। जनवरी से दिसम्बर तक मुफ्त राशन दिया जायेगा।
- झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से आहूत करने की स्वीकृति दी गयी। बजट तीन मार्च को पेश किया जायेगा। 17 दिन के कार्य दिवस में बजट सत्र 24 मार्च तक चलेगा।
- प्रभात कुमार झा की तीन वेतन वृद्धि की रोक को यथावत रखा गया।
- मुख्य सूचना आयुक्त (झारखंड) के वेतन और भत्ता समेत अन्य सेवा शर्त में संशोधन को स्वीकृति।
- कॉफी टेबल के निर्माण के लिए आउटलुक बुक का मनोनयन किया गया। इसमें 19 लाख रुपये की लागत आयेगी।
- चिरौंदी स्थित तारामंडल के तीन वर्ष के संचालन और उसके प्रोजेक्टर को ठीक करने की जिम्मेदारी ऑर्बिट एनिमेट प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया।
- रांची के एचईसी में अलग से स्टेट कमांड कंट्रोल सेंटर का निर्माण होगा। अभी यह रांची एसपी कार्यालय में है लेकिन यहां से पूरे जिले में परेशानी हो रही है। इसलिए मॉनिटरिंग के लिए स्टेट लेवल कमांड कंट्रोल सिस्टम बनेगा।
- नेतरहाट एवं कोयल व्यू प्वाइंट 6.4 किलोमीटर रोड 30 करोड़ की लागत से बनेगा।
- रांची स्मार्ट सिटी की भूमि के लिए एचईसी को 2.48 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।
- गोंदा मोहाली शिवनगर रोड को 79 करोड़ में बनाने की मंजूरी दी गयी।
- 4401 उर्दू शिक्षकों के पद को योजना मद से गैर योजना मद में शामिल किया गया। इससे इनके वेतन भुगतान में अब आसानी होगी।
- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी साहिबगंज अमृत नरेश खलखो को सेवा से बर्खास्त किया गया।

### एएनएम-जीएनएम को राज्य अस्पतालों में काम करना अनिवार्य

**राज्य** सरकार की ओर से संचालित नर्सिंग संस्थानों में प्रशिक्षण लेनेवाली नर्सों को अब राज्य के जिला और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में एक साल तक बांड के तहत काम करना होगा। फिलहाल, यह व्यवस्था रिम्स में लागू है। अब इसे पूरे राज्य के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इस दौरान उन्हें प्रतिमाह 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। जो नर्सें बांड के तहत काम नहीं करेंगी, उन्हें एक लाख रुपये देना होगा।

# शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती

### सांस लेने में तकलीफ के होने के बाद अस्पताल में कराया गया भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत गुरुवार को बिगड़ गयी। उन्हें आनन-फानन में रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. अमित की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान उनके साथ पुत्रवधू कल्पना सोरेन थीं। इसकी पुष्टि केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने की है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन कोरोना से संक्रमित हो गए थे। तबीयत बिगड़ने के बाद डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें रांची के मेदांता में भर्ती कराया गया था। शिबू सोरेन को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इसके बाद डॉक्टरों के परामर्श पर उन्हें गुरुग्राम के मेदांता में भर्ती कराया गया था। इसके बाद वे स्वस्थ होकर रांची लौटे थे।



### दल विशेष के प्रवक्ता बन रहे स्पीकर : दीपक प्रकाश


**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने भाजपा को नेता प्रतिपक्ष चुनने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष आसन की गरिमा धूमिल कर रहे हैं। उनके बयान से संवैधानिक मर्यादाएं तार-तार हुई हैं। ऐसा लगता है जैसे विधानसभा अध्यक्ष किसी दल विशेष के आधिकारिक प्रवक्ता बन गए हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का उनका कोई नैतिक और संवैधानिक अधिकार नहीं है। अच्छा होता वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना विधायक दल के नेता चुनकर विधानसभा अध्यक्ष को लिखित दे दिया है।

# राज्यपाल ने सरकार को तीसरी बार लौटाया झारखंड वित्त विधेयक-2022

### उल्लेखित बिंदुओं और विवरणों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल रमेश बैस ने गुरुवार को झारखंड विधान सभा से पारित झारखंड वित्त विधेयक-2022 को तीसरी बार राज्य सरकार को लौटा दिया है। साथ ही राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है कि इस विधेयक में उल्लेखित बिंदुओं और विवरणों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की जाए। राज्यपाल ने कहा कि यह भारत के संविधान की अनुसूची सात के तहत राज्य सूची में समाहित है या नहीं, यह देखा जाये। विधेयक में बीमा या अन्य प्रावधानों से संबंधित कोई विवरण संघ सूची या समवर्ती सूची में तो सम्मिलित नहीं है? उल्लेखनीय है कि भारत के संविधान के अनुसूची सात के तहत संघ सूची-एक के क्रम संख्या 47 में बीमा से संबंधित विषय का वर्णन किया गया है। राज्यपाल ने इन बिन्दुओं पर राज्य सरकार को विधि विभाग से मंतव्य प्राप्त कर इस विधेयक को अनुमोदन के लिए भेजने का निर्देश दिया।



### विभिन्न विसंगतियों के कारण पूर्व में दो बार किया जा चुका है वापस

यह विधेयक पूर्व में भी दो बार राज्यपाल के अनुमोदन के लिए आया था। प्रथम बार हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण में रुपान्तरण संबंधी विभिन्न विसंगतियों के कारण इस विधेयक को वापस कर दिया गया। तत्पश्चात यह विधेयक राज्य सरकार द्वारा संशोधित विधेयक को बिना झारखंड विधान सभा से पारित किए ही राज्यपाल की सहमति के लिए प्रेषित कर दिया गया। राज्यपाल ने राज्य सरकार को यह कहते हुए इस विधेयक को फिर वापस किया कि संशोधित विधेयक को झारखंड विधान सभा से पारित करा कर अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रेषित करें।

**नापाक मंसूबा** महाराष्ट्र एटीएस का खुलासा, पुलिस मशीनरी को निशाना बनाना चाहता है फ्रंट

# पीएफआई भारत को बनाना चाहता है इस्लामिक स्टेट

### महाराष्ट्र एटीएस का दावा, इस्लामिक शासन स्थापित करने के लिए पीएफआई को मुस्लिम देशों से मिल रहा फंड

### अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पीएफआई ने महाराष्ट्र में सात स्थानों पर गुप्त बैठकें कीं

**अतुल कृष्ण। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने अपने आरोप पत्र में दावा किया है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) 2047 तक पुलिस मशीनरी को निशाना बनाना चाहता है और भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करना चाहता है। इसके लिए उन्हें कुछ मुस्लिम देशों से फंड मिल रहा था। चार्जशीट में कहा गया है अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, उन्होंने महाराष्ट्र में सात स्थानों पर गुप्त बैठकें कीं। आरोपी भारतीय संविधान की जगह शरिया कानून स्थापित करना चाहते हैं।

आरोपियों ने अंतरराष्ट्रीय फर्मों की मदद से भारत में कानून व्यवस्था की स्थिति को बाधित करने की योजना बनाई। एटीएस ने आरोपियों में से एक मजहर मंसूर खान के सेल फोन से एक पुस्तिका जब्त की, इसमें भयावह साजिश का उल्लेख किया गया था। बुकलेट में कहा गया है कि भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर वे इस्लामिक स्टेट की स्थापना करेंगे। जिस बुकलेट को वे पीएफआई के सदस्यों को बांट रहे थे, उसमें इस बात का जिक्र था कि वे 2047 तक इस्लामिक स्टेट को कैसे हकीकत बनाएंगे। किताब का शीर्षक था- 'इंडिया 2047, टुवार्डस रूल ऑफ इस्लाम इन इंडिया।'



### चार्जशीट में चौंकाने वाले तथ्य, सरकार के खिलाफ रच रहे थे साजिश

**आईएएनएस** के पास उपलब्ध चार्जशीट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले साल एक राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की थी। इस दौरान महाराष्ट्र में पीएफआई से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में एटीएस ने चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें सनसनीखेज दावे किए गए हैं। चार्जशीट से पता चलता है कि पीएफआई के सदस्य राज्य के खिलाफ साजिश रच रहे थे। पीएफआई के सदस्य राज्य सरकार के खिलाफ काम कर रहे थे। पीएफआई के सदस्यों ने चेंबूर, धारावी, कुर्ला, ठाणे, नेरुल, पनवेल और मुंब्रा में गुप्त बैठकें कीं। पीएफआई ने मुस्लिम युवाओं को यह बताकर शामिल करने की योजना बनाई थी कि उनका धर्म (मुस्लिम धर्म) खतरे में है। उन्होंने भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को लामबंद किया और उन्हें अन्य धर्मों के खिलाफ भड़काया। चार्जशीट में कहा गया है कि पीएफआई चाहती है कि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### गंभीरतापूर्वक काम करे राज्य सरकार : संजय सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि मछली पालन और उत्पादन रोजगार का बड़ा जरिया बन चुका है। झारखंड में इसकी अपार संभावनाएं हैं परंतु राज्य सरकार की अदूरदर्शिता के कारण एक तिहाई राशि भी नहीं रिलीज हो पाई। यह राज्य सरकार की नाकामी है। सरकार को चाहिए कि इस दिशा में गंभीरता से योजना बनाकर काम करें, ताकि हमारे राज्य के लोग भी मछली उत्पादन में अग्रणी स्थान बना सके। यहां के लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो सके।

### कामरेड भूतनाथ मंडल का कैंसर से रिम्स में निधन

**सिल्ली।** गुरुवार को रांची जिला किसान सभा सदस्य, सिल्ली अंचल किसान सभा अध्यक्ष सह वरिष्ठ माकपा नेता कामरेड भूतनाथ मंडल का केंसर इलाज के दौरान रिम्स में निधन होने पर शोक की लहर फैल गया।झारखंड राज्य किसान सभा राज्य अध्यक्ष सह माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो ने कहा कामरेड भूतनाथ मंडल का पार्टी एवं किसान सभा के प्रति योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। इस दुःख की घड़ी में पत्नी, बेटों एवं परिजनों के प्रति हम हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। सिल्ली लोकल कमिटी सचिव अमर महली, जिला किसान सभा अध्यक्ष अरूण महतो, सिल्ली अंचल किसान सभा सचिव चितरंजन महतो, किसान नेता संतोष कुम्हार, जितेंगे महतो, किसान सभा एवं समाज के प्रति उनके योगदानको सदा याद रखा जाएगा।

### सताकी में पांच दिवसीय श्री राम कथा , प्रवचन एवं महायज्ञ 21 फरवरी से प्रारंभ

**सिल्ली।** पांच दिवसीय श्रीरामचरित मानस कथा पाठ, प्रवचन एवं महायज्ञ ,सताकी,राहे में 21 फरवरी से प्रारंभ होगा जो 25 फरवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बृहस्पतिवार को बैठक हुई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के विनय महतो धीरज ने बताया कि 25 तारीख को शाम 3 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।26 को पूणार्हुति एवं भंडारा का होगा।कथा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक होगी। प्रतिदिन प्रातःकालीन एवं संध्या कालीन आरती एवं दिन में पाठ होगी।इस कार्यक्रम में बनारस (उत्तरप्रदेश) के कथावाचक पं मनोज मिश्र, पश्चिम बंगाल के पं बुलु ठाकुर,पं रवि ठाकुर,श्री गणेश शंकर विद्यार्थी,पं सपन ठाकुर, भजन गायक मोनु ठाकुर आयेंगे। इनके अलावे पांच परगना क्षेत्र के कथावाचक एवं मानस मंडली को भी आमंत्रित किया गया है।

### विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

**चान्हो।** चान्हो मे कुछ जर्जर व कच्चे रोड जिनके निर्माण का ग्रामीणों की पुरानी मांगे थी, रोड की जर्जर स्थिति होने की वजह से आये दिन कुछ न कुछ घटना होती रहती थी, चुनाव के वक्त विधायक शिल्पी नेहा तिर्की जी ने वादा किया था, कि चुनाव जीतने के बाद आपकी रोड की समस्या को जल्द निदान कर दिया जायेगा , और आज विधायक ने इनकी मांगो को पुरा किया। जैसे- चान्हो के ग्राम मुरतो मे कालीकरण रोड से जितिया जतरा टांड़ तक पी सी सी पथ निर्माण का शिलान्यास। चान्हो के वैयासी पी.एम.जे.एस.वाई रोड से सिसई पथ का शिलान्यास, लगभग 3.5 डे.बलसोकरा में मिडिल स्कूल से बड़ी मस्जिद होते हुए पाहन टोली तक पथ निर्माण का शिलान्यास, लगभग 4.5 किमी। क्षेत्र में जल एक बड़ी समस्या है, हर गांवों में पानी से संबंधित बहुत सारी समस्या सुनने को विधायक को मिलती थी और पानी की समस्या को निदान कराने का प्रयास करती थी और करते आ रही है, आज भी उनसे संबंधित समस्या को दूर करने के लिए जल से संबंधित योजनाओं का शिलान्यास किया।

# एनईएमएल किसानों के हित में कार्य करेगी : मुख्यमंत्री




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में एकीकृत ई-मार्केट प्लेटफॉर्म एनसीडीईएक्स ई-मार्केट्स, एनईएमएल के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक राज्य में कृषि एवं किसानों के कल्याण के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाए जाने तथा किसानों के आय वृद्धि पर केंद्रित रहा। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि यहां के किसानों के आय में वृद्धि करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। झारखंड के किसानों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का उचित मूल्य उन्हें मिल सके इस निमित्त एक बेहतर बाजार प्रबंधन तैयार करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों द्वारा उत्पादित सब्जियों के ऑनलाइन बिक्री हेतु डिजिटल मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनईएमएल पायलट प्रोजेक्ट के तहत जल्द 4 से 5 जगहों का चयन करे तथा बेहतर कार्य योजना बनाकर संबंधित विभाग को रिपोर्ट समर्पित करे। मुख्यमंत्री ने एनईएमएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनईएमएल समय-समय पर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के कर्मियों तथा किसानों को आधुनिक तकनीकों का उपयोग किस प्रकार की जाए, इसका प्रशिक्षण देकर उनका क्षमतावर्द्धन करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वनोपज अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस की खरीद-बिक्री के लिए एनईएमएल सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि० के साथ समन्वय बनाकर एक बेहतर बाजार प्रबंधन की सुविधा यहां के किसानों को उपलब्ध कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके इस निमित्त राज्य सरकार बाजार मैनेजमेंट पर बल दे रही है। इस अवसर पर एनईएमएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मृगांक परांजपे ने मुख्यमंत्री के समक्ष कार्य योजना से संबंधित एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी रखा। मृगांक परांजपे ने कहा कि एनईएमएल झारखंड सरकार के साथ साझेदारी कर राज्य के किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में अपनी भूमिका निभाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर राज्य के लाखों किसानों के जीवन स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने निमित्त हमारी संस्था प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।
इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि० के सीईओ संजीव कुमार, सचिव जयप्रकाश शर्मा, एनईएमएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी मृगांक परांजपे, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट यशवंत सिंह, सहायक मैनेजर रितेश कुमार सहित संबंधित विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिल्ली में दो बार हार चुके सुदेश रामगढ़ में मठाधीश नहीं बन सकते : अनूप

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव का पारा हर दिन चढ़ता ही जा रहा है। ममता देवी के पति बजरंग महतो के पक्ष में चुनावी रणनीति तैयार करने रामगढ़ पहुंचे बेरमो विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में दो बार हार चुके सुदेश महतो रामगढ़ में मठाधीश नहीं बन सकते। अगर उन्हें इतना ही ज्यादा यहां की जनता से लगाव था तो वे अपने मौसा को पिछले विधानसभा चुनाव में जीता देते। अनूप सिंह ने कहा कि सुदेश महतो को वे झारखंड स्तर का नेता नहीं मानते। वे केवल भाषणबाजी करते हैं। अनूप सिंह ने भावनात्मक बातों से रामगढ़ की जनता का दिल जीतने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए आंदोलन करने वाली ममता जेल में है लेकिन उसके प्रति जनता का प्यार कम नहीं है। 27 फरवरी को जब मतदान होगा तो यह एक नया इतिहास बनाएगा। एक साजिश के तहत बहन ममता देवी को फंसाया गया। उसको न्याय देने का काम रामगढ़ की जनता करेगी।
मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा कि आज तक हम सभी पार्टी बेसिस पर वोट देते आए हैं लेकिन रामगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में ममता देवी को न्याय दिलाने के लिए लोगों को वोट करना होगा। ममता देवी के व्यक्तिगत कुर्बानियों को हमें याद रखना होगा। आईपीएल प्लांट में वह ना तो अपने रिश्तेदार के ठेकेदारी के लिए लड़ रही थी और ना ही कोयला सप्लाई के लिए उन्होंने आंदोलन किया था। वहां के गरीबों की हक के लिए ममता देवी ने निस्वार्थ भाव से आंदोलन किया।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ई-कल्याण पोर्टल खोलने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** गुरुवार को झारखण्ड टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय अध्यक्ष नीतीश पटेल के नेतृत्व में राज्य के परिवहन व कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से मिलकर पोस्ट-मैट्रिक (सत्र 2022-23) छात्रवृत्ति हेतु ई-कल्याण पोर्टल खोलने तथा अविलंब छात्रवृत्ति भुगतान करने को लेकर मिला। मोर्चा के महासचिव राजू कुमार ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के गरीब छात्रों को सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति (पोस्ट मैट्रिक) के लिए सत्र 2022-23 का अबतक फॉर्म नही भराया गया है, जबकि अब सत्र खत्म होने को है। ऐसे में छात्रवृत्ति के भरोसे पढ़ने वाले लाखों गरीब छात्रों का भविष्य संकट में है, उनका पठन-पाठन बाधित हो रहा है। मोर्चा ने जल्द ई-पोर्टल खोलने अथवा अविलंब छात्रवृत्ति भुगतान के लिए माननीय मंत्री को मांग पत्र सौंपा है। माननीय मंत्री ने आश्वस्त किया है कि जल्द ई-कल्याण पोर्टल को खोला जाएगा एवं छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों को मिलेगा।मौके पर मोर्चा के मुकेश महतो, भानु भगत, शशि कुमार, भास्कर कुमार, आर्यन, रूपलाल आदि लोग शामिल थे।

# बेड़ो के टेंगरिया में चार जंगली हाथियों ने आलू की फसल रौंदी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत के टेंगरिया गांव में बुधवार की रात लगभग साढ़े दस बजे चार जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के गंदवा उरांव के आलू फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगों में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं गंदवा उरांव ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन व वन विभाग से मुआवजे की गुहार लगाई है। इधर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और जंगली हाथियों से सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बालिका हॉकी की टीम फाइनल में पहुंची

# झारखंड ने उड़ीसा को 3-1 से किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** खेल एवं युवा मामले, भारत सरकार द्वारा 31 जनवरी से 11 फरवरी तक मध्य प्रदेश एवं दिल्ली में आयोजित 5वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के हॉकी मैच में पयर्टन, कला, संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के अधिनस्थ भाग लेते ग्वालियर में आयोजित हॉकी मैच में झारखंड की बालिका हॉकी टीम ने निशा मिंज 1, रजनी केरकेट्टा 1, निक्की कुल्लू 1, गोल की बदौलत 3-1 से उड़ीसा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा,उपनिदेशक खेल साझा देव शंकर दास, चीफ डी मिशन उमेश लोहरा, मुख्य प्रबंधक संतोष कुमार,खेल परामर्शी देवेन्द्र सिंह ने हॉकी बालिका टीम की सदस्यों रजनी केरकेट्टा,प्रमोद्नी लड़का, नीरू कुल्लू, रश्मि होरो, निक्की कुल्लू, अंकिता डुंग डुंग, बिनिमा धान, एडलिन बागे, फुलमनी भेंगरा, सेलेस्टीना होरो, संजना होरो, बालो होरो, निशा मिंज, संगीता, अनुपमा होरो, पूर्णिमा बरवा, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, टीम कोच, मैनेजर -मनोहर टोपनो, प्रतिमा, संतोष कुमार, हिमांशु, आदम होरो को बधाई दी।

## बेड़ो व इटकी में आज से 25 फरवरी तक एमडीए कार्यक्रम

**बेड़ो।** एमडीए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक बेड़ो व इटकी प्रखंड में चलाया जाएगा।कार्यक्रम शुभारंभ शुक्रवार को सीएचसी बेड़ो व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित्रा कुमारी ने बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सुनिश्चित है। इसके सभी वार्ड में दस फरवरी को बूथ पर तथा 11 फरवरी से 25 तक घर-घर जाकर सभी लक्षित जनसंख्या को दवा खिलाया जाना है। इस दौरान दो वर्ष से उपर के आयु के सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा की एक खुराक खिलाया जाना सुनिश्चित है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति एवं गर्भवती महिलाओं को छोड़कर उम्र के हिसाब से डीईसी एवं एलबेंडाजोल की एकल खुराक दवा सभी को खिलाना है।

# उपायुक्त ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में राशि भुगतान की दी स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला में कोविड-19 संक्रमण से मृत व्यक्तियों के परिजनों/अश्रितों को 5 लाख की सहायता अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त सह अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। कोविड-19 संक्रमण से मृत व्यक्तियों के परिजनों/अश्रितों को राज्य आपदा मोचन निधि से प्रत्येक अश्रित को 50 हजार रूपए की दर से कुल 10 मृतकों के आश्रितों को 05 लाख रुपये सहायता अनुदान राशि भुगतान का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। ओरमांझी, सिल्ली, रातू, बड़गाईं, नामकुम एवं शहर अंचल कार्यालय से प्राप्त अभिलेख जांच में त्रुटिमुक्त पाये गये। जिसके बाद कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को अनुग्रह अनुदान सहायता देने हेतु राज्य आपदा मोचन निधि से प्रत्येक आश्रित को 50 हजार रुपये मात्र देने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। सभी 10 आवेदकों का अंचलवार विवरण, जिन्हें अनुदान सहायता राशि दी जायेगी : प्रखंड- ओरमांझी मृतक - स्व० हलीम अंसारी, आवेदक -संजीदा खातून, ग्राम - इरबा, थाना - ओरमांझी। 2. प्रखंड- सिल्ली, मृतक - स्व० रामचरण महतो, आवेदक- गायमानी देवी, ग्राम- तुंकु। 3. प्रखंड- रातू, मृतक- स्व० रामनाथ साहू , आवेदक- उर्मिला देवी, ग्राम- झखराटांड़। 4. प्रखंड - बड़गाईं, मृतक-स्व० बिशम्बर नाथ, आवेदक - सरुपा रानी, ग्राम - रविंद्र नगर, चिरौंदी, मोरहाबादी। 5 प्रखंड-बड़गाईं, मृतक - स्व० ज्ञांती देवी, आवेदक-सुश्री आरती कुमारी, ग्राम-नायक मुहल्ला, गाडीगांव, खेलगांव। 6. प्रखंड- नामकुम, मृतक-दीपक कुमार, आवेदक-संगीता कुमारी, ग्राम- सोलंकी, चित्रगुप्त कॉलोनी, हटिया। 7. प्रखंड- नामकुम, मृतक - स्व० बुध राम, आवेदक - प्रेम आनन्द कुमार, ग्राम - हेसांग, हटिया। 8. प्रखंड-शहर, मृतक- गुलशहर बानो, आवेदक-मो० आकिब, ग्राम- सहवाद गाड़ी खाना चौक, हरमू राशि-- 50,000। 9. प्रखंड - शहर, मृतक- स्व० सुभाष चंद्र घोष, आवेदक- शमीर्ला घोष ग्राम- राधा रानी इन्क्लेव, पीस रोड, लालपुर। 10. प्रखंड- शहर, मृतक- स्व० लोकनाथ गुप्ता, आवेदक- मंजू गुप्ता, ग्राम-संपत्ति अपार्टमेंट, नियर बांग्लामुखी मंदिर, लोअर बाजार।

# रातू रोड दुर्गा मंदिर परिसर से बाइक की चोरी

**बेड़ो।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर के परिसर से गुरुवार की रात को लगभग आठ बजे ग्राम बेड़ो वर्तमान पता देवी मंडप रोड पिस्का मोड़ रांची निवासी संदीप कुमार गुप्ता की ब्लू रंग की अपाची बाइक नं जेएच 01 इआर 0964 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना के संबंध में संदीप ने बताया कि अपने एक दोस्त के साथ बाइक में सवार होकर दुर्गा मंदिर गया हुआ था और बाइक मंदिर परिसर में खड़ा कर मंदिर चला गया,जब मंदिर से आया तो देखा कि जहां पर वह बाइक खड़ा किया था। बाइक वहां नहीं है। संदीप ने अपने अस्तर से अगल-बगल बाइक का पता किया पर बाइक का कोई पता नहीं चला।जिसके बाद उसे पता चला कि उसकी बाइक को चोरों ने चोरी कर ली। वहीं संदीप ने सुखदेव नगर थाना में बाइक चोरी होने को लेकर लिखित आवेदन दिया है।

# मछली पालन से एक साल में 34 लाख को मिला रोजगार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। मत्स्य पालन विभाग के द्वारा वर्ष 2024-25 तक प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत देश भर में लगभग 55 लाख लोगों को रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य लिया गया है। इसके लिए 20050 करोड रुपए की अनुमानित राशि के निवेश पर भी कार्य किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने लोकसभा में दी। बजट सत्र के दौरान सांसद संजय सेठ ने सरकार से यह सवाल पूछा था कि मत्स्य पालन में स्वरोजगार की क्या स्थिति है? झारखंड में मछली उत्पादन की क्या स्थिति है? और इसके लिए राज्यों को कितनी राशि आवंटित की गई है? इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2021-22 के दौरान झारखंड में 2.57 टन मछली का उत्पादन किया गया। वही इसी वर्ष में देश में 162.48 टन मछली का उत्पादन हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मछली उत्पादन के माध्यम से लगभग 34 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मछली उत्पादन को बढ़ावा मिल सके, इसकी मार्केटिंग बेहतर हो, इसका इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़िया तैयार हो, श्रमिकों को उनका बेहतर मेहनताना मिले, इसके साथ ही मछुआरों और अन्य हित धारकों की आय में वृद्धि हो, इसके लिए भारत सरकार हमेशा से गंभीर रही है। मछली उत्पादन और रोजगार के क्षेत्र में पीएमएवाई के तहत सरकार के द्वारा बड़ी मात्रा में राशि निर्गत की गई है। देश के राज्यों को मछली उत्पादन और पालन के लिए राशि निर्गत हुई है। उसमें सबसे अधिक राशि आंध्र प्रदेश को दी गई है। आंध्र प्रदेश को 212108 लाख रुपए की लागत की परियोजना मिली है। जिसमें 54488 लाख रूपए केंद्र का अंश है।

**निर्देश** — उपायुक्त ने महाशिवरात्रि के सफल संचालन को लेकर की बैठक

# तैयारी को लेकर दिये दिशा-निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आगामी 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि त्योहार के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची श्री दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) श्री राजेश्वर नाथ आलोक, प्रभारी आरक्षी अधीक्षक, नगर, रांची श्री नौशाद आलम अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मंदिर में पूजा प्रारंभ होने, सरकारी पूजा शुरू एवं समाप्त होने, भक्तों के लिए मंदिर खोलने के समय, भक्तों के मंदिर में प्रवेश एवं निकास, साज-सज्जा, सामान्य बिजली से संबंधित कार्य सहित त्योहार के दृष्टिकोण से किए जाने वाले कार्यों को लेकर मंदिर समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। साथ ही मंदिर विकास समिति के सदस्यों के सुझाव भी लिये गये। प्राप्त सुझावों पर उपायुक्त ने बैठक में ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों के साथ शहर के प्रमुख इलाकों में शिव बारात के अंतर्गत निकाले जाने वाली झांकियों और इससे संबंधित तैयारी को लेकर भी चर्चा की गयी। शिव बारात के अपने गंतव्य स्थान से निकलने को लेकर आवश्यक तैयारी, मंच निर्माण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी को अंतिम रुप दिया गया। महाशिवरात्रि में शिव बारात का रूट पिछले वर्ष की तरह ही रहेगा। यह गाड़ीखाना चौक होते हुए कोर्टसराय रोड, जेजे रोड, अपर बाजार, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, महावीर चौक होते हुए पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगा, जहां विवाह संपन्न होगा। इस पूरे रुट पर साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि कोविड-19 से पहले जिस तरह बड़े स्वरूप में महाशिवरात्रि का आयोजन होता था, उसी स्वरूप में कार्यक्रम का आयोजन कराने के लिए आवश्यक कदम जिला प्रशासन द्वारा उठाया जा रहा है। उम्मीद है कि सफलतापूर्वक अच्छे माहौल में त्योहर संपन्न होगा।

# बाबा बनखंडी धाम में दो दिवसीय शिवरात्रि मेला का शुभारंभ

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध पबीरा पहाड़ स्थित बाबा वनखंडी धाम में 18 एवं 19 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर लगने वाले दो दिवसीय शिवरात्रि मेला की तैयारियां मेला आयोजन समिति तथा स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा संयुक्त रूप से शुरू कर दी गई है । इसे लेकर गुरुवार को बाबा बनखंडी धाम समिति के अध्यक्ष सोमरा मुंडा, उपाध्यक्ष राज किशोर मुंडा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में महिला और पुरुषों ने बाबा बनखंडी धाम स्थित शिव परिसर एवं मेला परिसर की साफ सफाई किया गया। साथ ही मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो जिसे लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने समेत कई बातों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पबीरा गांव से होकर बाबा बनखंडी धाम तक सड़क निर्माण की मांग दोहराई गई।

## वार्षिक उत्सव का हुआ आगाज

# छात्रों को हमने परिस्थितियों में ढलने का हुनर सिखाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांचीके कैंपस में दो-दिवसीय वार्षिक उत्सव 'पनाश 2023' 9 फरवरी, गुरुवार को शुरू हुआ। इस दो-दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों और कॉलेजों के बीच प्रतिस्पर्धा, अंताक्षरी और लाइव संगीत की प्रतियोगिता होगी। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने महोत्सव का उद्घाटन किया और कहा कि हमने समय और परिस्थितियों में ढलने का वो हुनर सिखाया है, जो हर पेशेवर के लिए आवश्यक है, जिसे हमने अपने साथ-साथ अपने छात्रों में भी विकसित करने की कोशिश की है। मैं कैंपस में इन दो दिनों में अनेक प्रतियोगिताओं और कल्चरल कार्यक्रमों का संगम देखना चाहता हूँ, जिसका छात्र न सिर्फ से आनंद ले अपितु कुछ सीखें भी। पहले दिन की कार्यक्रमों की शुरूआत रनाथन से हुई, जो एक्सआईएसएस कैंपस से शुरू हुई और कांटाटोली चौक पर खत्म हुई, जिसमें आकाश मुंडा विजेता रहे, वहीं दूसरा स्थान अभिषेक गादी, दोनों झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय से ने जीता और एक्सआईएसएस के अंकित कुमार भारद्वाज ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री से एनसीसी के महानिदेशक ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जीपी सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान एडीजी एनसीसी बिहार-झारखंड मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज उपस्थित थे।

### आदिवासियों के हक को लेकर क्रमबद्ध आंदोलन होगा : सालखन मुर्मू



**रांची।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने झारखण्ड के आदिवासियों के अधिकारों के लिए व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। श्री मुर्मू ने गुरुवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखण्ड बने बाइस वर्ष हो गए लेकिन, इस प्रदेश के आदिवासियों को उनका अधिकार नहीं मिला है । श्री मुर्मू ने कहा कि राज्य में एक बेहतर स्थानीय और नियोजन नीति के लिए सभी दलों को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि राज्य के आदिवासियों के हक की बातों को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान क्रमबद्ध आंदोलन करेगी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने टिस्को को किया नोटिस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को पश्चिम सिंहभूम के नोआमुंडी इलाके के ग्रामीणों की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने टिस्को को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह के बाद होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पैरवी की। सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया नोआमुंडी में बिना भूमि अधिग्रहण के पहले तो जैतगढ़-नोआमुंडी सड़क बना दिया गया। इसके बाद सड़क के किनारे बिना जमीन अधिग्रहण के टिस्को के माइंस के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है।

### बीएससी योगिक साइंस का परीक्षा फॉर्म 13 फरवरी तक होगा जमा

**रांची।** आरयू में बीएससी योगिक साइंस सेकेंड (सेशन 2020-23 ) और थर्ड सेमेस्टर (सेशन 2021-24 ) का एग्जाम फार्म जमा करने की तिथि घोषित कर दी गई है। 13 फरवरी तक ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में फॉर्म जमा होगा। वहीं चार सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ 15 फरवरी तक जमा होगा। अमानत कोर्स (सेशन 2021-22 ) का एग्जाम फॉर्म जमा करने की तिथि घोषित कर दी गई। 10 फरवरी तक ऑफलाइन मोड में फॉर्म जमा होगा।

---

### नगर आयुक्त शशि रंजन ने राजधानी में जी-20 की बैठक को लेकर कर्मियों को तैयार रहने का दिया निर्देश

# दो हफ्ते के अंदर रांची को करें चकाचक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में मार्च के पहले सप्ताह में जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। इसमें नामी-गिरामी हस्तियां रांची आयेंगी। इसको लेकर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी लगातार बैठकें कर अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम ने साफ-सफाई को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नगर उपायुक्त शशि रंजन ने आने वाले 15 दिन के अंदर शहर को चकाचक करने का फरमान जारी किया है। साथ ही इसमें कोई लापरवाही ना करने का दिशा-निर्देश भी दिया है। नगर आयुक्त शशि रंजन ने कहा है कि सभी प्रतिनिधियों की सुरक्षा में लापरवाही ना हो और सड़क मार्ग पर भी किसी प्रकार की कोई गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। बताया जाता है कि समिट में आए अतिथि दो हजार जवानों के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। नगर निगम पूरे शहर का कायाकल्प करने में जुटा है। एयरपोर्ट से बिरसा चौक होते हुए होटल रेडिसन ब्लू जाने वाले रास्ते चकाचक होंगे। जी-20 के अधिकारी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक होते हुए बिरसा चौक होते हुए सीधा होटल रेडिसन ब्लू पहुंचेंगे। इस रास्ते के डिवाइडर का रंग रोगन किया जा रहा है। रास्ते में पड़ने वाली दीवारों को भी खूबसूरत पेंटिंग से रंगा जा रहा है। साथ ही बिजली के तार दुरुस्त होंगे। अरगोड़ा चौक- हिंदुस्तानी ढाबा के पास वर्टिकल गार्डन बनेगा। एयरपोर्ट से बिरसा चौक तक एयरपोर्ट की बाउंड्री पर झारखंड की कला संस्कृति को पेंटिंग से दिखाया जायेगा। चौक-चौराहे पर भी सौंदर्यीकरण किया जायेगा। एयरपोर्ट से हिनू चौक तक रोड के किनारे झाड़ी है और बिजली के तार लटके हैं। उसे हटाने के लिए भी कहा गया है। इस रास्ते में कोई भी वाहन और रोड पर दुकान लगाने पर अच्छा खासा जुमार्ना वसूला जायेगा। डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। इसके लिए विशेष रणनीति बनायी जा रही है। उन्होंने अगले 20 दिनों के अंदर पूरे शहर का कायाकल्प करने का निर्देश जारी किया है।

### मार्च में लगेगा विदेशी मेहमानों का राजधानी में जमावड़ा

**रांची।** मार्च महीने में होने वाले जी-20 देशों की बैठक को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से सतर्क हो चुकी है , देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के स्वागत और सुरक्षा को लेकर तैयारियां जोरों शोर से चल रही है। रांची पुलिस के पैसे अफसर जो बेहतर अंग्रेजी की जानकारी रखते हैं और शारीरिक रूप से भी बेहद फिट हैं उन्हें विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए तैयार किया जा रहा है। जी-20 देशों के होने वाले कार्यक्रम को लेकर क्या-क्या तैयारियां हैं पुलिस किस तरह से विदेशी मेहमानों के स्वागत को लेकर अपनी तैयारी कर रही है। युद्ध स्तर पर तैयारी जारी : विश्व के विकासशील और विकसित देशों के संगठन जी-20 की कुछ महत्वपूर्ण बैठके अगले महीने झारखंड की राजधानी रांची में होनी है, इस बैठक को लेकर पुलिस अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी हुई है। रांची आने वाले देश विदेश के मेहमानों के स्वागत में कोई कमी ना हो इसके लिए हर संभव तैयारी की जा रही है। झारखंड आर्म्ड फोर्स वन परिसर में बकायदा तैयारियों को लेकर पुलिस अफसरों को ट्रेंड भी किया जा रहा है। पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित कार्यशाला में विदेशी मेहमानों से कैसे पेश आना है ,उनकी बातों को समझ कर कैसे तुरंत एक्टिव होना है ,उनकी सुरक्षा को लेकर क्या-क्या एहतियात बरतना है ,इन सभी बातो को लेकर ट्रेनिंग लगातार दी जा रही है। ट्रेनिंग सेशन में एडीजी अभियान ,डीआईजी रांची, एसएसपी रांची सहित कई अधिकारी भाग ले रहे हैं।

### अंग्रेजी भाषा के जानकार अफसरों को मिला है मौका

**रांची।** रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि क्योंकि जी -20 सबमिट में बड़े पैमाने पर विदेशी मेहमान भी आएंगे। ऐसे में उनके साथ भाषा को लेकर कोई कठिनाई ना हो ,इसलिए रांची पुलिस के वैसे अफसर जो अंग्रेजी बोलने और समझने में बेहतर हैं उन्हें भी मेहमानों की सुरक्षा और स्वागत के लिए तैयार किया है। मार्च में होगी बैठक : दुनिया के विकासशील और विकसित देशों का संगठन जी-20 की बैठक मार्च के पहले सफ्ताह में होना है। बैठक के लिए दरभंगा हाउस स्थित कोल इंडिया के कांफ्रेंस हॉल को चुना गया है। बैठक में जी-20 देशों के करीब 540 प्रतिनिधि भाग लेंगे।इन प्रतिनिधियों को उनके सुरक्षा ग्रेड के अनुसार सुरक्षा उपलब्ध करायी जायेगी।पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी मेहमानों की सुरक्षा श्रेणी हासिल की जा रही है ताकि उन्हें उसी अनुरूप सुरक्षा उपलब्ध करवाई जा सके, मसलन अगर किसी को जेड या जेड प्लस स्तर की सुरक्षा पहले से मिली हुई है, तो उन्हें यहां पर भी उसी तरह की सुरक्षा मिलेगी।

### लापरवाही की जरा भी गुंजाईश नहीं, पुलिस छावनी में तब्दील होगी रांची

**रांची।** जी- किशोर कौशल ,एसएसपी ,रांची ने कहा कि 20 देशो की बैठक के दौरान पूरी रांची पुलिस छावनी में तब्दील रहेगी समारोह स्थल से लेकर जिन होटलों में मेहमान करेंगे उसकी सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया गया है।रांची एसएसपी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी तादाद में पुलिस बलों की तैनाती की जायेगी,वहीं जिन होटलों या स्थानों पर जी-20 देशों के प्रतिनिधि रुकेंगे, वहां पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएंगे। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी पुलिसकर्मियों को लगातार ब्रीफ किया जा रहा है। रांची एसएसपी के अनुसार जी 20 देशों के प्रतिनिधियों की बैठक रांची में होना रांची के लिए एक बड़ा सम्मान है ऐसे में देश-विदेश से आने वाले मेहमानों की सुरक्षा और स्वागत के लिए रांची पुलिस पूरी तरह से तैयार है।

---

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट झारखंड मिल्क फेडरेशन (मेधा डेयरी) में हुआ है। इनमें से चार लोगों का प्लेसमेंट पशु चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में तथा 2 लोगों का चारा पदाधिकारी के पद पर हुआ है। उन्हें प्रारंभिक एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के दौरान 45 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। प्रशिक्षण अवधि पूरी होने पर वे झारखंड सरकार के राजपत्रित पदाधिकारी का वेतनमान एवं सुविधाएं प्राप्त करने के पात्र होंगे। पशु चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर चयनित विद्यार्थियों के नाम हैं डॉ अनल बोस, डॉ पल्लबी घोष, डॉ कविश अहसन तथा डॉ प्रकाश कुमार। कृषि स्नातक सौरभ नंद तिवारी एवं शिव जायसवाल का प्लेसमेंट चारा पदाधिकारी के पद पर हुआ है। प्लेसमेंट के लिए कृषि एवं पशु चिकित्सा संकाय के कुल 40 वर्ष स्नातकों ने अपना सीवी जमा किया था, जिसके आधार पर 17 विद्यार्थियों का साक्षात्कार 31 जनवरी को हुआ और अंतिम रूप से 6 लोगों को चयनित किया गया। पशु चिकित्सा संकाय के प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार तथा कृषि संकाय के प्लेसमेंट रिचार्ज डॉ हेमचंद्र लाल ने छात्र-छात्राओं को चयन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह, पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद तथा निदेशक छात्र कल्याण डॉ डीके शाही ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अवैध शराब की ट्रांसपोर्टिंग पर अब पुलिस की रहेगी नजर

**रांची।** रांची में अवैध शराब की ट्रांसपोर्टिंग पर पुलिस अब 24 घंटे नजर रखेगी। इसको लेकर जिले के सीमा क्षेत्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर जिले के पांच सीमा क्षेत्रों पर 1/9 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये पुलिस के जवान मुख्य सड़कों से होकर गुजरने वाले ट्रक और टैंकर पर 24 घंटे निगरानी रखेंगे। एसएसपी ने चान्हो, तमाड़, ओरमांझी, तुपुदाना और बेड़ो थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट पर पुलिस अधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने के लिए रोस्टर तैयार करेंगे। साथ ही प्रत्येक दिन अथवा निर्धारित समय के लिए अपने थाना से पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करेंगे। इसमें रांची झ हजारीबाग रोड : ओरमांझी, रांची झ डाल्टेनगंज रोड : चान्हो, रांची झ बहरागोड़ा रोड : तमाड़, बेड़ो झ गुमला रोड : बेड़ो शामिल हैं।

## टेक्निकल छात्र संघ ने विशेष परीक्षा करवाने को लेकर अभार जताया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टेक्निकल छात्र संघ के बैनर तले रांची विश्वविद्यालय में अभिषेक बनर्जी ने कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, प्रति कुलपति अरुण कुमार सिन्हा, कुलसचिव एम.सी. मेहता और परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा का लड्डू खिला कर आभार किया और बीटेक के पंजीकरण समाप्त हुआ छात्र के भविष्य के बारे में सोचने के लिए और विशेष परीक्षा करवाने के लिए धन्यवाद किया इस मौके पर आरटीसी सीआईटी और नीलाई कॉलेज के कुछ छात्र मौजूद थे। श्री बनर्जी ने कहा की परीक्षा 1,3,5 और 7 सेमेस्टर के बाद 2,4,6 और 8 भी लिया जाए । छात्र के लिए एक जानकारी दी जो भी 2 के 14 बैच और 2 के 15 बैच से है वह लोग फाइनल सेमेस्टर का परीक्षा दिए हैं वही ये विशेष परीक्षा दे सकते हैंजो छात्र 8वें सेमेस्टर का परीक्षा नही दिया है वह ये परीक्षा को नही दे पाएगा यही नियम और शर्त के साथ परीक्षा होगा।

## ईडी ने हासिल की जमीन के कागजात




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में सेना की जमीन की खरीद के मामले में ईडी की जांच तेजी से चल रही है।ईडी ने करमटोली और सिरमटोली में सेना की अधिग्रहित जमीन की बिक्री से जुड़े मामले में सेना से कागजात हासिल किए हैं। ईडी ने सेना को पत्र लिखकर दोनों ही जमीनों के अधिग्रहण, उसके लीज समेत अन्य कागजातों की मांग की थी। सेना ने ईडी के पत्र का जवाब देते हुए रांची में दोनों ही जगहों पर अधिग्रहित जमीन से जुड़े सारे दस्तावेज सौंप दिए हैं। दोनों ही जगहों पर जमीन की खरीद करने वाले, रजिस्ट्री करने वाले व्यक्ति, सरकारी पदाधिकारी जिनकी भूमिका रजिस्ट्री, म्यूटेशन में हैं वह ईडी के रडार पर हैं। सेना जमीन खरीद में फजीर्वाडा के मामले में ईडी मनी लाउंड्रिंग के पहलूओं पर जांच कर रही है। सेना से मिले दस्तावेजों के मुताबिक, जमीन की खरीद बिक्री में बड़ी गड़बड़ी की पुष्टि हुई है।

**जिला प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल :** रांची में सेना की जमीन की रजिस्ट्री के मामले में रांची जिला प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ईडी ने अबतक इस मामले में तत्कालीन डिप्टी रजिस्टार वैभव मनि त्रिपाठी, घासीराम पिंगुआ से पूछताछ की है। वहीं साल 2018 में सिरमटोली में सेना जमीन की खरीद के मामले में भी तत्कालीन डिप्टी रजिस्टार, सीओ ईडी की रडार पर आ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक सेना ने इस मामले में जिला प्रशासन से भी पूर्व में पत्राचार किया था।

## हाईकोर्ट पहुंचा युवक की मौत का मामला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में गॉलब्लेडर के ऑपरेशन के बाद 30 वर्षीय युवक की हालत बिगड़ने पर मौत मामले में हत्या की एफआईआर को निरस्त करने को लेकर स्टैनफोर्ड अस्पताल, देवघर के डॉक्टर प्रशांत कुमार गुप्ता की याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 फरवरी निर्धारित की। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि युवक सुदीप कुमार सिंह की मौत का मामला ना तो मर्डर का है और नहीं मेडिकल नेगलिजेंस का है। इसलिए इसे लेकर दर्ज हत्या की प्राथमिकी को निरस्त किया जाए। मामले के सूचक मृतक के पिता कल्याण कुमार सिंह की ओर से कहा गया कि यह सुदीप कुमार की हत्या का मामला है। डॉ. प्रशांत कुमार गुप्ता ने उसके बेटे का गॉलब्लेडर का ऑपरेशन किया था। आनन-फानन में हालत बिगड़ने पर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया था। रिम्स जाते समय रास्ते में ही सुदीप कुमार सिंह की मृत्यु हो गई थी। यह मामला 7 जून, 2021 का है। सूचक की ओर से यह भी कहा गया अस्पताल के लोगों ने मृतक सुदीप के सारे दस्तावेज गायब भी करा दिया। मामले को लेकर देवघर टाउन थाना में कांड संख्या 294/2021 दर्ज किया गया है। पूर्व में कोर्ट ने डॉ. प्रशांत कुमार के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है।

### अमित और राजीव ने ईडी कोर्ट से मांगा समय

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को पीआईएल मैनेज करने के एवज में कैश लेने के मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान इस केस से जुड़े दोनों आरोपित व्यवसायी अमित अग्रवाल और झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने अदालत से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। व्यवसायी अमित अग्रवाल की तरफ से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने अदालत में पक्ष रखा। अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से रांची सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शंभु अग्रवाल ने पक्ष रखा।

---

### छापेमारी | अवैध कॉस्मेटिक और दवा बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ धरना

## कंपनी पर नहीं हुई कार्रवाई तो होगा आन्दोलन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ड्रग कंट्रोल टीम की ओर से दूसरे दिन मंगलवार को भी रामगढ़ सहित रांची के रातू चट्टी और पीपी कंपाउंड, हिंदपीढ़ी के नाला क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी में भारी मात्रा में दवाएं व एक ट्रक नकली सौंदर्य प्रसाधन के सामान जब्त किए गए। इसमें मूलतानी मिट्टी, हैंडवाश से लेकर फेस पैक तक शामिल हैं। वहीं इस छापेमारी के बाद अब लोगों में अवैध रूप से कॉस्मेटिक और नकली दवा बनाने वाले कंपनियों के खिलाफ आक्रोश देखने को मिल रहा है, स्वर्णरेखा जीनोउद्धार समिति के अध्यक्ष मक्खन पाठक ने कहा कि अवैध रूप से कॉस्मेटिक और दबाव बनाने वाली कंपनी लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही हैं। औषधीय निदेशालय के नेतृत्व पर रांची में बड़े पैमाने पर छापेमारी कर इसका खुलासा हुआ है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि अब तक किसी भी कंपनी पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई है। स्वर्णरेखा जीनोउद्धार समिति के अध्यक्ष मक्खन पाठक ने कहा कि अवैध कॉस्मेटिक और दवा बनाने वाला वाले कंपनी के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं होती तब तक हम इसका विरोध करेंगे। शुक्रवार को स्वर्णरेखा नदी के तट पर मौजूद 21वीं महादेव मंदिर परिसर में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। यह आम लोगों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मामला है जिस पर औषधि निदेशालय कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

**ये सामान किए गए जब्त :** सफेद और काले डिसइंफैक्टेंट और टॉयलेट क्लीनर, नेलपॉलिश, फिनाइल की बड़ी संख्या में खाली बोतल और जार, हैंडवॉश, कलरेंट परफ्यूम और प्योर ग्लीसरिन, लेबल स्टीकर, भारी मात्रा में रॉ मैटेरियल, मैनुअल सीलिंग, पंचिंग मशीन और कैश मेमो हैं।

इन कंपनियों में मिला है अवैध कॉस्मेटिका दवा : जियोन यहोदा फार्म इंडस्ट्रीज लोअर चुटिया, प्रगति उद्योग बीआईटी मेसरा, शुभम सास्वत मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड हरमू हाउसिंग कॉलोनी, किरण केमिकल प्रोडक्टस एंड किरण इंटरप्राइजेज अप्पर बाजार, मीना केमिकल्स संत नगर झिरी, रातू शामिल हैं।

### किसी के पास नहीं था लाइसेंस, दर्ज किया जाएगा केस

औषधि निदेशक ने बताया कि छापेमारी के दौरान किसी के पास मैन्युफैक्चरिंग का लाइसेंस नहीं मिला। छापेमारी में हाइड्रोक्लोरिक एसिड जैसे सामान भी जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल से कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाए जा रहे थे। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हैं। जल्द ही सभी पर केस दर्ज किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मानवाधिकार आयोग ने जेल में कैदी की मौत पर डीसी से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** खेलगांव थाना स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद विचाराधीन कैदी बाबू जन सिंह की मौत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मानवाधिकार आयोग ने मामले में रांची डीसी से जांच रिपोर्ट मांगी है। आयोग द्वारा रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद रांची डीसी ने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को पत्र लिखकर आग्रह किया है। इसमें कैदी बाबू जन सिंह की मौत की न्यायिक दंडाधिकारी से जांच करवाने की मांग की गई है। साथ ही जांच रिपोर्ट एक मार्च से पहले देने की बात भी कही गयी है, जिससे मानवाधिकार आयोग के समक्ष रिपोर्ट पेश की जा सके। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी की न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी।

## खादी और पीएमईजीपी महोत्सव का आयोजन मोरहाबादी में आज से



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि 10 फरवरी से 20 फरवरी तक आंचलिक खादी और पीएमईजीपी महोत्सव का आयोजन मोरहाबादी मैदान में किया जायेगा। इसका उद्घाटन 11 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे किया जायेगा। वे गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में पूरे भारतवर्ष से बेहतर उत्पाद मिलेंगे। महोत्सव में झारखंड, बिहार, उड़ीसा ,पश्चिम बंगाल ,जम्मू कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, देहरादून, भदोही, बनारस, मुम्बई, नागपुर सहित अन्य स्थानों से खादी एवं पीएमईजीपी की विभिन्न इकाइयां इस महोत्सव में आएंगी। इससे यहां के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न उत्पादों को खरीदने एवं परखने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में खादी और पीएमईजीपी सहित कुल 150 स्टॉल हैं। सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के स्टॉल, नाबार्ड, झारकाफ्ट, एमएसएमई, डीएफओ, यूआईडी, वोटर आईडी कार्ड बैंको का चलित एटीएम के स्टॉल लगाये जायेंगे। इसके अलावा महात्मा गांधी के जीवन चरित्र पर आधारित थीम पैवेलियन, युवाओं की ओर से मनपसंद स्नैप लेने के लिए सेल्फी प्वाइंट, बच्चों -युवाओं को जागरुक करने को लेकर खादी एवं ग्रामोद्योग के तहत बनने वाले उत्पादों का लाइव डिमान्स्ट्रेशन, फूड स्टॉल, लोगों के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्कूल के विद्यार्थी और युवाओं को खादी के साथ जोड़ने, स्वदेशी उत्पादों से जोड़ने, उसके प्रति आकर्षित करने के लिए कई तरह की प्रतियोगिता कराना शामिल है।

# रामगढ़ के अभाव का नेतृत्व करेंगे चूल्हा प्रमुख : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हमारे चूल्हा प्रमुख पार्टी के सबसे मूल्यवान कार्यकर्ता हैं। जनता के सुख दुख के असली साझीदार भी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हर घर, हर परिवार की सेवा के लिए ही चूल्हा प्रमुखों का चयन करते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। गुरूवार, 9 फरवरी को रामगढ़ के गोला स्थित सीपीसी कॉलेज के मैदान में आयोजित चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही। इसके साथ ही गांव-गांव से जुटे हजारों चूल्हा प्रमुखों को कर्तव्य, निष्ठा और जनसेवा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि चूल्हा प्रमुखों का सम्मेलन आम अवाम के सुख दुख में साथ खड़ा रहने का संकल्प है। चूल्हा प्रमुख हर घर परिवार के हक अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेंगे।





### तीन साल से रामगढ़ नेतृत्व विहीन

उन्होंने कहा कि तीन साल से रामगढ़ नेतृत्व विहीन है। 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव में जीत दर्ज कर एनडीए की उम्मीदवार सुनिता चौधरी रामगढ़ की खोयी गरिमा वापस दिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता की सेवा ली है। कांग्रेस को आम आदमी के राशन की नहीं अपनी चिंता रही है। जबकि आजसू जनता की सेवा करती रही है। आजसू के नेतृत्व में ही रामगढ़ का परिचय बदला, लेकिन कांग्रेस ने उस परिचय को तीन साल में ही चौपट करके रख दिया। हमने विकास का जो मुकुट सजाया था, उसे कांग्रेस ने नोंच ली।

### हेमंत सोरेन सरकार में चौतरफा अराजकता

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में चारों तरफ अराजकता है। बिना घूस के कोई काम नहीं होता। युवा बेरोजगार बैठे हैं और मुख्यमंत्री जोहार यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस और झामुमो ने अल्पसंख्यकों को मानसिक रूप से गिरवी बना दिया है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल माफी की बात करनेवाली सरकार गरीबों का कनेक्शन काट रही । सोरेन परिवार कभी नहीं चाहता था कि अलग राज्य बने। इनका मकसद विषय को जिंदा रखकर राजनीति करने का है। अगर इन्होंने ईमानदार प्रयास किया होता तो 1993 में ही अलग राज्य का गठन हो गया होता। हेमंत सोरेन की यही मानसिकता स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति को लेकर है।

## पलामू में जंगली जानवरों से हो रही जान-माल का मामला संसद में उठा




**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जंगली जानवरों के आतंक से हो रही जान-माल की क्षति का मामला उठाया। इस संबंध में सांसद बीडी राम ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि वे इस को उठाते हुए संसद में कहा कि पलामू और गढ़वा जिला में आजकल जंगली जानवरों का आतंक इस कदर बढ़ा हुआ है कि लोग अपना घर द्वार छोड़कर एक जगह एकत्रित होकर रात गुजारने के लिए विवश हो गए हैं। गढ़वा जिला के रंका, रमकंडा, चिनियां, भंडरिया एवं बड़बड़ प्रखंड में और पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड में तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। तेंदुए द्वारा अब तक दो लोगों को मौत के घाट उतारा जा चुका है और एक व्यक्ति तथा एक बच्चा अस्पताल में इलाजरत है। वन विभाग के द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है तेंदुए को पकड़ने के लिए महाराष्ट्र से एक शिकारी को भी बुलाकर इस कार्य में लगाया गया है।

### इक्फाई विवि. को सीएसआर में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए मिला पुरस्कार

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड को राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद, भारत सरकार के तहत, एमईपीएससी (प्रबंधन और उद्यमिता और व्यावसायिक कौशल परिषद) के सहयोग से महाबोधि कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा आयोजित इंडियन सीएसआर कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स 2022 में ₹सामाजिक आउटरीच ग्रामीण विकास के लिए एक अकादमिक संस्थान द्वारा सीएसआर में सर्वश्रेष्ठ योगदान₹ के लिए पुरस्कार मिला। डॉ मनीष मिश्रा, समूह प्रमुख, रणनीति, एनएसडीसी मुख्य अतिथि थे और सुश्री अनीता चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) और डॉ ओ पी गोयल, सीईओ, एनएसडीसी के सलाहकार और संचालन समिति के सदस्य, प्रधान मंत्री कौशल कार्यक्रम में विकास योजना विशिष्ट अतिथि थे। जूरी द्वारा इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड को ग्रामीण विकास में सर्वश्रेष्ठ सीएसआर कार्यान्वयन के लिए, ग्रामीण युवाओं को कुशल बनाने पर विशेष ध्यान देने के साथ झारखंड राज्य में इसकी सीएसआर पहलों की स्थिरता, विस्तार और प्रभाव जैसे कारकों पर विचार करते हुए यह पुरस्कार दिया गया।

## मधुमक्खी पालन के लिए जरूरी सामग्री का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**

झारखंड ट्राइबल डेवलपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा जामताड़ा ब्लॉक के गोवाकोला व चंद्रदीपा गांव के कुल 36 लाभुकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम जो कि चंद्रदीपा ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी लाभुकों को प्रमाण पत्र का वितरण कराया गया था । प्रशिक्षण के पश्चात दिनांक 09/02/2023 दिन बृहस्पतिवार को जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी द्वारा जामताड़ा प्रखंड के 22 लाभुकों को इटालियन,मधुमक्खी बाक्स, मधु निष्कासन यंत्र, नकाब, ग्लव्स, क्वीन केज, फीडर, चाकू इत्यादि जो एक अच्छे मधुमक्खी पालक के आवश्यक सामग्री है , उसका वितरण किया गया। सामग्री वितरण के पश्चात प्रशिक्षकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे मधुमक्खी का रखरखाव, मधुमक्खी बाक्स के स्थानांतरण के समय विभिन्न सावधानियां व अन्य विभिन्न तथ्य जो पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण में बताया गया था उसका पुनर्विलोकन मुख्य प्रशिक्षण लावेश कुमार व चंद्रेस्वर ओझा द्वारा कराया गया। झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा मधुमक्खी सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षकों व प्रशिक्षणार्थियों के आलावा जे टी डी एस की जिला परियोजना प्रबंधक सचितानंद तथा भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सचिव चंद्रदेव सिंह, प्रोजेक्ट प्रबंधक संजय सिंह, प्रखंड समन्वयक हरेंद्र मरांडी, मेरी सोरेन व विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 20 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट

**हजारीबाग।** वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को प्रादेशिक वन क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में लगभग 20 एकड़ तैयार पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया। चौपारण मुख्यालय के बिगहा जंगल, डोमाडांडी एवं करंजुवा जंगल में यह अभियान चलाया गया। रेंजर कमलेश सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसमें संलिप्त सभी व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। पूरी तरह से जंगलों से पोस्ते की फसल को नष्ट कर माफियाओं को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा।

### पांच वाहनों की टक्कर में एक खलासी गंभीर

**हजारीबाग।** झारखंड-बिहार के सीमावर्ती चौपारण चोरदाहा के दनुआ घाटी का जानलेवा घुमाव एक बार फिर काफी घातक सिद्ध हुआ। गुरुवार दोपहर घाटी में एक एक कर पांच वाहन आपस में टकराते गए। वाहनों को भारी क्षति हुई। इसमें एक खलासी को चोट लगी है। घाटी में सबसे पहले कोयला लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इसके बाद पीछे से तेज गति से आने वाले वाहन टकराते चले गए। ट्रक पर लदा पूरा कोयला सडक पर बिखर गया। देखते ही देखते पांच वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। एक वाहन का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### देवघर में पैसे के लेनदेन में मारी गोली, भर्ती

**देवघर।** मोहनपुर प्रखंड के सरसा गांव में जमीन विवाद में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। उसकी पहचान सरसा निवासी संजय सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने घटना की जानकारी मोहनपुर थाना की पुलिस को दी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कैनाल में मिले जमीन से मिले पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों में विवाद चल रहा था, जिसको लेकर कई बार पंचायती भी की गई थी लेकिन मामला शांत नहीं हुआ था। गुरुवार सुबह पैसे की लेनदेन को लेकर दोनों पक्ष में अनबन हो गई। अनिल सिंह ने संजय सिंह पर पिस्टल तान दिया और पैसे की मांग करने लगा। मामला इतना बिगड़ गया कि अनिल सिंह ने संजय सिंह के ऊपर फायरिंग कर दी, जिससे वह वहीं पर गिर गया। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

### जेएमएम के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने पार्टी के विरूद्ध खोला मोर्चा



**लातेहार।** जिला के मनिका में मुख्यमंत्री जोहार यात्रा के पूर्व ही झामुमो से निष्कासित मनिका प्रखंड के पुर्व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ने जेएमएम के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया। गुरुवार दिन को मनिका मे प्रेस कांफ्रेंस कर जेएमएम के जिले के नेता पर आरोप लगाते हुए कहा की। दिशोम गुरू शिबू सोरेन के आशीर्वाद से तीन बार जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष एक बार दलित मोर्चा के जिला अध्यक्ष एक बार जिला संगठन के सचिव पद पर रहकर पार्टी के लिए निःस्वार्थ भाव से काम किया। लेकिन पार्टी ने छल कर उन्हे पार्टी से निकाल दिया गया। राजनीतिक षड्यंत्र के शिकार बनाये जाने को लेकर पार्टी के नेता सह राज्य के मुख्यमंत्री को भी अवगत कराने के बावजूद उन्हे इंसाफ नहीं मिला। संदीप राम ने आगे कहा की आगामी 14 फरवरी को लातेहार जिला मे खतिहानी जोहार यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इंसाफ की गुहार लगाने की बात कही है।

## लोहरदगा ने बालूमाथ को हराकर बना चैंपियन




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित हाईस्कूल मैदान मे 8 जनवरी से आयोजित टी 12 सुपर लीग क्रिकेट मैच का समापन और फाइनल गुरुवार को रोमांचक क्रिकेट मैंच मैक्स कल्ब बालूमाथ एवं फाइटर कल्ब लोहरदगा के बीच खेला गया जिसमे बालूमाथ की मैक्स कल्ब की टीम द्वारा 15 ओवर में 139 रन बनाया। लोहरदगा फाइटर कल्ब द्वारा 4 विकेट से जितकर प्रथम विजेता फाइटर को 51000 हजार नगद कप एव ट्रेकशुट एवं उपविजेता टीम मैक्स कल्ब बालुमाथ को 25000 नगद कप एवं ट्रेकशुट प्रदान किया गया खेल मे मुख्य अतिथि बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार बतौर उप मुख्य अतिथि मगध पीओ नृपेंद्र नाथ,अंचलाधिकारी आफताब आलम ,पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार,बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी,बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, तेतरीयाखाड़ पिकेट प्रभारी नितिश कुमार समाजसेवी पूर्व फुटबॉलर प्रेम प्रसाद गुप्ता,मो जहूर (पूर्व फुटबॉलर)एम आर मिनरल्स के मो. मोजम्मिल हुसैन, मनतशा मोटर के मो. मिनतुला , झामुमो जिला प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, बिसुत्री सचिव मिथलेश सिह, औरंगजेब खान, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## योग प्रशिक्षक पर नाबालिग ने लगाया शोषण का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड निवासी एक नाबालिक लड़की ने योग प्रशिक्षक पर शारीरिक और मानसिक रूप से शोषण करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है। तिलैया पुलिस को दिए गए आवेदन में 15 वर्षीय नाबालिग ने बताया है कि वह पिछले चार वर्षों से गांधी स्कूल रोड में संचालित आकाश योगा सेंटर में योगा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी। इस दौरान उसने राष्ट्रीय स्तर पर भी कई प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नाबालिग ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शामिल करने का प्रलोभन देकर योगा सेंटर के संचालक आकाश सेठ ने अगस्त 2022 से लगातार उसके साथ शारीरिक शोषण किया। इसके बाद उसने क्लास जाना भी बंद कर दिया। इसके बाद सेंटर के संचालक आकाश सेठ ने घटना की जानकारी किसी को देने पर फोटो, चैटिंग की स्क्रीनशॉट वायरल करने और करियर बर्बाद करने की धमकी दी। इसके बाद वह काफी तनाव में रहने लगी। घटना की जानकारी कुछ दिन पहले उसने अपने परिजनों को दिया। इसके बाद तिलैया थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी तरफ आकाश सेठ ने अपने पिता सुनील प्रसाद के माध्यम से एसपी को आवेदन देकर इस मामले में उनकी छवि को धूमिल करने एवं मानसिक और शारीरिक रूप से शोषण का झूठा प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है।

## अडाणी फाउंडेशन ने 134 सरकारी विद्यालयों में कराया मॉक टेस्ट

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

अडाणी फाउंडेशन ने बच्चों पर परीक्षा का अतिरिक्त बोझ ना पड़े इसके लिए एक अनोखी पहल की है। जिला शिक्षा विभाग के साथ मिलकर अदाणी फाउंडेशन के ज्ञानोदय कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूल के बच्चों का मॉक टेस्ट कराया गया। इस मॉक टेस्ट में 10वीं की परीक्षा वाले 134 सरकारी स्कूल के लगभग चौदह हजार बच्चों ने हिस्सा लिया। मॉक टेस्ट के लिए जेएसी द्वारा जारी मॉडल प्रश्नों के आधार पर ही प्रश्नपत्र तैयार है कराया गया। प्रश्नपत्र में ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव दोनों तरह के प्रश्नों को शामिल किया गया। इस मॉक टेस्ट का मकसद परीक्षा से पहले बच्चों की तैयारी का आकलन करना है। मॉक टेस्ट के बाद स्कूल के ही शिक्षकों के द्वारा उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कराया गया। मॉक टेस्ट में प्रात्प्त अंकों के आधार पर बच्चों का कॉन्सेलिंग भी किया जा रहा है, ताकि जिन विषयों पर बच्चों की पकड़ कमजोर है उन्हें समय रहते दुरूस्त किया जा सके। अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी कहते हैं कि मॉक टेस्ट का मकसद बच्चों की तैयारी के साथ 10वीं में गोड्डा के रैंकिंग को और ज्यादा सुधार लाने का है। शिक्षा विभाग के दिशानिर्देश पर अदाणी फाउंडेशन का यह अनूठा प्रयोग वाकई प्रशंसनीय है।

### जेएमएम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**बारियातू।** प्रखंड के बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, उपाध्यक्ष सुरेश गंझु सहित कई जेएमएम कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री खतियान जोहार यात्रा को सफल बनाने को लेकर जनसम्पर्क अभियान गुरुवार को चलाया। उपरोक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बीससूत्री अध्यक्ष गंझु ने बताया की 14 फरवरी को लातेहार मे खतियान जोहार यात्रा को लेकर माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन द्वारा लातेहार स्थित स्टेडियम में कार्यक्रम किया जायेगा। सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल मे हुए विकास को लेकर जानकारी देते हुए गड़गोमा, बीरबीर, खौरा, गुरवे, बालूभांग, फूलसु, मतकोमा सहित अन्य गाँव के ग्रामीणो को अवगत कराया. मौके पर लाखो भुइयाँ, मंगर गंझु, भुनेश्वर यादव, रमन गंझु, विश्वनाथ गंझु, मोहन गंझु सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### पीडीएस डीलरों का हड़ताल तीसरे दिन समाप्त

**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड डीलर संघ का 11 सूत्री मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गया। इस दौरान डीलर संघ ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना 2020 से बकाया कमीशन भुगतान करने, पीडीएस दुकान संचालको को 50 हजार मासिक वेतन देने, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा पीडीएस दुकान संचालको को दोहन करने, ई पौष मशीन में सर्वर सुधार करने, 764 रुपये वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के सिफारिसों के तहत न्यूनतम कमीशन लागू करने आदि को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मांग की।हड़ताल कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड डीलर अध्यक्ष अवध दांगी व संचालन सचिव कृष्ना पासवान ने किया। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, विकास कुमार, राजेन्द्र साव, अजय यादव, बिनोद साव, नेमु साव सहित अन्य शामिल थे।

### जेसीबी मशीन से खुदाई करके हटाया झाड़ी

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा पश्चिम टोला में काबिस्तान घेराबंदी करने को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों द्वारा जेसीबी मशीन चलाकर चहारदीवारी निर्माण स्थल में झाड़ियों की खुदाई करके हटाया गया।, और साफ सफाई की गई वही दिनभर जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई कर झाड़ियों को हटाया गया और झाड़ियों की साफ सफाई की गई। जानकारी के अनुसार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के मद से कब्रिस्तान घेराबंदी करने को लेकर स्वीकृत किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा चारदीवारी निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया है। वही बाउंड्री व घेरा बंदी करने को लेकर जेसीबी मशीन लगाकर झाड़ियों की साफ सफाई की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही घेराबंदी कार्य शुरू कर दिया जाएगा। घेराबंदी करने को लेकर ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन लगाकर झाड़ियों की खुदाई करके हटाया।

### साहिबगंज में 11 को खड़गे की जनसभा

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का साहिबगंज जिले में 11 फरवरी को जनसभा प्रस्तावित है। बड़हरवा के श्रीकुंड हाईस्कूल मैदान में उनका कार्यक्रम होगा, जिसमें हजारों कार्यकर्ता जुटेंगे। इसकी जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम ने दी। तनवीर आलम ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला से लेकर पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर डोर टू डोर प्रचार प्रसार करने को कहा गया है।

**कौशल विकास** | रोजगार से जोड़ने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## योजना से लाभान्वित हो रहे हैं युवक-युवतियां : विजय

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के अंतर्गत झारखंड सरकार के तत्वावधान में बेरोजगार शिक्षित युवक युवतियों को प्रशिक्षण देने एवं रोजगार से जोड़ने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीप सदस्य राधा तिर्की,विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी विजय कुमार, जिला कौशल विकास पदाधिकारी दिनेश भगत द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। कार्यशाला के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा की कौशल विकास योजना से




लाभाविन्त हो रहे हैं। युवक युवतियां क्षेत्र में शिक्षित बेरोजगार युवा युवतियों का प्रोत्सान को लेकर रोजगार प्रशिक्षण कार्यशाल आयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से बेरोजगार लोगों को रोजगार मुहैया कराने के दिशा में कदम उठाया गया है। साथ ही उन्होंने कहा सरकारी नौकरी कहना आसान है परंतु निभाना या उस मुकाम पर पहुंचना कठिन होता है। बताते हुए उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित करना और पहल करना ही युवक युवतियों का लक्ष्य होना चाहिए और नौकरी के क्षेत्र में घर परिवार समाज से दूरी बना कर निर्वाहन करने की जरूरत है। इन सभी बिन्दुओ पर पहल करने वाले ही अच्छे मुकाम को प्राप्त करते है। वहीं जीप सदस्य राधा तिर्की ने कार्यशाला में उपस्थित युवक युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला के विभिन्न क्षेत्र में कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। और बेरोजगार युवक युवतियां इसका लाभ उठा कर आत्मनिर्भर हो आर्थिक मजबूती प्रदान कर रहें है। बताते हुए बेरोजगार युवक युवतियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए सलाह दी गई। कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की,अंचलाधिकारी विजय कुमार,कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत,अवनीश कुमार, बलराम कुमार,रूपेश सिंह छोटेलाल उरांव सहित युवक युवतियां शामिल थे।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में कैरियर गाइडेंस वर्कशॉप का आयोजन

**रांची ।** आर्मी पब्लिक स्कूल, राँची द्वारा केरियर गाइडेंस वर्कशॉप का आयोजन कराया गया। दिपाटोली कैंट के केरकट्टा आडिटोरियम में अभिभावकों तथा बारहवीं से नवीं तक के छात्रों के लिए आयोजित यह केरियर गाइडेंस वर्कशॉप अत्यंत उपयोगी साबित हुआ। कैरियर चुनाव के इस पड़ाव पर छात्र तथा अभिभावक सभी दुविधा में होते हैं उनकी दुविधा को हल देने लिए आए गेस्ट स्पीकर थे- 'कर्नल साजन मोईदीन' जो कि केरियर काउनसिलर, इंटरनेशनल ट्रेनर तथा रीइनरजेटिक कंसल्टेंट हैं। स्कूल प्रधानाचार्य श्री अभय कुमार सिह द्वारा माननीय अतिथि का स्वागत किया गया। कर्नल साजन ने अपने अनुभवों तथा उदाहरणों द्वारा विद्यार्थियों का दिशा निर्देश किया। केरियर सेलेक्शन के लिए उन्होंने पांच बातों पर ध्यान रखने की सलाह दी।

## रामगढ़ उपचुनाव को लेकर डीसी-एसपी ने किया सूचना भवन का निरीक्षण

# निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ सूचना भवन रामगढ़ का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ सूचना भवन रामगढ़ में 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने सूचना भवन रामगढ़ में संचालित मीडिया कोषांग एवं एमसीएमसी सेल का निरीक्षण कर स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य पेड न्यूज मॉनिटरिंग सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। मौके पर डीसी ने वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी से मीडिया कोषांग एवं एमसीएमसी सेल के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**रामगढ़।** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता,



सि-विजिल, वोटर्स हेल्पलाइन आदि से संबंधित होर्डिंग / पोस्टर / बैनर लगाए गए हैं एवं प्रचार सामग्रियों के माध्यम से सभी को निर्वाचन संबंधित विभिन्न जानकारियां दी जा रही है । चुनाव संबंधित विभिन्न विषयों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्रचार सामग्रियों के माध्यम से सभी से आगामी 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है।

# रामगढ़ : चूल्हा सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुए सैकड़ों कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आजसू पार्टी रामगढ़ विधानसाा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन का आयोजन गोला प्रखंड स्थित सीपीसी इंटर महाविद्यालय कामता में 9 फ रवरी को किया गया। सम्मेलन में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में सैकड़ों लोग कोठार स्थित आजसू प्रधान कार्यालय से रवाना हुए। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो की एक ही सोच है कि पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को चूल्हा प्रमुख के माध्यम से जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार राजग प्रत्याशी सुनीता चौधरी को रामगढ़ विधानसभा से विजय दिलाकर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के हाथों को मजबूत करेंगे। मौके पर सुशील साहू, प्रदीप कुशवाहा, वार्ड पार्षद देवधारी महतो, रोशन कुमार, आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो,सचिव राजेन्द्र महतो,अरविंद महतो,काशीनाथ मुंडा,बलदेव महतो, फूलचंद महतो, नरेश महतो, कैलाश महतो, सोहन महतो, तेजपाल महतो, पुरुषोत्तम कुमार, मनोज महतो, दशरथ चौधरी, करण कुमार, राजकुमार महतो, सन्दीप महतो, डिया महतो, सुनील कुशवाहा, जगरनाथ महतो, महेंद्र चौधरी, मनोज कुमार, कंचन साव, मंटू साव, नीतीश निराला,अनिल पटेल, उमेश महतो, राजेश महतो, अरविंद नायक, कल्लू राम, राजेश राम, पिंटू राम, कामेश्वर महतो, श्याम कुमार, सिटन महतो, दयानंद महतो, शिबू बेदिया, सुरेश करमाली, सुरेश राम, खेमू महतो, दशरथ महतो आदि उपस्थित थे।

## संत रविदास ने समाज में भेदभाव मिटाने का कार्य किया : बजरंग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कोठार में संत रविदास जयंती के अवसर पर आंबेडकर क्लब कोठार की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो, विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित हुए। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने समाज से भेदभाव मिटाने का कार्य किया। कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने से समाज का विकास संभव है। उन्होंने बताया कि संतों की कोई जाति नहीं होती, संत के लिए पूरी दुनिया परिवार है। कहा कि वे अपने त्याग और तपस्या की बदौलत लोगों के हृदय में बसे और संतों में शिरोमणि कहलाए। मौके पर गोपाल राम, अजय दास, धर्मवीर रविदास, सुजीत रविदास, कल्लू,राम, राजेश राम, विनोद रविदास, बजरंग राम, अध्यक्ष लुखु राम, सचिव विनोद राम, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र रविदास, किशोर रविदास, सन्दीप कुमार, अंकेश कुमार, नीरज कुमार, अक्षय कुमार, प्रेम राम, अशोक रविदास, नरेश रविदास, विनोद राम, राजेश राम, प्रकाश राम, मटन राम, राजू कुमार, प्रदीप रविदास आदि मौजूद थे।

### पंचायत प्रतिनिधियों को मिला प्रशिक्षण

**बरही ।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में एसबीएम फेज दो के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर नगर भवन में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे जिला से आए ट्रेनरों ने ठोस और तरल अपशिष्ट पदार्थों के क्रियान्वयन के तरीको को विस्तार से बताया । कार्यशाला प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे मुख्य रूप से बीएओ आजाद सिंह, 15वीं वित के विजय कुमार, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, दुलमहा मुखिया राजेंद्र प्रसाद, रसोईयाधमना मुखिया गोविंद साव, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, मलकोको मुखिया विजय कुमार यादव, बरही पश्चिमी पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य, पूर्वी पंसस नवल किशोर सिंह, दुलमहा पंसस मनोज कुमार, रसोईया धमना पंसस मो तैयब, उपमुखिया मनोज उपाध्याय आदि मौजूद थे। कार्यशाला में अन्य सभी पंचायत के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे। हालांकि कुछ पंचायत के मुखिया पति ने कार्यशाला में भाग लेकर प्रशिक्षण लेने का काम किया।

# गायत्री महायज्ञ में हो रही श्रद्धालुओं की भीड़, बह रही भक्ति की बयार

### सर्वांगीण विकास ही धर्म का मुख्य उद्देश्य : नरेंद्र विद्यार्थी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के चेचकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम लारहो में पंच दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह 9 कुडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी ।विदित हो यज्ञ कार्यक्रम 7 फरवरी से 11 फरवरी तक निर्धारित है ।वहीं भव्य शिव मंदिर निर्माण की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह है । आचार्यों द्वारा महामृत्युंजय मंत्र व गायत्री मंत्र के मंत्रोच्चार से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। शांति कुंज हरिद्वार से आये प्रख्यात प्रवचनकर्ता नरेन्द्र विद्यार्थी ने कहा कि अधर्म के मार्ग पर चलकर कोई फला फूला नहीं है और न ही सुख शांति से रहा है। धर्म के प्रति आस्था जब तक जनमानस में गहराई से प्रवेश नहीं करेगी तब तक मानव जाति की समस्याओं एवं कठिनाइयों का हल नहीं होगा ।कहा कि सनातन धर्म में किसी भी धार्मिक यज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ कलश पूजन से किया जाता है। कलश में 33 कोटी देवी देवता का वास माना जाता है। प्रत्येक देवी देवता 11 शक्ति के स्वरूप है ।कहा कि ऐसे यज्ञ अनुष्ठान में नारियों की अहम भूमिका होती है। भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोच्च माना गया है। जिस राष्ट्र में नारी का जितना सम्मान होता है वह राष्ट्र उतना ही उन्नत एवं महान होता है। नारी का सम्मान जहां है, संस्कृति का उत्थान वहां है। युग निर्माण योजना के प्रवर्तक परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने 21वी सदी को नारी सदी के नाम से उद्घोष किया है। वही नकुल देव शास्त्री द्वारा जय महाकाल जय महाकाल मंगल गीत को प्रस्तुत कर उन्होंने यज्ञ स्थल को भक्तिमय बना दिया।

### भाजयुमो बरकट्ठा मंडल कार्यसमिति की बैठक

**बरकट्ठा।** प्रखंड के दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में भाजयुमो की बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष टिंकू प्रसाद तथा संचालन महामंत्री महेंद्र प्रसाद ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत राकेश सिंह ,बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी एवं सयोंजक अरविंद कुमार समेत मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व में किये गए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार किया गया । इसके साथ ही आने वाले लोक सभा एवं विधानसभा चुनाव हेतु भाजयुमो को बूथ स्तर में मजबूती प्रदान कैसे किया जाय इसपर भी चर्चा की गई।

### अपराधियों ने व्यवसायी को गोली मारकर किया जख्मी

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत बागसुमा में गुरुवार सुबह डीजल चोरी करने आए अपराधियों ने एक टायर दुकान मालिक को गोली मार कर फरार हो गए। अपराधियों के गोली से घायल दुकान मालिक आरिफ रजा ने बताया कि वह टॉयलेट करने के लिए अहले सुबह करीब 3 बजे जब घर से बाहर निकले तो देखा कि कुछ लोग उसके दुकान के सामने खड़े हाईवा से डीजल चोरी कर रहे है। उसने चोरों को देख हो-हल्ला किया, तो अपराधियों ने उन पर फायर कर दिया। इस फायरिंग में एक गोली उनके कमर में लग गई। जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने बताया कि गोलियां चलने की आवाज सुन आसपास के लोग जग गए। इसके बाद अपराधी फरार हो गए। घटना के बाद लोगों की मदद से उसे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल आरिफ रजा गोविंदपुर थाना अंतर्गत बागसुमा के रहने वाले है।

## उत्क्रमित मवि. का दो सप्ताह से चापाकल खराब, बच्चे परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरियठ्ठा का नलकूप पिछले दो सप्ताह से भी अधिक दिनों से खराब है। जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी उमेश यादव ने बताया कि विद्यालय में मात्र एक नलकूप था, वह भी कई दिनों से खराब है । विद्यालय के मैडम ने बच्चो को अपने घरों से ही दो दो बोतल पानी लाने का निर्देश दिया है ।विद्यालय अभी से ही घोर पेयजल की समस्याओं से जूझ रहा है ।जबकि अभी पूरी गर्मी बाकी है । पेयजल और मध्यान्ह भोजन के लिए भी बच्चो को गांव का चक्कर लगाना पड़ता है ।मध्यांतर होते ही बच्चे मुहल्ले में पानी के लिए भागते फिरते है । विद्यालय प्रभारी संजू देवी के अनुसार दो दिन पूर्व नलकूप बनवाया गया था परंतु मात्र दो दिन बाद फिर से खराब हो गया है । मिस्त्री को जानकारी दी गई है, परंतु नही आ रहा है । विदित हो कि पेयजल की समस्या सिर्फ इसी विद्यालय में ही नही बल्कि पंचमाधव, नवसृजित विद्यालय भंडारों आदि सहित कई विद्यालयों में देखने को मिले है । गर्मी आने के पहले ही विद्यालय के नलकूप जवाब देने लगे है या जवाब दे दिए है । यदि इस ओर ध्यान नही दिया गया तो आने वाले समय में विद्यार्थियो को पेयजल की भारी किल्लत झेलनी होगी ।

## बरकट्ठा में संगठन मजबूती को लेकर जेएमएम की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के चेचकप्पी पंचायत में गुरुवार को संगठन मजबूती को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महेश मुर्मू एवं संचालन अर्जुन मुर्मू ने किया। वहीं मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, जिला संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी उपस्थित थे। झामुमो चेचकप्पी पंचायत कमेटी की इस बैठक में जिलाध्यक्ष ने संगठन मजबूती को लेकर कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों का कमेटी गठन और बुथ कमेटी बनाने का निर्देश कार्यकत्ताओं को दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को कार्यकर्त्तागण आम लोगों को बताएं। आगामी विधानसभा चुनाव में बरकट्ठा विधानसभा के लिए जेएमएम का प्रत्याशी होगा। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जेएमएम पूरी तरह से तैयार हैं ।बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, सचिव राजाराम मांझी, प्रखंड मीडिया प्रभारी चन्द्रदीप पांडेय, चेचकप्पी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, तुइयो मुखिया शंकर रविदास, उपमुखिया विजय प्रसाद, मौलबी रमजान, सोमर मांझी, दिलीप हांसदा, शंकर साव, बबुन मांझी, सुखु मांझी, अशोक हांसदा, राजू मुर्मू, धानेश्वर सिंह, गणेश मुर्मू, बिजय साव, अर्जुन मांझी आदि मौजूद थे।

### भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने प्रखंड के कांग्रेसी जाएंगे पाकुड

**बरही ।** भारत जोड़ो यात्रा को सफल मनाते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। झारखंड में इसका शुभारंभ 11 फरवरी को पाकुड़ से होना तय हुआ है । इस अवसर पर बरही से कई कांग्रेसी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे ।इसके साथ ही आगामी 13 फरवरी से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुरूआत की जायेगी । इसके लिए पंचायत प्रभारी का मनोनयन किया गया । जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बताया की सभी निर्णय एन एच आईबी में संपन्न हुए प्रखंड कांग्रेस कमिटी की मासिक बैठक में लिया गया । बैठक में छद्दू गोप, सुनील साहू, रघुवीर यादव, बिरेंद्र यादव, देवचंद यादव, मनोज यादव आदि सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे ।

# जेएमएम नेता की गाड़ी पर हुई फायरिंग गुस्साए समर्थकों ने किया थाने का घेराव



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़-हजारीबाग के सीमावर्ती इलाके पर उरीमारी थाना क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेता की गाड़ी पर अपराधियों ने फायरिंग की। इस हमले में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद गुस्साए समर्थकों ने जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि जेएमएम नेता सोनाराम मांझी की गाड़ी (जेएच 01 डीएन 1313) पर अपराधियों ने गोली चलाई। बुधवार की रात सोना राम मांझी की पत्नी अपने मायके से ससुराल जा रही थी। इसी दौरान भुरकुंडा थाना क्षेत्र के आगे पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उनकी गाड़ी पर गोली चलाई। गोली पिछले गेट में लगी। अपराधियों ने सोचा था कि उस गाड़ी में सोना राम मांझी है। लेकिन जब उन्हें पता चला कि गाड़ी में सिर्फ उनकी पत्नी है तो फिर वह लोग वहां से फरार हो गए। एसपी ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर सोनाराम मांझी और उनके समर्थकों ने उरीमारी थाना का घेराव कर दिया है। गुरुवार की सुबह से ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक थाने में मौजूद हैं और भी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## विक्षिप्त ने होटल के गार्ड पर हमला कर किया घायल , रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
तिलैया थाना क्षेत्र के कोडरमा स्टेशन के पास जानकी होटल के सामने गुरुवार सुबह करीब सात बजे एक विक्षिप्त व्यक्ति ने साइकिल से जा रहे होटल के गार्ड पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में साइकिल सवार व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार मडुआटांड निवासी संजय राम ( 40) होटल रामेश्वरम से नाइट ड्यूटी करने के बाद अपने घर लौट रहा था। इस दौरान जानकी होटल के समीप सड़क पर लाठी लेकर घूम रहे विक्षिप्त ने संजय के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इसके बाद साइकिल सवार संजय सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरने के बाद भी विक्षिप्त ने कई बार उनके ऊपर वार किया। हमले के बाद गंभीर रूप से घायल संजय को बचाने आसपास के लोग दौड़े। इस दौरान विक्षिप्त व्यक्ति ने एक दूसरे व्यक्ति पर भी हमला किया, जिसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया और इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी। तिलैया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया है, जहां उसकी स्थिति को गंभीर रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने विक्षिप्त व्यक्ति को अपने हिरासत में लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विक्षिप्त व्यक्ति पिछले तीन-चार दिनों से इलाके में कभी पत्थर तो कभी डंडा लेकर घूम रहा था। घायल संजय राम की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** | चितरपुर उप डाकघर में पहुंच कर खाता खुलवाएं

# अपनी बिटिया को दें सुकन्या समृद्धि योजना का तोहफा : रविशंकर राय

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
चितरपुर उप डाकघर में सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ आशुतोष कुमार सिन्हा के निर्देश पर बेटियों के उज्जवल भविष्य को ख्याल में रखते हुए घर घर जाकर डाकघर के डाकपाल रामखेलावन चौधरी एवं डाक सहायक रविशंकर राय दो दिनों से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते को खुलवाकर डाकघर में खात खोलकर खाता धारकों को पासबुक उपलब्ध करवा रहे हैं ।चितरपुर उप डाकघर में जिस बिटिया रानी का खाता खुलवाया जा रहा है उसे चितरपुर डाक विभाग परिवार द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया जा रहा है।



इस संबंध में डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि बिटिया अब बोझ नहीं है । कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना सुकन्या समृद्धि योजना को चितरपुर उप डाकघर के अन्तर्गत जितने भी घरों में 0 से 10 वर्ष की बिटिया होगी सभी का खाता खोला जाएगा । राय ने सभी लोगों से आग्रह किया कि आप चितरपुर उप डाकघर में पहुंच कर खाता खुलवाएं । यह खाता मात्र 250 रू की न्यूनतम राशि से खुलेगा ।



अब खाते को ऑनलाइन खोला जा रहा है। जिससे देश के किसी भी डाकघर में जाकर या घर बैठे अपने मोबाइल फोन से भी खाते में। इसके तहत खाता धारक अधिक से अधिक एक वर्ष में डेढ़ लाख रुपये तक जमा कर इन्कम टैक्स में छूट भी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें बालिका की उम्र 18 वर्ष होने पर 50% तक राशि निकाली जा सकता है । इस योजना में ब्याज 7.6% है। खाता खोलने के 21 वर्ष पर परिपक्वता है। उन्होंने कहा कि किसी के घर में जब बेटा पैदा होता है तो माता पिता बहुत खुश होते हैं। जब बिटिया पैदा होती है तो मायूसी छा जाती है । बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते को खुलवाकर मायूसी को दूर किया जा सकता है क्योंकि थोड़ी थोड़ी रकम को बिटिया रानी के खाते में जमा कर उसे सबल बनाकर सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ लिया जा सकता है । डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि चितरपुर उपडाकघर में यथाशीघ्र खाता खुलवाएं। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ ,बेटी को सबल बनाकर सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ डाकघर से पाएं ।

# हाथी का उत्पातः कोई कुचलने से मरा, तो किसी ने कुएं में कूदकर बचाई अपनी जान






**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** थाना क्षेत्र के परबा पुटकलटोली, कुजूर टोली, लेडीबांधा, सिहरमुण्डा और भालूघुटखुरा में बुधवार रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पाद मचाया है। किसी की जान चली गई तो कोई कुंए में कुदकर अपनी जान बचाया। ग्रामीण हाथी की डर से रातभर परेशान रहे तो वन विभाग के कर्मचारी चैन की निंद सोते रहे ग्रामीण फोन पर कहते रहे गांव में हाथी घुसा है, अभी यहां तोड़ा अभी उसके घर में घुसा, कभी विडीयो बनाकर दे रहे हैं तो कोई फोटो डाल रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से पल पल की जानकारी विभाग के कर्मियों तक पहुंचती रही लेकिन वन विभाग हिला तक नहीं। ग्रामीणों से 7:10 बजे गांव में हाथी घुसने की सुचना मिला एवं 7:40 बजे गांव के सलमोन बुढ़ के घर को तोड़ने का ग्रामीणों ने फोटो भेजा और अगले ही पल 7:53 बजे घर तोड़ने का फोटो के साथ खबर प्रकाशित किया गया कि हाथी ने सलमोन बुढ़ और पुनिया गंझू नामक एक व्यक्ति का घर तोड़ दिया है। इसके बाद तत्काल ग्रामीणों द्वारा हाथी खदेड़ने का विडियो वायरल किया गया। सोशल मीडिया में डालने से सभी जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधि और वन विभाग के कर्मियों को जानकारी तो हो गई लेकिन ग्रामीणों की परेशानी को किसी ने भी नहीं समझा।

### कुंए व गड्ढा में कुद कर बचाई जान, गंवानी पड़ी दांत

बताते चलें कि देर रात ही जंगली हाथी ने डोंगादरहा, लेडीबांधा में पुष्पा देवी नामक 45 वर्षीय महिला को कुचलकर मार डाला, पड़ोसी के घर से आने के क्रम में पुष्पा हाथी के चपेट में आ गई और हाथी के कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सिहरमुण्डा में साहिल गंझू नामक एक युवक ने कुंए में कुदकर जान बचाया कहा कि हाथी भगाने के क्रम में हाथी मुझे ही दौड़ाने लगा सामने कुआं में कुदकर जान बचाया हूं, जान तो बच गई लेकिन कुआं में कुदने के कारण दो दांत टूटकर गिर गए। परबा पुटकल टोली में सलमोन बुढ, पुनिया गोंझू नामक युवक का घर तोड़ा एवं लगभग 5 किवंटल भंडारित अनाज खा गया। एतवारी बुढ का घर तोड़ा। इसी क्रम में पुनिया गंझू को भी हाथी दौड़ाया तो वो जान बचाने के लिए गड्ढा में कूद गया।

### मौत के बाद अधिकारियों लगा का तांता

प्रातः घटना की जानकारी के बाद एक एक कर अधिकारी पहुंचे लगे। थाना प्रभारी हीरालाल महतो दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और कानुनी प्रक्रिया करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल साहिल गंझू का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। विधायक नमन विक्सल कोनगाडी के निर्देश पर मृतक के परिजनों को एक हजार रुपये दिया गया। वन क्षेत्र पदाधिकारी राजेश्वर पासवान तत्काल राहत के तहत 10 हजार दिए? क्षतिपूर्ति का जायजा लिया। बीडीओ विजय राजेश बारला, सीओ डॉ खगेन महतो, मुखिया बिमला देवी ने भी मृतक परिवार का हाल जाना।

### जलडेगा वन क्षेत्र में नियुक्ति और ड्यूटी कोलेबिरा में

रात्रि घटना के बाद से ग्रामीण वन विभाग के कर्मचारीयों से आक्रोशित नजर आए। ग्रामीणों का आरोप था वन कर्मी जंगली हाथियों को लेकर कोई स्थाई उपाय नहीं कर रहे है। ग्रामीण भरोसे खानापुर्ती की जा रही है। सरकार ग्रामीणों की सहायता के लिए वन कर्मियों की नियुक्ति तो की है लेकिन कर्मी कोलेबिरा में रह कर ड्यूटी कर रहे हैं। विभाग की उदासीन रवैए के कारण ग्रामीणों की जान जा रही है। ग्रामीणों ने कहा की उप परिसर पदाधिकारी के रुप में जलडेगा वन क्षेत्र की रखवाली के लिए नितीश कुमार, हेमन्त कुमार, प्रदीप कुल्लू और सत्येन्द्र बडाईक नियुक्ति की गई है लेकिन सभी लोग कोलेबिरा मुख्यालय में रहकर ड्यूटी करते हैं।

### ग्रामीण विकास, पंचायती राज व सामाजिक सुरक्षा विभाग की डीसी ने की समीक्षा

# मनरेगा के सभी कार्यों की प्रगति को बढ़ाएं



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास, पंचायती राज, एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने विभाग द्वारा योजना से संबंधित संचालित कार्य प्रगति कि विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), एरिया ऑफिसर एप्प, पोटो हो खेल विकास योजना, आधार सीडिंग एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के तहत सभी कार्यों की समीक्षा कर कार्य प्रगति को बढ़ने की बात कहीं। उन्होंने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित सरकार की योजनाओं एवं कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। तथा मनरेगा के प्रगति हेतु योजना के तहत मानव दिवस सृजित कर रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण कार्य से संबंधित भौतिक प्रगित की समीक्षा कर योजना को ससमय पूर्ण कराने की दिशा महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साथ ही योजना का पूर्णतः के तहत राशि का भुगतान करने की बात कहीं। उन्होंने केरसेई प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आंगनबाड़ी से संबंधित निर्माण कार्य को पंचायत सचिव से कार्य की मॉनिटरिंग कराते हुए एक सप्ताह के अंदर में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा कर कार्य की शत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित कराने की बात कहीं। उन्होंने जिले के 10 प्रखंड में से बांसजोर प्रखंड को छोड़ कर शेष 9 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को 20 फरवरी 2023 तक योजना के तहत बचें हुए कार्यों को ससमय पूर्ण कराने की बात कहीं। आधार सीडिंग से संबंधित कार्य को ससमय पूर्ण कराने की दिशा में पंचायत एवं गांव स्तर पर कैंप आयोजन कराने के निर्देश दिये।

उपायुक्त ने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा कर प्राप्त लक्ष्य के प्रति छूटे हुए लाभुक का चयन कर योजना से अच्छादित करने की बात कहीं। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के तहत शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया।समाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा कर उपायुक्त ने सर्वजन पेंशन योजना (60+) का निर्धारित लक्ष्य के प्रति छुटे योग्य लाभुकों का चयन कर शत प्रतिशत योजना से अच्छादित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा कर आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साथ ही विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं को धरातल पर सफल क्रियान्वित कराने दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, पंचायती राज पदाधिकारी मो0 शहजाद परवेज, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सुश्री सुकरमनी लिण्डा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मीगण सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेन्हा में शिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** प्रखंड के सेरेनगहातु पंचायत भवन में महापर्व शिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समिति के सदस्य तथा गांव के बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक में पर्व को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। आपसी सहयोग व भाईचारगी से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। त्योहार के दौरान किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का हिदायत दी गई। यदि कोई भी अफवाह या सूचना मिलती है तो सबसे पहले पुलिस प्रशासन को सूचित करें। बैठक में बीडीओ अशोक चोपड़ा, सीओ बिजय कुमार, थाना प्रभारी धनन्जय पासवान, पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद अलावे ग्रामीण शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### एसडीओ ने किया सेन्हा अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण



**सेन्हा।** सेन्हा अंचल कार्यालय का एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने सीओ विजय कुमार को निर्देश देते हुए कहा की अंचल में बनने वाले जाति, आय आवासीय प्रमाण पत्र को ससमय पूर्ण करके आवेदक को देने का निर्देश दिया। समय समय पर ऑनलाइन लगान जमा करने के लिए भूमि मालिक को जागरूक करें। मृतक परिवार के आश्रित प्रमाण पत्र देकर परिवारिक लाभ दिलाने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा अंचल कार्य से संबधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर एसडीओ अरविन्द कुमार लाल, सीओ विजय कुमार सीआई प्रकाश महतो तथा सभी राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

### मस्जिद-ए-शमद की छत की हुई ढलाई



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू के अहद कॉलोनी स्थित नवनिर्मित मस्जिद-ए-शमद की पहली मंजिल की छत की ढलाई संपन्न हुई। ढलाई का आगाज के मौके पर सदर जिबरिल खांलिफा, मौलाना अख्तर खान, जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल हसीब काशमी, हाफिज अब्दुल रशीद, मौलाना शौकत अली काशमी, जुनाब आलम, शाहे आलम राजा, आरजू खान, शाहरुख खान, मो. साजिद, बिट्टू खान मौजूद रहे। मौलाना शौकत अली काशमी ने कहा कि अल्लाह का घर है और अल्लाह का घर मस्जिद हमेशा बाकी रहेगा। मौके पर दुआ की गई जिसमे देश की खुशहाली, प्रगति और भाईचारगी की दुआ मांगी गई।

### मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ने नदी में कूदकर दी जान

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मणिराम टोली गांव में 45 वर्षीय व्यक्ति ने टीमकी घाट शंख नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। व्यक्ति की पहचान गुलाब विलुंग के रूप में हुई। परिवार वालों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार था और इधर-उधर भटकता था इसी बीच शंख नदी पहुंचकर दिमागी हालत ठीक नहीं होने की वजह से नदी में कूद गया और नदी में चट्टान में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गयी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी देव कुमार दास दल बल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया।

### सभी जरुरतमंदों को सरकारी लाभ से जोड़ना है उद्देश्य : अजय एक्का



**ठेठईटांगर।** गुरुवार को कोनपाला पंचायत के कोंगसेरा में ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में ग्रामीणों अपनी कई समस्याओं को जिप सदस्य अजय एक्का को अपनी समस्या सुनाई। जिसमें ग्रामीणों ने विशेष रूप से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। जिससे कृषि के क्षेत्र में काम करते हुए अपने पारिवारिक आय को बढ़ा सकें। वहीं जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के एक एक जरुरतमंद को सरकारी लाभ मिलना चाहिए हरेक आवश्यकता को विभाग के सामने और जिला परिषद में रखेंगे। साथ ही अजय एक्का ने कहा कि युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ना अवश्यक है। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि अमृत चिराग तिर्की, कोनपाला मुखिया फ्रांसिसका लकड़ा, संतोष लकड़ा, दानशील एक्का, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 10 से 25 फरवरी तक कूडु व भंडारा में चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

# लगातार 5 साल फाइलेरिया रोधी दवा खाएं, फिर नहीं होगी यह बीमारी : सीएस



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिले के कूडु और भंडारा प्रखंड में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक विशेष फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। दरअसल पिछले दिनों जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नाइट ब्लड सैंपल लेकर जांच की गई थी। इस क्रम में अन्य प्रखंडों की अपेक्षा भंडरा और कुडू प्रखंड में औसतन एक परसेंट से ज्यादा फाइलेरिया संक्रमित मरीज मिले। इसको लेकर उपरोक्त प्रखंडों में अभियान चलाया जाएगा। उपरोक्त बातें सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा। सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने कहा कि इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू व भंडरा प्रखंड क्षेत्र के 16 स्वास्थ्य केंद्रों पर 10 फरवरी को दवा खिलाकर किया जाएगा। अभियान में 2 प्रखंडों के लगभग 2097 86 व्यक्तियों को निःशुल्क फाइलेरिया की दवा दी जाएगी। इसके तहत 280 बूथ बनाए गए हैं। 560 मेंबर को लगाया गया है। लगातार लोगों को इस संदर्भ में जागरूक किया जा रहा है। सीएस ने कहा कि जागरुकता और जनभागीदारी से फाइलेरिया को पूरी तरह मिटाया जा सकता है। सीएस ने कहा कि सरकारी गैर सरकारी संस्थानों कार्यालय, जागरूक नागरिकों और ग्रामीणों से जागरूक होकर फाइलेरिया की दवा लेने की अपील स्वास्थ्य विभाग करता है। कहा उम्र के हिसाब से लोगों को दवा दी जाएगी। दवा देने के दौरान इसके एक्शन की मॉनिटरिंग के लिए रैपिड एक्शन टीम का गठन किया गया है। एक वर्ष छोटा शिशु, गर्भवती महिला, गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्ति व खाली पेट दवा नहीं खिलानी है। कहा कि फाइलेरिया की दवा लगातार पांच 7 साल खाने वाले व्यक्ति को जीवन में फाइलेरिया नहीं होगी। फाइलेरिया का प्रारंभिक इलाज है पर हाथीपांव हो जाने के बाद यह लाइलाज हो जाता है। फाइलेरिया संक्रमण का फैलाव रोकने से बेहतर है लोग जागरूक होकर दवा खाएं। लोगों को डोर टू डोर स्वास्थ्य कर्मी निःशुल्क दवा उपलब्ध कराएंगे।

# युवती की हत्या कर कुएं में फेंका शव, आरोपी गिरफ्तार

**केरसई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करईगुड़ा गांव की 22 वर्षीय युवती की पुलिस ने कुआं से शव बरामद किया है। युवती की पहचान रेखा मिंज के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा जहां पर सदर अस्पताल की टीम द्वारा इस मामले की गंभीरता को देखते हुए राजधानी रांची रिम्स भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अंशु कुमार ने बताया कि रेखा मिंज पिछले 1 फरवरी से घर से लापता थी। जिसको लेकर परिवार वाले काफी खोजबीन किया और अंततः केरसई थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया इधर पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए मामले में उसके प्रेमी रोहित लकड़ा को गिरफ्तार किया और गहनता से पूछताछ की तब उसके निशानदेही पर करईगुड़ा माइकल कुजूर के मिशन बागान वाली कुआं में युवती के शव को पुलिस ने बरामद किया।

### राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण

# विद्यालय के सर्वांगीण विकास में करेंगे हरसंभव मदद : राधा तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा का औचक निरीक्षण कर जीप सदस्य राधा तिर्की ने विद्यालय की समस्या से अवगत हुई। निरीक्षण के दौरान जीप सदस्य ने मध्याहन भोजन का जांच किया और कहा की मीनू के अनुसार बच्चो को भोजन दें। इसके अलावे विद्यालय प्रांगण में नया हैंडपंप हेतु खोदाई कर पेयजल मुहैया के दिशा में कार्य पर विद्यालय प्रबंधन समिती ने कहा की हैंडपंप की खोदाई का प्राक्कलन के अनुसार नही किया गया है। 300 फीट से अधिक खोदाई करना था। लेकिन 200 फीट ही खोदाई किया गया है और बगल का पुराना हैंडपंप का सारा समान खोल कर ले गया है। जिसपर राधा तिर्की ने कहा की विद्यालय की संपति को कैसे ले गया और खोदाई प्राक्लन से कम किया गया है। इस को जिला परिषद की बैठक में उप विकास आयुक्त के पास रख कर जांच कराया जाएगा। आश्वासन देते हुए विद्यालय प्रबंध समिति को अवगत कराया गया कि जर्जर भवन की समस्या को संज्ञान में रखते हुए विद्यालय के पुराने एल्वेस्टर भवन की मरमती एवं चार नया कमरा निर्माण की स्वकृति मिल गया है। जिसे गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने पर जोर दिया गया।

# एकदिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा संत मेरिज इंटर कॉलेज सामटोली, सिमडेगा के सभागार में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य फादर फ्रेडरिक कुजूर, प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर, जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, सत्यजीत कुमार, अनीश लावेलेकर द्वारा संयुक्त रूप से युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विभिन्न साधनसेवियों द्वारा युवाओं को वर्तमान परिस्थिति में कैरियर की तमाम सम्भावनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य फ्रेडरिक कुजूर ने युवाओं को कैरियर का चुनाव करने के लिए सक्सेस मंत्र को बताया। उन्होंने युवाओं को किसी भी क्षेत्र में अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए सही कदम उठाने की जानकारी दी। महात्मा गांधी नैशनल फेलो के अनीश लावेलेकर ने युवाओं को कैरियर का चुनाव करते वक़्त किन किन बिंदुओं का ध्यान रखना चाहिए की विस्तृत जानकारी दी।

**बैठक** उपायुक्त ने कि पथ निर्माण से संबंधित बैठक

# योजनाओं को जल्द से जल्द करें पूरा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पथ निर्माण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल के द्वारा संचालित योजना रोचो-महुआटोली पथ में पुल निर्माण, कुडू-चिताकोनी पथ में सफी नदी पर पुल निर्माण, हुसरू नदी पर पुल निर्माण, लावागाई - बाघा पथ में कोयल नदी पर पुल निर्माण समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई और योजना में प्रगति लाने के निदेश दिये गये। ग्रामीणों की ओर से ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत पथों की खराब स्थिति व मरम्मति से संबंधित प्राप्त आवेदनों की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई। बैठक में इसके अतिरिक्त पथ प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा निमार्णाधीन पथों की समीक्षा की गई व जल्द पूर्ण करने के निदेश दिये गये। राष्ट्रीय उच्च पथ अभियंता को राष्ट्रीय उच्च पथों में पड़नेवाले विद्यालयों के समीप रंबल स्ट्रिप लगाये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल लोहरदगा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, ग्रामीण कार्य विभाग और राष्ट्रीय उच्च पथ के अभियंता उपस्थित थे।

# बीएस कॉलेज में वार्षिक स्पोर्ट्स कार्यक्रम आज से शुरू, तैयारियां पूरी

### रांची विवि के कुलपति होंगे मुख्य अतिथि, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू विशिष्ट अतिथि होंगे




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय में 10 फरवरी से दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिवकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। साथ ही झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू भी पहले दिन के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामील होंगे। कार्यक्रम को लेकर कॉलेज के शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मियों व छात्रों ने पूरी तैयारी की है। सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। डॉ गुप्ता ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में एथलेटिक्स के लगभग 40 प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें लगभग 300 प्रतिभागी शामिल होंगे। 10 फरवरी को 10 बजे कार्यक्रम का उदघाटन होगा, जिसमें प्रतिभागी परेड करेंगे। उद्घाटन सत्र में अतिथियों व प्रतिभागियों के स्वागत में कॉलेज के छात्र सांकृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का समापन 11 फरवरी को पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियां को अंतिम रूप देने के लिए कॉलेज में शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मियों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिथियों के स्वागत, कार्यक्रम के कुशल संचालन और अन्य विषयों पर तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में कॉलेज के प्राचार्य समेत कॉलेज के सभी शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मी शामिल रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### बस को दांतों से खींचा रामांच में डूबे लोग

**मेदिनीनगर।** शहर के द कराटे एकेडमी के निर्देशक सिहान सुमित कुमार वर्मन ने एक बार फिर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के 11 नंबर की बस जो की 81 सौ किलो की थी उसे अपनी दांतों से 30 फीट तक खींचा । जिसे देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। बताते चले कि सुमित इससे पहले भी ये कारनामा कर चुके है। उनके द्वारा संचालित कराटे एकेडमी में पलामू के कई छात्र जुडो,कराटे, बुसु जैसे खेल में पारंगत हो रहे है। देश के अलग अलग राज्यो में होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेकर पलामू का नाम रौशन कर रहे है। इस मौके पर ग्रीन वैली के शिक्षको,छात्रों ने भी सुमित का हौसला बढ़ाया। सिहान सुमित ने बताया कि शरीर को स्वस्थ्य रखने से किसी भी असम्भव कार्य को किया जा सकता है । उसके लिए अभ्यास और लगन से मेहनत करने की जरूरत है।

### अनुपस्थित अभ्यर्थियों का डीवी कार्य शुरू

**मेदिनीनगर।** कर्मचारी चयन आयोग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों का डीवी कार्य शुरू हुआ। जिसमें हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में 2018 से अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों ने आयोग के समक्ष उपस्थित हुए। वहीं कुछ अनुपस्थित रहे मूल याचिकाकर्ता का भी डीवी कार्य हुआ। आयोग के द्वारा 9 फरवरी से 14 फरवरी तक डीवी किया जाएगा। ज्ञात हो कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्य प्रारंभ किया गया है। नियोजन नीति के कारण मामला कोर्ट में जाने से पूर्व 8 हजार अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा चुकी है । जबकि 9 हजार अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी बाकी है। वही,पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने भी आयोग से जिला का विकल्प देने का आग्रह किया है। पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों का मेरिट जनवरी में जारी किया गया है।

### पुलिस ने वाहनों की जांच के साथ चलाया जागरुकता अभियान

**हैदरनगर।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार पलामू जिले के हैदरनगर स्थित बस स्टैंड में पुलिस ने वाहनों की सघन चेकिंग के साथ मोटर अधिनियम के प्रावधानों के प्रति गुरुवार को लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि सड़क किसी भी वाहनों के चलने के दौरान ट्रैफिक सिग्नल व गति सीमा का अनुपालन, अन्य वाहनों से दूरी बनाये रखने, शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट निश्चित तौर पर लगाने, दो पहिया पर दो ही सवारी करने सहित वाहनों से संबधित सभी कागजात लेकर चलने के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि अनुपालन का उल्लंघन किये जाने पर विभिन्न कारणों पर विभागीय तौर पर जुमार्ना राशि वसूली निर्धारण किया गया है। जिसमें हेलमेट, प्रदूषण, बीमा नहीं रहने व दो पहिया पर ट्रिपल सवारी करने पर 1000 रुपये, वाहनों के लाईसेंस व बगैर फिटनेस नहीं रहने व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करते पाये जाने पर 5000 रुपये का दंड शुल्क भरना होगा। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने, आपात कालीन वाहनों को रास्ता नहीं देने व बिना परमिट के वाहन पकड़े जाने पर 10000 रुपये का जुर्माना लगेगा। जबकि ओवरलोड वाहन पाये जाने पर उन्हें 20000 रुपये जुर्माना देना होगा।

### खरगड़ा में यज्ञ कमेटी का गठन

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा सह पंचायत मुख्यालय में नवनिर्मित मंदिर में महादेव नर्मदेश्वर की प्रतिमा तीन मार्च को स्थापित करने का निर्णय ग्रामीणों ने लिया है। इस मैके पर 27 फरवरी को जलयात्रा से से शुरू होकर चार मार्च को महाभंडारा के साथ पूज्य राजन जी महाराज के नेतृत्व में यज्ञ संपन्न होगा। इस अनुष्ठान को संपन्न कराने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर यज्ञ कमेटी का गठन किया। जिसमें अर्जुन पांडेय संरक्षक, प्रवीण कुमार सिंह अध्यक्ष, चंद्रशेखर सिंह उपाध्यक्ष, राजेश नंदन सिंह कार्यकारी अध्यक्ष व कृष्णदेव सिंह को सचिव मनोनीत किया गया है।

## आत्मसमर्पण कर नया जीवन जीना चाहते हैं नक्सली

# नक्सली जोनल कमांडर को आत्मसमर्पण करने पर नहीं मिला पुनर्वास नीति का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पुनर्वास नीति से पलामू के कई कुख्यात नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शमिल होकर नया जीवन जीना चाहते है । सरकार मुख्यधारा में जोड़कर पुनर्वास नीति के तहत कई लाभ देती है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को जमीन मुहैया कराई जाती है और पैसे दिए जाते हैं। जिससे कि वह बेहतर जीवन-यापन हो सके। मगर पलामू के कुंडीलपुर निवासी विनय सिंह भोक्ता आत्मसमर्पण के 4 साल



बाद भी योजना के तहत मिलने वाले लाभ का बाट जो रहा है। दरअसल 2018 में विनय सिंह भोक्ता ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत महथा के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। उस वक्त नक्सलियों के जोनल कमांडर रहे विनय भोक्ता के ऊपर बिहार में डीएफओ हत्याकांड में शामिल होने समेत कई नक्सली घटना का आरोप था। मगर सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर एसपी के समक्ष हथियार डाला था। उसे घर बनाने के लिए जमीन और ढाई लाख रुपए देने का वादा किया गया था। मगर अभी तक सिर्फ 50000 रुपए मिले हैं। जेल में सजा काटने के बाद बाहर निकले विनय भोक्ता जंगल से लकड़ियां काटकर अपने दो बच्चों का परवरिश कर रहें है। बताते चलें कि 2018 में आत्मसमर्पण करने के बाद विनय सिंह भोक्ता जेल चला गया । उसके बाद उसकी पत्नी दूसरे पुरुष के साथ चली गई। उसके बच्चों को रिश्तेदार ने पाला। जब विनय जेल से छूटा तब से अपने दोनों बच्चों का परवरिश कर रहा है। विनय सिंह का कहना है कि अगर प्रशासन अपना वादा निभाएगा तो ही अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा दे पायेंगे।

### पलामू एसपी ने कहा जल्द मिलेगा लाभ

कुंडीलपुर गांव पहुंचे पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने भी विनय सिंह से बात की और उसके हालात के बारे में जाना। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने विनय सिंह को भरोसा दिलाया कि विनय सिंह को प्रशासन द्वारा पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाले सभी सुविधाओं का लाभ जल्द ही मिलेगा।

## मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सतीश कुमार दुबे के द्वारा स्थानीय माध्यमिक शिक्षक संघ भवन जेलहाता में मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए एक निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई। इसका उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक अनिल कुमार चौधरी ने किया। इस कोचिंग का मुख्य उद्देश्य छात्रों में परीक्षा में होने वाली घबराहट को दूर करना है। साथ ही विद्यार्थियों के संशय को भी प्रमंडल के शिक्षकों के द्वारा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व्यास सिंह, शिशिर कुमार झा, एचबी पांडे, अभिषेक कुमार द्विवेदी, अभिषेक कुमार तिवारी, जय शंकर सोनी , श्यामली सहदेय, विश्वनाथ मिश्रा सुमित शंकर सतन कुमार, अरविद कुमार, नवीन पांडे, शशिकांत, विवेकानंद ,कृष्णा चौधरी, अनीता सिंह, कविता कुमारी पूजा कुमारी , रेखा कुमारी, डॉ आनंद माधव पांडे, संतोष कुमार, जावेद अली के साथ-साथ काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिका एवं जिले के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राशन डीलर संघ ने किया मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर सिमडेगा पीडीएस राशन डीलर संघ की ओर से गुरुवार को सिमडेगा कचहरी के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने की इस मौके पर मुख्य रुप से संघ के सचिव मुकेश पंडा कोषाध्यक्ष ,मुर्तजा हुसैन, संरक्षक मुक्तिनाथ पाठक, मेराज खान, सहित सिमडेगा जिले के सभी प्रखंड से आए हुए पीडीएस राशन डीलर संघ के सदस्य उपस्थित रहे इस मौके पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से हमारे हक अधिकारों को मारा जा रहा लेकिन इसके बावजूद राशन डीलर को ही बदनाम की जाती है। मौके पर उन्होंने बताया कि उनकी 11 सूत्री मांग है जिनमें पुरानी पीएमजीकेवाई योजना के तहत पहले की तरह खाद्यान्न की आपूर्ति जारी रखना,पचास हजार रुपये मात्र की न्यूनतम मासिक आय की गारंटी मानदेय के रूप सुनिश्चित,सात से चौसठ रुपये प्रति निवटल का न्यूनतम मार्जिन केंद्र सरकार दवारा नियुक्त तृतीय पक्ष वर्ल्ड फूड प्रोग्राम की सिफारिशों को लागू, कार्डधारकों के उत्पीड़न को कम करने के लिए, एक वैकल्पिक व्यवस्था ,चावल, गेहूं और चीनी के लिए 1 किलो प्रति क्विटल की दर से हैंडलिंग लॉस की अनुमति दी जानी चाहिए, खाद्य तेल, दाल और चीनी की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से आपूर्ति,जूट के बोरी में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों के उचित मूल्य दुकान के डीलरों को चावल और गेहूं के लिए प्रत्यक्ष खरीद एजेंट के रूप में कार्य करने की अनुमति देना। पश्चिम बंगाल राशन मांडल यानी ₹सभी के लिए भोजन₹ पूरे देश में लागू किया जाए,कोरोना पीडित व्यापारियों को राजस्थान राज्य द्वारा प्रदान किए गए 50 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए शामिल है इस मौके कहा हमारी सरकार इन पर विचार नहीं करती है तो भविष्य में चलकर आगे भी आंदोलन की जाएगी।

## श्राद्ध में पौधरोपण से पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के अलग - अलग गांवों के दो श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पौधरोपण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया। छतरपुर कौशल नगर में स्व. मनजीत रामअवतार मुरुमदाग पंचायत के भीखही निवासी स्व हरीभुइयां के धर्मपत्नी सरती कुंवर के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। वहीं परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने स्व. मनजीत के



असामयिक मृत्यु पर उनके घर जाकर परिजनों को न सिर्फ हर संभव मदद करने की भरोसा दिलाई बल्कि हर सुख दुख में उनके साथ खड़ा रहने की प्रतिबद्धता भी दुहरायी। मौके पर स्व. मनजीत राम के पिता नरेश राम और स्व. सरति कुंवर के पुत्र दिनेश भुइयां व मुरुमदाग पंचायत के मुखिया भोला सिंह ,डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी , जुबेर अंसारी, मनोज यादव, अशोक यादव, मुकेश यादव, रामा सिंह, विकास कुमार, अमरेंद्र कुमार रवि, शमीम अंसारी, नारद भुईयां,भरथि भुइयां संतोष उरांव,उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा के साथ महोत्सव शुरू



**नवीन मेल संवादाता। ठेठईटांगर**

ठेठईटांगर के पाइकपारा पंचायत अंतर्गत रेंगारिह में नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय महोत्सव प्रारंभ हो गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। जहां पर सर्वप्रथम नदी से अभिमंत्रित जल लाकर नगर भ्रमण करते हुए मुख्य मंदिर तक पहुंचे जहां पर कलश यात्रा का समापन किया गया। इस मौके पर धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। धर्म सभा में विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं मंदिर निर्माण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जहां पर सभी लोगों को नवनिर्मित मंदिर निर्माण कार्य के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही अपने समाज अपने धर्म और सनातन संस्कृति सभ्यता के प्रति जागरूक रहते हुए अपने बच्चों को अपने धर्म और अपने समाज के प्रति जानकारी देने की बात कही। वहीं समाज में फैली कुरीतियों नीच भेदभाव छुआछूत आदि चीजों से दूर रहकर सभी लोगों को मानवता का कर्तव्य निभाने का बात कहा गया। मौके पर सभी लोगों को प्रत्येक सप्ताह 1 दिन समय निकालकर भजन कीर्तन करने की बात कही। जिससे कि सभी लोगों में आपसी मेल मिलाप और समाज में सरना सनातन की संस्कृति बरकरार रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके बाद अधिवास पूजन के साथ हनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत शुरूआत हुई बताया गया कि आज 24 घंटे की अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ होगी जिसके बाद कल कीर्तन पूणार्हुति पर विशाल भंडारे के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव संपन्न होगी जहां पर काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही इधर आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह राजेश कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष वृंदा बड़ाईक ,सचिव शकुंतला देवी आदि थे।

## महिला से पर्स छीन कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के डंडिला गांव निवासी धर्मेन्द्र राम की पत्नी रीता देवी से मोबाइल व पर्स चोर लेकर भाग निकले। भुक्तभोगी ने इस मामले में हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से मिस्टर सिद्दीकी नामक चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है?। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने केस पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि चोर ने अपना नाम मिस्टर सिद्दीकी, पिता कलाम सिद्दीकी, ग्राम इस्लामगंज मोहल्ला हुसैनाबाद बताया है। इससे छिनतई की सामग्री भी बरामद कर ली गई है। जिसे जेल भी भेज दिया गया है। भुक्तभोगी ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि बुधवार को दिन के 12. 15 बजे पेट्रोल पंप के पास अपने छोटे बेटे के साथ बैठे थे। उसी वक्त एक अज्ञात लड़का ने आने के बाद मेरे हाथ से पर्स छीनकर भागने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों दौड़ाकर जपला छत्तरपुर रोड में उसे पकड़ लिया।

## कार सहित 55 हजार कैश लेकर ड्राइवर फरार, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र चियांकी के परियोजना केन्द्र टेक्नीशियन नीतीश कुमार की कार जेएच01सीएम8311 और नगद 55 हजार रुपये लेकर चालक महेश पंडित पिछले 24 घंटे से फरार है। ड्राइवर से कोई संपर्क नहीं होने पर इस संबंध में नीतीश कुमार ने गुरूवार को शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। टेक्नीशियन को चालक पटना से मुहैया कराया गया था। नीतीश के अनुसार गत 26 जनवरी से उसने मारूती बोलेनो के लिए महेश पंडित नामक युवक को चालक के रूप में रखा था। बुधवार की रात 10.50 बजे नीतीश चियांकी कार्यालय में काम कर रहे थे। कार्यालय के ही किसी स्टॉफ को छोड़ने के लिए नीतीश अपने चालक को कार के




साथ रेड़मा चौक भेजा था। रेड़मा चौक के लिए निकले चालक का कई घंटे तक कोई अतापता नहीं चला। तब उन्होंने मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो वह भी दूसरे का निकला। नीतीश को चालक के बारे में विशेष कोई जानकारी नहीं थी। बिना पुख्ता प्रमाण के चालक को ड्यूटी पर रख लिया गया था। उसके गायब होने के बाद उसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। नीतीश ने पुलिस को बताया कि कार में 55 हजार रुपये भी थे। पटना से उसे महेश पंडित नामक युवक को चालक के तौर पर मुहैया कराया गया था। इधर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गयी है। बिना पहचान वेरीफाई किए ही चालक रख लिया गया था। चालक बीती रात कार लेकर फरार हो गया है। कार चालक पटना का कोई युवक था।

### कार व बाइक की टक्कर में दो व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** नावाबजार थाना क्षेत्र के ग्राम कंडा में कार और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो व्यक्ति सत्येंद्र साव और दीपक पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर दोनों व्यक्ति किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में कंडा गांव के पास उनकी बाइक की टक्कर कार से हो गईं। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल सतेन्द्र साव और दीपक पासवान को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी सतेन्द्र की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर नावा बाजार थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## जैप जवान ने बीस सूत्री उपाध्यक्ष को दी धमकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में इतने दिनों से लगातार कायम महिला सुरक्षा और शांति का दावा एकबार फिर छिन्न-भिन्न हो गया, जब बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी पर पुलिस के ही लेस्लीगंज जैप के जवान अमित कुमार सिंह ने दबंगता दिखाते हुए अभद्रता की और सरेआम देख लेने की धमकी दी। इस घटना से आहत विमला कुमारी ने पलामू उपायुक्त और पुलिस कप्तान को तीन जनवरी को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि 2 फरवरी को लगभग 11 बजे अपने निजी वाहन स्कार्पियों से समहारणालय स्थित बीस सूत्री कार्यालय के लिए ज्ञान निकेतन आवासीय स्कूल के रास्ते होकर जा रही थी। तभी रास्ते में अचानक एक काले रंग की कार सामने आ गई और गाड़ी पिछे करने के लिए मेरे ड्राईवर पर



दबाव बनाने लगा। इसी क्रम में एक आरक्षी जिसकी वर्दी पर अमित कुमार सिंह लिखा हुआ था । वह गाड़ी से उतरा और मुझसे तैस में बोला कि गाड़ी पिछे करो। जब मैं गाड़ी से उतरकर उससे बात करने की कोशिश की तो वह बदतमीजी पर उतर आया और बोला की बीस सूत्री की अध्यक्ष हो तो क्या राष्ट्रपति हो । बोर्ड उखाड़कर फेक दूंगा अगर वर्दी में नहीं होता तो, तुम्हें बता देता। इस घटना से आहत विमला कुमारी ने आरक्षी अमित कुमार सिंह पर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पत्रकारों से बात करते हुए वह काफी आहत थी। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व सांसद स्व. रामदेनी राम की पुत्री हूं। साथ ही मैं महिला होते हुए एक सम्मानित पद पर भी हूं। जब मेरी जैसी महिला ही समाज में सुरक्षित नहीं है तो प्रशासन आम जन की सुरक्षा कैसे करेगा।

**निरीक्षण**

## उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण

# संचालित गतिविधियों का लिया जायजा, शिक्षा के गुणवत्ता की जांच की

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पलामू उपायुक्त ने गुरुवार को पांकी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही कक्षा के छात्रों से शिक्षा के गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने छात्रों से मुखातिब होते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताई। छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित उपायुक्त ने शिक्षक व बच्चों से कहा कि शिक्षा जीवन की महत्वपूर्ण आधारशिला है। शिक्षा अर्जन में किसी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही न हो। अपने भविष्य को बेहतर करने एवं बेहतर समाज निर्माण में बेहतर योगदान दें। बच्चों के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका



होती है। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा के प्रति अभिरुचि लेते हुए विद्यालय के छात्राओं को शिक्षित करने का निर्देश दिया। साथ हीं बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने का निर्देश दिया। विद्यालय निरीक्षण के क्रम में सुचारू रूप से बिजली हेतु जेनरेटर की व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया। सोलर जल मीनार एवं बोरिंग की व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने बालिकाओं के छात्रावास का भी निरीक्षण किया। विधि-व्यवस्था सहित रहने-खाने एवं स्टोर रूम की जांच की। बालिकाओं को प्रतिदिन रूटीन वाईज मिलने वाले अल्पाहार एवं भोजन की सूची का अवलोकन किया। साफ-सफाई बरकरार रखने का निर्देश दिया।

## शिक्षकों की छुट्टी के लिए नया प्रारूप जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को अब नये प्रारूप से छुट्टी मिलेगी। छुट्टी को लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने नया पत्र जारी किया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र जारी किया है। सचिव ने जारी आदेश में कहा है कि स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और प्राचार्यो को लीव एप्लीकेशन मॉड्यूल के तहत छुट्टी लेने का प्रावधान किया गया है। जो प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को छुट्टी के लिए आवेदन समर्पित करने का अनुमति देता है। छुट्टी की पात्रता से संबंधित विवरण दिखाता है । छुट्टी के अनुरोध के प्रसंस्करण और निपटान की अनुमति देता है। कर्मियों की छुट्टी इतिहास का विस्तृत विवरण प्रदान करता है। सचिव ने निर्देशित किया है कि पत्र निर्गत की तिथि से सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को मात्र लीव एप्लीकेशन मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी के लिए आवेदन करते हुए अवकाश प्राप्त करना होगा। किसी भी परिस्थिति में अन्य माध्यम से आवेदित छुट्टी आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।



राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
शुक्रवार, 10 फरवरी 2023



ज्ञान की बात

**संसार में जहां कहीं न्याय के पक्ष में एक भी हाथ उठता है, वह सम्पूर्ण सृष्टि की सात्विकता को बल देता है; और संसार में व्याप्त पाप और अतिचार के प्रतिरोध में सक्रिय योगदान करता है । जो अपने स्वार्थ से निरपेक्ष यह संघर्ष करता है वह महान है; किंतु जो अपने व्यक्तिगत कारणों से भी अन्याय का विरोध करता है, वह कम सार्थक नहीं है।**

*- ठाकुरजी*



# हाथी मेरे साथी...

***आज*** से करीब दो दशक पूर्व एक फिल्म बनी थी। हाथी मेरे साथी। इस फिल्म में दिखाया गया था कि हाथी अपने मालिक के हर सुख दुख में साथ निभाता है। इस फिल्म के नायक राजेश खन्ना ने हाथी की मौत पर एक गाना गाया था। जब जानवर इंसान को मारे तो...इत्यादि। ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां हाथी इंसान के लिए मददगार साबित हुए हैं। सचमुच वन्य जीव हमारे सहचर रहे हैं। आज भी हैं। लेकिन एक बात शायद हम सब भूल रहे हैं कि हम अपने स्वार्थ में इनके घरों को तहस-नहस कर रहे हैं। यही कारण है कि ये आक्रामक हो रहे हैं। वैसे कोई भी जीव जंतु बेकार में हिंसक नहीं होता हैं। उनका स्वभाव है कि जब उन्हें इंसान से डर लगने लगता है तो वे आत्मरक्षा के लिए हमला करते हैं। दूसरी वजह भोजन का नहीं मिलना,उन्हें हिंसक बना देता है। पिछले दिनों अपने झुंड से बिछड़कर एक हाथी के कहर ने यह बतला दिया है कि इसके विचरण वाले रास्ते में व्यवधान डालना खतरनाक है। उसका उदाहरण हजारीबाग के कुम्हरटोली और खिरगांव काली मंदिर के समीप देखने को मिला। गुस्साये हाथी ने दो लोगों की जान ले ली। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। हाथियों के दल से बिछड़ कर एक अकेला हाथी खिरगांव के रास्ते शहर में प्रवेश किया और श्मशान काली मंदिर के समीप खेत में काम क रहे एक वृद्ध को उठा कर पटक दिया।

**जंगलों से निकलकर गांव और शहरों में फसलों की बर्बादी और इंसान की जान लेना आम बात है। हाथियों के हमले में अभी तक सैकड़ो लोगों ने जान गंवाई है। गौरतलब बात यह कि भले ही जंगलों का दायरा बढ़ा है।**

उसको मारने के बाद हाथी आगे बढ़ा और कुम्हार टोली विद्या मंदिर में घुसकर एक महिला की जान ले ली। घटना के बाद बवाल मचा है। वैसे हाथियों का आतंक झारखंड में कोई नई बात नहीं है। जंगलों से निकलकर गांव और शहरों में फसलों की बर्बादी और इंसान की जान लेना आम बात है। हाथियों के हमले में अभी तक सैकड़ो लोगों ने जान गंवाई है। गौरतलब बात यह कि भले ही जंगलों का दायरा बढ़ा है। लेकिन यह हाथियों के लिए अनुकूल नहीं है। इनके सामनों भोजन और पानी की समस्या भयावह हो गयी है। बांस और हरे पत्तों की कमी इन्हें ऐसा करने को बाध्य कर रहा है। दूसरी तरफ जंगल के साथ छेड़छाड़ प्रमुख कारण है। हाथी की प्रकृति होती है कि एक बार जहां यह भोजन करते हैं,वहां दोबारा जरूर आते हैं। वहां आने पर जब उन्हें अवरोध का सामना करना पड़ता है, तो उनका गुस्सा सांतवें आसमान पर होता है। मसलन जहां यह कुछ वर्ष पहले भोजन किये हैं,वहां मकान का बन जाना उन्हें असहज लगता है। वैसे आम तौर पर हाथी एक ही रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन रास्ते में इंसानी बसावट तो कहीं खदानें तो कई एनएच निर्माण के कारण यह रास्ता भटक रहे हैं। दूसरी तरफ वन विभाग को जंगलों में इन्हें खाने की व्यवस्था करनी होगी। मसलन बांस और घास की व्यवस्था देनी होगी। तभी यह जंगल से बाहर नहीं निकलेंगे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति और जनसंचार शिक्षा





डॉ. संजय द्विवेदी

***जनसंचार*** हमारे समाज की एक ऐसी आवश्यकता है, जिस पर इसका विकास, प्रगति और गतिशीलता सर्वाधिक निर्भर करती है। एक विषय के तौर पर यह भले ही नया प्रतीत होता हो, लेकिन समाज के एक अभिन्न अंग के रूप में यह शताब्दियों से हमारे साथ विद्यमान रहा है और एक समाज के तौर पर हमें हमेशा मजबूती, गति व दिशा देता रहा है। फर्क यही आया है कि पहले जनसंचार एक नैसर्गिक प्रतिभा होता था, अब एक कौशल बन गया है, जिसे प्रशिक्षण से विकसित किया जा सकता है। पारिभाषिक रूप से जनसंचार वह प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत सूचनाओं को पाठ्य, श्रव्य या दृश्य रूप में बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचाया जाता है। आम तौर पर इस कार्य के लिए समाचार पत्र-पत्रिकाओं, टेलीविजन, रेडियो, सोशल नेटवर्किंग, न्यूज पोर्टल आदि विभिन्न माध्यमों का प्रयोग किया जाता है। पत्रकारिता, विज्ञापन, इवेंट मैनेजमेंट और जनसंपर्क, जनसंचार के कुछ लोकप्रिय स्वरूप हैं।

**सदियों से अस्तित्व में है जनसंचार :** अगर हम इतिहास की बात करें तो जनसंचार का सबसे प्राचीन उदाहरण तो हमारे धर्मग्रंथों में देवर्षि नारद द्वारा सूचनाओं के सम्प्रेषण और महाभारत में संजय द्वारा धृतराष्ट्र के लिए युद्ध के सीधे प्रसारण में ही देखने को मिल जाता है। यद्यपि आधुनिक युग के हिसाब से जनसंचार का विधिवत आगमन 15वीं सदी के अंत में माना जा सकता है, जब गुंटेनबर्ग ने प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया और शब्दों के लिखित रूप को जन-जन तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके करीब एक शताब्दी बाद, वर्ष 1604 में जर्मनी में पहले मुद्रित समाचार पत्र 'रिलेशन एलर फर्नेममेन एंड गेडेनक्वुर्डिगेन हिस्टोरियन' से इसे एक संस्थागत स्वरूप मिला। इसके बाद वर्ष 1895 में मार्कोनी ने रेडियो की खोज कर शब्दों का श्रव्य रूप लोगों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया और वर्ष 1925 में जॉन लोगी बेयर्ड ने दुनिया को टेलीविजन के रूप में ऐसी सौगात दी, जिसने शब्दों और ध्वनियों के साथ-साथ दृश्यों को भी हम तक पहुंचाया। इंटरनेट ने संचार को दी नई ताकत : संचार की दुनिया में सबसे बड़ी क्रांति का सूत्रपात 1990 में 'वर्ल्ड वाइड वेब' यानि इंटरनेट की खोज से हुआ। यह एक ऐसी सुविधा थी, जिसने एक साधारण व्यक्ति को भी संचारक बनने का अवसर उपलब्ध कराया। बीते 23 सालों में इसमें बहुत बदलाव आए हैं और संचार पहले की तुलना में काफी सुगम, सुलभ, सस्ता और द्रुतगति वाला हो गया है। आज लाखों लोग, बहुत कम बजट में और बहुत कम वक्त में अपनी बात दुनिया के करोड़ों लोगों तक पहुंचाने में सक्षम हैं। अनुमान है कि ऐसे लोगों की संख्या चार खरब से भी ज्यादा है, जो इंटरनेट तक पहुंच

**वर्ष 1925 में जॉन लोगी बेयर्ड ने दुनिया को टेलीविजन के रूप में ऐसी सौगात दी, इंटरनेट ने संचार को दी नई ताकत : संचार की दुनिया में बड़ी क्रांति का सूत्रपात 1990 में 'वर्ल्ड वाइड वेब' यानि इंटरनेट की खोज से हुआ।**

## इन दिनों

रखते हैं। जनसंचार के इसी फैलते क्षेत्र और व्यापक प्रभाव ने इसे एक अकादमिक अध्ययन का विषय बनाया है और आज यह व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत पढ़े जाने वाले सर्वाधिक पसंदीदा विषयों में से एक है। आज दुनिया के लगभग सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जनसंचार अथवा मास कम्युनिकेशन को स्नातक, स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम या स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जाता है और इनसे हर साल हजारों की संख्या में पत्रकार, जनसंपर्क एवं विज्ञापन विशेषज्ञ तथा संचारक प्रशिक्षित होते हैं और विभिन्न संस्थानों से जुड़कर अपनी कैरियर यात्रा आरंभ करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और जनसंचार : शिक्षा के क्षेत्र में इक्विटी (भागीदारी), अफोर्डेबिलिटी (किफायत), क्वालिटी (गुणवत्ता), एक्सेस (सब तक पहुंच) और अकाउंटेबिलिटी (जवाबदेही) सुनिश्चित करने के लिए हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश की थी। शिक्षा को सुलभ, सरल और अधिक उपयोगी बनाने के उद्देश्य से इसमें कई नये प्रावधान सम्मिलित किये गये हैं। हालांकि इसमें स्पष्ट रूप से मीडिया व जनसंचार जैसे विषयों का उल्लेख नहीं किया गया है। लेकिन, सच तो यह है कि ऐसे बहुत सारे विषय हैं, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मीडिया या कम्युनिकेशन पर निर्भर हैं। जनसंचार में प्रौद्योगिकी के प्रवेश ने इसके प्रभाव क्षेत्र को बहुत व्यापक और विस्तृत कर दिया है। लेकिन, जिस तरह से बीते दो दशकों में मीडिया के क्षेत्र में प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या में जो कल्पनातीत वृद्धि हुई है, उसे देखते हुए यह बहुत आवश्यक हो गया है कि इसमें भी जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विचार किया जाय। मीडिया और जनसंचार लगभग सौ सालों से एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। इन सौ सालों में समाज के स्वरूप, स्वभाव, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं में बहुत बदलाव आया है। इस बदलती हुई दुनिया के अनुरूप पत्रकारिता के प्रशिक्षण में भी बदलाव आवश्यक हैं। **नया मीडिया : संभावनाएं और चुनौतियां :** 21वीं सदी में जिस मीडिया उदय हुआ है, वह प्रिंट, टीवी या रेडियो तक सीमित नहीं है। इंटरनेट की पहुंच और प्रभाव ने मीडिया को बहुत सारी नई चीजें दी हैं, जिनमें समृद्धि और सफलता के लिए बहुत सारी नई संभावनाएं उत्पन्न हुई हैं।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा*

***दूसरा अध्याय***

***यह*** संसार श्रई विश्वकर्मा भगवान की कृपा से ही सुखी है, क्योकिं उनके बताये ज्ञान से ही आवश्यक यानादि जगत बनाता है। तभी से श्री विश्वकर्मा जी का महारूप संसार में प्रसिद्ध हुआ है। परम्परा से आये हुए इस कथानक ने मेरे कानों को भी पवित्र किया है। हे ऋषियों, इस परम रहस्य को जो मनुष्य श्रवण करेंगे, उनकें लिए श्रवणमात्र से ही ज्ञान प्राप्ति हो जायेगी। यह महाज्योतिः रूप है जो संसार का उपकारक है, वह मनुष्य कृतघ्न और पापी है जो इस रूप का ध्यान नही करता है।

**तीसरा अध्याय**

हे महाराज, आपसे कहे हुए श्री विश्वकर्मा के चरित्र को श्रवण करते हुए हमारे चित्त की तृप्ति नहीं होती है, जैसे अमृत के पान करने से देवताओं की तृप्ति नहीं होती है। अब भी श्री विश्वकर्मा जी के सच्चरित्र के श्रवण की इच्छा अस प्रकार बढती जा रही है जैसे हवा से बार बार अग्नि बढती है। सूत जी कहने लगे - है मुनि श्रेष्ठों, एकाग्र मन से तुम जगत्पूज्य, सच्चिदानन्दस्वरू श्री विश्वकर्मा जी का दिव्य आख्यान सुनों। प्राचीन काल में एक प्रमंगद नाम का राजा हुआ, जो अपनी प्रजा को संतान से समान पालता था और सब धर्म के कामों में बिल्कुल प्रमाद नही किया करता था। वह अपनी प्रजा का स्नेह से शासन करता था और कभी भी दण्ड से प्रजा का दमन नही करता था। दरिद्रता से आकांत हुए मनुष्य मेरा शासन मानेंगे, यह उसकी नीति नहीं थी, अतएव वह राजा सदा प्रजा की वृद्धि के लए यत्न करता था, उसका राज्य कृतघ्न और दुष्टों के अभाव के कारण सुखी था।

*(क्रमशः)*

# निवारण, उपचार तथा पुर्नवास ड्रग के विरूद्ध त्रिस्तरीय उपागम



डॉ. वीरेंद्र कुमार

'***भारत*** में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की प्रमात्रा' रिपोर्ट सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) तथा राष्ट्रीय ड्रग निर्भरता उपचार केन्द्र (एनडीडीटीसी) द्वारा वर्ष 2019 में जारी की गई थी जिसमें भारत में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की बढ़ती अभिवृत्ति को दर्शाया गया था। अनेक ड्रग परिपाटी के भाग रहे हैं तथा ये आज भी देश के कुछ हिस्सों में बने हुए हैं। तथापि, ड्रग का दुरुपयोग परम्परागत उपयोग से परे पहुंच गया है तथा यह युवाओं के मध्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के एक मुद्दे के रूप में प्रकट हो रहा है। चिकित्सा शोध के अनुसार, यह स्वीकृत किया गया है कि ड्रग की लत अथवा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग का विकार एक क्रोनिक व रिलेप्सिंग स्वास्थ्य संबंधी अवस्था है जो जेनेटिक, जैविक, परिवेश तथा जीवन शैली से संबंधित कारकों की वजह से होती है तथा इसका उपचार, परामर्श, जीवन शैली में बदलाव तथा दवाइयों से चिकित्सा उपचार करके किया जा सकता है। इसलिए किसी भी समाज में ड्रग संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए एक सूचना संपन्न व बहु-आयामी कार्यनीति अपनाने की जरूरत होती है जो समय के अनुसार ड्रग आपूर्ति का समाधान करती है और ड्रग की मांग में कटौती होती है। सरकार के नकोर्ड तंत्र ने बड़े पैमाने पर ड्रग के दुरुपयोग संबंधी समस्या का समाधान करने मदद की है। इसके दिशा तथा अभिसरण के परिणामस्वरूप सभी एजेंसियों एवं हितभागियों द्वारा एकीकृत कार्रवाई की गई है जो एकल प्लेटफार्म पर नशीले पदार्थों की दुरुपयोग की समस्या का समाधान कर रहे हैं। ड्रग के दुरूपयोग तथा अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने ट्विट किया कि 'मैं,हमारे समाज से ड्रग के संकट का उन्मूलन करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यरत सभी की प्रशंसा करता हूं। जीवन को बचाने का प्रत्येक ऐसा प्रयास महत्वपूर्ण है। आखिरकार, ड्रग्स अपने साथ अंधकार, विनाश तथा विध्वंस ही लेकर आती है। ''सरकार के नकोर्ड तंत्र ने ड्रग के दुरूपयोग की समस्या का समाधान करने के लिए बड़े स्तर पर सहायता की है। इसके निर्देशन एवं अभिसरण के फलस्वरूप नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरूद्ध संघर्ष कर रहे सभी एजेंसियों तथा हितभागियों द्वारा एकल प्लेटफार्म पर एकीकृत कार्य करना संभव हुआ है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशामुक्त भारत अभियान, एक समुदाय आधारित जन-आंदोलन अभियान, की शुरूआत 15 अगस्त, 2020 को देश के 272 सर्वाधिक असुरक्षित जिलों में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध की गई थी। जन-आंदोलन के दूसरे कदम के रूप में वर्ष 2022 में अन्य 100 सर्वाधिक असुरक्षित जिलों को इस सूची में जोड़ा गया था। नशामुक्त भारत अभियान के जन्म के समय से परामर्श-संबंधी कार्यकलापों के माध्यम से बेहतरीन समुदाय संपर्क हेतु सक्रिय रूप से संकल्पना बनाने एवं कार्य करने वाले हितभागियों की सहायता से ड्रग की मांग में कटौती में बड़े परिवर्तन किये गये हैं। आज की तारीख तक 9.3 करोड़ से अधिक लोगों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के बारे में जागृत किया गया है जिनमें 3 करोड़ से अधिक युवा तथा 2 करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इस मिशन में 2.7 लाख से अधिक शैक्षिक संस्थाओं ने भाग लिया है। नशामुक्त भारत अभियान महिलाओं, बच्चों, शैक्षिक संस्थाओं तथा सिविल सोसायटी संगठनों की सहायता कर उन्हें इस कार्रवाई में आगे लाता है। इस अभियान में 8000 से अधिक मास्टर स्वयंसेवकों का मजबूत बल है जो नशीले पदार्थों के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों, सबसे दुरस्त क्षेत्रों में नशीले पदार्थों के साथ संघर्षरतलोगों के पुनर्वास तथा निवारण की प्रक्रिया का संदेश देने के लिए प्रशिक्षित तथा जानकार हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में जनसामान्य से जुड़ने तथा सांस्कृतिक रूप से गहरा प्रभाव डालने और नशीले पदार्थों की मांग को अंतः प्रभावित करने के लिए कदम उठाने हेतु कई कार्यक्रम जैसे मैराथन, लोक संगीत, स्थानीय खेल-कूद कार्यक्रम, नाव अथवा साईकिल रैलियां तथा कई अन्य कार्यकलाप आयोजित किये जाते हैं। यह आश्रित लोगों तक पहुंचने तथा उनकी पहचान के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, परिसरों तथा स्कूलों के साथ भागीदारी करने को प्रतिबद्ध है; सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के साथ अस्पतालों तथा पुनर्वास केन्द्रों में परामर्श और उपचार सुविधाओं पर बल देते हुए यह अभियान ड्रग्स के उपयोग के बढ़ते ट्रेंड के लिए आरंभ से अंत तक एक संकल्प है।


**सरकार के नकोर्ड तंत्र ने बड़े पैमाने पर ड्रग के दुरुपयोग संबंधी समस्या का समाधान करने मदद की है। इसके दिशा तथा अभिसरण के परिणामस्वरूप सभी एजेंसियों एवं हितभागियों द्वारा एकीकृत कार्रवाई की गई है।**

## राजनीति

## फोटो की दुनिया

**Kshitij Pandey**
10 h ·

मेरी हर कमी को है तू लाज़िमी...#यथेष्ट...



## ट्वीट-ट्वीट



Saryu Roy
@roysaryu

.@HemantSorenJMM की सरकार में @BannaGupta76 के विभाग ने 2020 से अबतक टेन्डर दर से दो-तीन गुना अधिक दर पर अरबों रूपये की दवाएँ ख़रीदा है.गत 1 फ़रवरी को मैंने सबूत सहित कागज जारी किया,मीडिया ने प्रकाशित/प्रसारित किया.सरकार ने न खंडन किया,न ख़रीद पर रोक लगाया,न दोषी पर कारवाई किया!

## फेसबुक वॉल से

**Abhishek Tripathi**
2 d ·

मुझे जाति पसंद नहीं। मेरे जैसे कई लोगों को पसंद नहीं होगी लेकिन बचपन से लेकर अब तक स्कूल और हर सरकारी फार्म में इसे क्यों भरवाया जाता है। संविधान में जाति का उल्लेख क्यों किया गया है? हर सरकार कुछ लोगों को जाति के आधार पर इस वर्ग से उस वर्ग में क्यों डालती है? ये क्या पंडितों (ज्ञानियों) ने किया?

# जासूसी गुब्बारा या मौसम अनुसंधान के मायने



कमलेश पांडेय

***दुनियावी*** देशों की निगरानी क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए चीन ने जो 'जासूसी गुब्बारा' उड़ाया था, अमेरिकी आसमान में उसका प्रवेश होने के बाद अमेरिकी वायुसेना ने उसे अपनी मिसाइल से मार गिराया। वहीं, चीन ने असैन्य मानव रहित यान पर अमेरिका द्वारा हमला करने का कड़ा विरोध जताते हुए इस कथित जासूसी गुब्बारे को अपना मानव रहित मौसम अनुसंधान पोत बताया और अमेरिका को अंजाम भुगतने की धमकी दी। इस घटनाक्रम का संदेश स्पष्ट है। एक ओर जहां अमेरिका ने अपने वायुक्षेत्र का स्पष्ट उल्लंघन समझकर जासूसी गुब्बारे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके दुनिया के सामने अपनी सम्प्रभुता की रक्षा को लेकर एक नजीर पेश की है, वहीं दूसरी ओर चीन को यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि उसकी तकनीक दुनिया की अव्वल तकनीक है, जिससे किसी का भी बच निकलना सम्भव नहीं है। देखा जाय तो इससे वैश्विक पटल पर चीन के नापाक इरादों की कलई एक बार फिर खुल गई, जिससे भारत को भी सबक लेने और अतिशय सावधानी बरतने की जरूरत है। वास्तव में, चीन के मौसम अनुसंधान पोत को जासूसी गुब्बारा समझकर अमेरिका द्वारा मार गिराये जाने के कुछ खास रणनीतिक मायने हैं, जिन्हें समय रहते समझ जाने में सभी देशों की भलाई है। सबसे पहले हम बात करते हैं इस पूरे घटनाक्रम की, फिर इसके मायने की, ताकि इसे समझकर तदनुरूप एहतियाती रणनीति तैयार की जा सके। बता दें कि 28 जनवरी 2023 को अलास्का, 30 जनवरी को कनाडा और 31 जनवरी को अमेरिका के हवाई क्षेत्र मोंटाना में चीन का एक विशाल जासूसी गुब्बारा देखे जाने से हड़कम्प मच गया था, क्योंकि इसका आकार तीन बसों के बराबर था। अमूमन ये गुब्बारा 5 दिनों तक अमेरिका के हवाई क्षेत्र में मौजूद रहा, जिस पर बरीकी पूर्वक नजर रखी गई। इसी बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन द्वारा अपनी संवेदनशील जानकारी को सुरक्षित करने के तत्काल कदम उठाये गये, जबकि अमेरिकी रक्षा एजेंसियां इस जासूसी गुब्बारे की पड़ताल करके इसे निपटाने में जुट गईं। खबर है कि जब यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के संज्ञान में आई तो उन्होंने जमीन पर किसी को नुकसान पहुंचाए बिना इसे मार गिराने का आदेश दिया। जिसके बाद गत 4 फरवरी को इसे मार गिराया गया। बताया जाता है कि इसमें कनाडा की सरकार ने भी उसे पूरा सहयोग किया। अमेरिकी वायुसेना ने दक्षिण कैरोलाइना में अमेरिकी तट से लगभग 9.65 किलोमीटर दूर अटलांटिक महासागर के ऊपर जासूसी गुब्बारे को मार गिराया, जिसका मलबा दक्षिण कैरोलाइना में मिरटल बीच के पास गिरा और 11 किलोमीटर क्षेत्र में फैल गया। वहीं, अब इस मलबे को समेटने का प्रयास अमेरिकी सेना कर रही है, ताकि गुब्बारे द्वारा एकत्रित की गई संवेदनशील सूचनाएं हासिल की जा सकें और चीन के लिए इसका खुफिया महत्व खत्म हो जाये। उधर, विशेषज्ञों की मानें तो चीन ने यह जासूसी गुब्बारा अमेरिका की निगरानी क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए उठाया था, ताकि वह इस बात से भलीभांति अवगत हो सके कि अमेरिकी निगरानी प्रणाली कितने समय में विदेशी उपकरणों का पता लगाने में सक्षम हैं। हालांकि, चीन इससे इनकार कर चुका है। प्रतिरक्षात्मक तौर पर उसका कहना है कि अमेरिका द्वारा असैन्य मानवरहित यान के ऊपर बल प्रयोग पर जोर देना वास्तव में एक अनावश्यक प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन है, जिसकी प्रतिक्रिया में वह आगे कदम उठाने का अधिकार रखता है। वह प्रासंगिक कम्पनी के वैध अधिकारों और हितों को दृढ़तापूर्वक बनाये रखेगा, क्योंकि अमेरिका द्वारा मार गिराया गया गुब्बारा एक मौसम अनुसंधान पोत था, जो तेज हवाओं के कारण अमेरिकी नभ क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। स्वाभाविक है कि चीन भी अगला कोई कदम अवश्य उठायेगा। मेरे विचार से भारत को इस घटनाक्रम से सबक लेना चाहिए और चीन के मुकाबले अपने शोध-अनुसंधान को उच्चस्तरीय बनाने के लिए इसे प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। क्योंकि चीन अमेरिका से ज्यादा भारतीय महत्वाकांक्षाओं के लिए बाधक और खतरा दोनों साबित हो सकता है, यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। संभव है कि जल और थल पर इस तरह की जासूसी करते रहने का आदी हो चुका चीन, भारतीय नभ (आकाश) क्षेत्र में भी इस तरह की जासूसी की हो।

**अमेरिका द्वारा असैन्य मानवरहित यान के ऊपर बल प्रयोग पर जोर देना वास्तव में एक अनावश्यक प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन है, जिसकी प्रतिक्रिया में वह आगे कदम उठाने का अधिकार रखता है।**

## दुनियादारी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## सुशासन बाबू नीतीश कुमार के ये हैं नायाब अफसर 'शाह', तंज कसने में पीछे नहीं और गालियों की प्रैक्टिस...माशाअल्लाह

# एक डीजी, जो सीनियर आईपीएस को मां-बहन की गालियां देती हैं



**कुमार जितेंद्र ज्योति। पटना**

बिहार में रहकर 'बिहारी' से ऐसी घृणा उस राज में हो रहा है, जिस राज्य के मुखिया बिहारियों के लिए झंडे गाड़ने की बात खुले मंचों से करते आ रहे हैं। अब सीधे इस खबर पर आते हैं। गुरुवार का सूर्योदय होने से पहले बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी आईजी विकास वैभव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें होमगार्ड एंड फायर सर्विसेज की कमांडेंट जनरल और डीजी लगातार प्रताड़ित कर रही हैं। लगातार 'बिहारी' कहकर गालियां देती हैं। मां-बहन की गालियां दे रही हैं। इस बारे में सुबह करीब पौने 9 बजे डीजी शोभा अहोटकर को प्रतिक्रिया के लिए कॉल किया गया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। मैसेज दिया गया। फिर कार्यालय अवधि में भी कॉल नहीं उठा। इधर, आईजी विकास वैभव ने इस बारे में कुछ बोलने से इनकार किया।

सबसे अधिक दुख तब हुआ जब 9वीं कक्षा की अनुभूति के पश्चात पुनः बिहारी बोलकर इसलिए गाली दिया गया चूंकि उनका मानना है कि बिहार के मुख्यमन्त्री ने उन्हें DG के लिए योग्य नहीं मेना और नहीं चुना और चुंकि DG बनने के लिए ही उनके द्वारा Homeguards and Fire Services के लिए कार्य किया जा रहा था परंतु निराशा में भी ऐसी पराकाष्ठा हुई कि वचनों पर भी नियंत्रण नहीं रहा, सच में द्रवित हूं! महाराष्ट्र के अनेक महापुरुष मेरे आदर्श हैं! छत्रपति शिवाजी तथा स्वातंत्रवीर प्रेरणा हैं! यात्री गतिमान है और रहेगी! ऊँ

Vikas Vaibhav, IPS
@vikasvaibhavips

मुझे IG, Homeguards and Fire Services का दायित्व दिनांक 18.10.2022 को दिया गया था और तब से ही सभी नव दायित्वों के निर्वहन हेतु हरसंभव प्रयास कर रहा हूँ, प्रतिदिन तब से अनावश्यक ही DG मैडम के मुख से गालियाँ ही सुन रहा हूँ (recorded too)! परंतु #यात्री_मन आज वास्तव में द्रवित है ।

Translate Tweet

1:43 · 09 Feb 23

मेरी पत्नी तथा माता को संबोधित करके मुझसे वरीय डीजी मैडम ने एकांत में गाली दी, पहले रिकॉर्डिंग कर सकता था और इसीलिए मोबाइल साथ लाने के लिए भुझे मना किया गया, सच में दुखी हूं, संयास हेतु यात्री मन वास्तव में आशान्वित है परंतु किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होना चाहता हूं! भयानक रूप से द्रवित हूं, सब माया है, ऐसे अपमान के लिए सर्वशक्तिमान से ही प्रार्थनारत हूं🙏



### प्रेरणास्त्रोत बने आईपीएस अफसर 114 दिन से बर्दाश्त कर रहे

**लेट्स** इंस्पायर बिहार के जरिए बिहार के युवाओं को बिहारी अस्मिता की याद दिलाते हुए भविष्य सुधारने के लिए प्रेरित कर रहे सीनियर आईपीएस अधिकारी का सोशल मीडिया पोस्ट हमेशा से संतुलित रहता है। बुधवार की आधी रात के बाद जब सोशल मीडिया पर उन्होंने यह खुलासा किया तो माहौल बिगड़ने की आशंका से खुद उसे हटा दिया। बिहार मॉब लिंचिंग के शिकार एक और युवक की मौत के कारण बुधवार रात सोशल मीडिया पर भी एक्टिव थी, तभी यह पोस्ट दिखे और कुछ देर बाद हट गए। यह पोस्ट बता रहे कि आईजी विकास वैभव 114 दिनों से बहुत कुछ बर्दाश्त कर रहे थे, लेकिन जब गालियां मां-बहन पर आईं तो लिखने को मजबूर हुए।

### क्या लिखा आईजी विकास वैभव ने और क्यों लिखना पड़ा

**आईजी** विकास वैभव का सोशल मीडिया पोस्ट बता रहा है कि अपने 1990 बैच के ही आईपीएस अधिकारी राजविंदर सिंह भट्टी को बिहार बुलाकर डीजीपी बनाए जाने के बाद से डीजी शोभा अहोटकर सदमे में हैं। आंध्र प्रदेश की मूल निवासी अहोटकर बिहार की नीतीश सरकार में गैर-बिहारियों को आगे बढ़ाए जाने की परंपरा से परिचित थीं, लेकिन उन्हें उम्मीद नहीं थी कि डीजीपी की अहम जिम्मेदारी उन्हें नहीं मिलेगी। लेकिन, जब उन्हें बिहार के पुलिस कप्तान का पद नहीं मिला तो वह बिहारियों को खुलकर गालियां देने लगी हैं। पोस्ट यह भी बता रहा है कि चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव को यहां पोस्टिंग के साथ ही प्रताड़ित किया जाने लगा। बाकी सारे पोस्ट डिलीट हुए, मगर यह बचा हुआ भी बहुत कुछ कह रहा है।

### बिहारी अस्मिता की बात करने के कारण ज्यादा परेशानी

**बिहारी** अस्मिता जागरण की मुहिम के कारण भारी फैन फॉलोइंग वाले विकास वैभव को इस नाम पर भी प्रताड़ित किया गया। लेट्स इंस्पायर बिहार के जरिए युवाओं को जागृत कर रहे थे, इसलिए यहां की पोस्टिंग के साथ ही इन्हें इस कार्यक्रम में भागीदारी से रोकने का आदेश मिला। जब छुट्टी के दिन इस कार्यक्रम के सिलसिले में जाने लगे तो राज्य मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश मिला। फिर जब सोशल मीडिया से युवाओं को बिहारी अस्मिता के लिए प्रेरित करने में लगे तो हद पार करते हुए मां-बहन तक की गालियां दी गईं।

## NEWS इन ब्रीफ

### दिनदहाड़े मुखिया की गोली मारकर हत्या



**गोपालगंज।** बिहार में बेलगाम अपराधी लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इस दौरान, गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिन दहाड़े अपराधियों ने एक मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी और आराम से चलते बने। हत्या का कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फुलुगनी पंचायत के मोहमद कुरैशी किसी काम से बाइक लेकर थावे जाने के लिए निकले थे। इसी बीच, नारायणपुर गांव के पास अपराधियों ने बाइक सवार मुखिया पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान मुखिया के मुंह में एक गोली लग गई, इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### महिला पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या

**कटिहार।** बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठा रहा है। बिहार में अब पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। बिहार के कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक महिला पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि गेड़ाबाड़ी- कटिहार एनएच 81 पर भटवारा चौक के पास बुधवार की देर शाम पावर प्लांट के सामने बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतका की पहचान मुंगेर की रहने वाली प्रभा भारती के रूप में हुई है जो फिलहाल पुलिस लाइन कटिहार में कार्यरत थी। छानबीन के क्रम में घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

### ट्रक की चपेट में आने से छात्र की हुई मौत

**मोतिहारी।** शहर के अवधेश चौक के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक स्कूली छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों ने एनएच 28अ को टायर जलाकर घंटो से जाम कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। घटना गुरुवार की दोपहर की है। वही सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर नाराज ग्रामीणों को समझाने में जुटी है। मृतक छात्र की पहचान नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 कुंआरी देवी निवासी हाशिम सैफी का सात वर्षीय पुत्र समीम सैफी के रूप में हुई हैं।

## छत्तीसगढ़: 5 स्कूली छात्रों की मौत, 7 घायल

**एजेंसी। जगदलपुर**



छत्तीसगढ़ के कांकेर में गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में पांच स्कूली बच्चों की मौत हो गई। सभी बच्चे एक ऑटो से स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में सात बच्चे घायल भी हुए हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें कांकेर रेफर कर दिया गया है। हादसा कोरर थाना क्षेत्र में हुआ है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद 12 बच्चे एक ऑटो में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान आयुष केंद्र कोरर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना स्थल पर ही पांच बच्चों की मौके पर मौत हो गई। वहीं 7 बच्चे घायल हो गए। इस घटना में ऑटो ड्राइवर भी गंभीर है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## सड़क हादसे में दो की मौत, 8 घायल

**सिलीगुड़ी।** सड़क हादसे में गुरुवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई जबकि घटना में आठ के घायल होने की खबर है। सड़क हादसा बागडोगरा के केस्टपुर मोड़ पर की है। बताया जा रहा है कि असम से एनजेपी पहुंचे एक दल सूमो से पानीटंकी के रास्ते जा रहा था। तभी बागडोगरा के केस्टपुर मोड़ पर खड़े ट्रक को सुमो ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे सूमो में बैठे दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को बचाकर कर उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा गया। वहीं, दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## ऊना में आग, बिहार के 4 बच्चों की दर्दनाक मौत

**एजेंसी। दरभंगा**



बिहार के चार बच्चों की दर्दनाक मौत आग में झुलसने से हो गई है।यह हादसा हिमाचल के ऊना जिले में हुई है।हादसे के बाद परिवार और इलाके में कोहराम मचा हुआ है। दरभंगा जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के अंब थाना के बणे दी हट्टी में बीती देर रात झोपड़ी में आग लग गई जिसकी चपेट में चार बच्चे आ गए और चारो की झुलसने से मौत हो गई मृतक बच्चों की उम्र करीब 6,7 ,14 और 17 साल है।ये सभी अपने परिवार के साथ हिमाचल में कई सालों से रह रहे थे और बीती देर रात इनकी झोपड़ी में आग लगी गई।इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन जबतक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी और इसकी चपेट मे चार बच्चे आ गए थे। चार में से तीन बच्चें एक ही परिवार के हैं।

### बिहार के दरभंगा जिले के मूलवासी है सभी मृतक

इस आगजनी में एक ही परिवार के तीन बच्चे जिंदा जल गए। दोनों परिवार बिहार के जिला दरभंगा के रहने वाले है। इस हादसे में रमेश कुमार के तीन बच्चे नीतू कुमारी (14) भोलू(7) शिवम कुमार(6) निवासी गांव नन्दापट्टी बेनीपुर डाकघर अन्टोर थाना बेहरा जिला दरभंगा व सोनू (17) पुत्र कालीदास गांव निवासी पौड़ी डाकराम जिला दरभंगा बिहार के स्थानी निवासी थे।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आग लगने के कारणों की जांच आरम्भ कर दी है हालांकि शुरूआती जांच में आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही मिल पाई है। दरभंगा एसएसपी अवकाश कुमार ने बताया कि ऊना पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ने मामलें की पुष्टि की है।

### बहुजन समाज पार्टी के प्रति नौजवानों में बढ़ रहा क्रेज

## पार्टी की हर कमेटी में होंगे 50 फीसदी युवा : विश्वनाथ पाल

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में चार बार सत्ता में रहने वाली बहुजन समाज पार्टी इन दिनों संघर्षों का सामना कर रही है। विधानसभा चुनाव में महज एक सीट पर सिमटी बसपा ने अब अपने संगठन में बदलाव किया है। पार्टी अति पिछड़े समाज से आने वाले विश्वनाथ पाल को प्रदेश की बागडोर सौंपकर राज्य में कुछ नया करने की रणनीति बनाने में जुटी है। विश्वनाथ पाल का मानना है कि उनके अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी कार्यकताओं में नया उत्साह आया है। नौजवान तेजी के साथ बसपा से जुड़ रहा है। आईएएनएस से एक विशेष वार्ता में विश्वनाथ पाल ने कहा कि जब कार्यकताओं में उत्साह आ जाता है, तो पार्टी अपने आप मजबूत हो जाती है। यह पूछने पर कि उत्तर प्रदेश में युवाओं की संख्या बहुत है, बसपा इन्हें जोड़ने के लिए क्या कर रही है, पाल ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर पार्टी की हर कमेटी में 50 फीसद युवा रखे जा रहे हैं। बूथ से लेकर सेक्टर तक हर कमेटी में इस बात का ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इससे नौजवान बड़ी संख्या में बसपा से जुड़ रहे हैं। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन उन्हें धोखा मिला है। वहीं बसपा की सरकार में नौजवानों को काफी नौकरियों दी गई थीं। आज कल नौकरी नहीं है। संविदा और एनजीओ के माध्यम से नौजवानों को नौकरी देकर जगह भरी जा रही है। निजी रोजगार में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आरक्षण और बिना आरक्षण वाले युवाओं को विश्वास है कि बहन जी आयेंगी, तो उन्हें नौकरी मिल सकती है।

लोकसभा चुनाव में बसपा की सत्ताधारी दल से लड़ने की क्या रणनीति होगी, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि बसपा ने यूपी में कई बार अपने दम पर हुकूमत की है। हमारे कार्यकताओं का मनोबल गिराया गया था। अब उनका हौसला एक बार फिर बढ़ा है। ऐसे में अब हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। कार्यकताओं के उत्साह से हमें सफलता अवश्य मिलेगी।

चुनाव को लेकर तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद के सवाल पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहन मायावती ने अपने जन्मदिन के अवसर पर निर्णय लिया कि हमारी पार्टी किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। आगे भी इसका निर्णय बहन जी ही लेंगी। हम लोग दलों के गठबंधन के चक्कर में नहीं हैं, लेकिन समाज के सभी वर्गों को जोड़कर बसपा चुनाव जीतने का प्रयास करेगी।

बीते कई चुनाव में बसपा का परफॉर्मेंस खराब हुआ, पार्टी का वोटर सपा और भाजपा में मिल गया, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक प्रकार का दुष्प्रचार है। 90 हजार, 70 और 50 हजार से कम वोट हमें कहीं नहीं मिले हैं। बसपा की सरकार के समय फैजाबाद मंडल में भाजपा उम्मीदवार को 2000 व 1200 वोट मिलते थे, तो कहीं भी ऐसी चर्चा नहीं हुई कि बीजेपी खत्म हो गई है। आज जब हमें इतना वोट मिला है, तो हमारे बारे में नकारात्मक खबरें फैलायी जा रही हैं।

## निवेश: यूपीसीडा को 53 जिलों, 10 राज्यों और 4 देशों से मिला बड़ा निवेश

# 9 लाख रोजगार का होगा सृजन

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने ही अब तक 3 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर लिए हैं और निवेश के इच्छुक औद्योगिक समूहों/कंपनियों से एमओयू भी साइन कर लिए है। यूपीसीडा को अब तक जो निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उनमें से लगभग 9 लाख रोजगार का सृजन होगा। प्राप्त निवेश प्रस्तावों में 90 हजार करोड़ का विदेशी पूंजी निवेश एवं 1.53 लाख करोड़ का अन्य प्रदेशों से निवेश शामिल है। यानी यूपीसीडा को 53 जिलों के साथ ही 10 राज्यों से भी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जबकि विदेशों से खासतौर पर अमेरिका, हांगकांग, सिंगापुर और यूएई से मिले निवेश प्रस्ताव भी इसमें शामिल हैं।

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 10-12 फरवरी को राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन से पूर्व ही यूपीसीडा ने दिए गए 1 लाख करोड़ के लक्ष्य का 3 गुणा निवेश प्राप्त कर लिया है। स्थिति यह है कि होटल, अस्पताल, लॉजिस्टिक पार्क, वेयरहाउस और औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए बड़े पैमाने पर एमओयू हस्ताक्षरित किए जा रहे हैं। अकेले 82 हजार करोड़ रुपए का निवेश लॉजिस्टिक पार्क और वेयरहाउस की स्थापना के लिए होगा। उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) से जिन निवेशकों ने भूमि आवंटन की इच्छा जताई है उन्हें जल्द ही आवंटन किए जाने की योजना है ताकि वे मानचित्र भी समय से स्वीकृत करा सकें और इकाई स्थापित कर सकें। भूखंड की कमी न पड़े इसलिए प्राधिकरण ने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 15 हजार एकड़ से अधिक का लैंड बैंक तैयार कर लिया है। लैंड बैंक में 25 सौ एकड़ भूमि और जुड़ने जा रही है। उन्नाव में बसाई जा रही ट्रांसगंगा हाईटेक सिटी हो या फिर कन्नौज के पार्क में विकास के कार्य तेजी से चल रहे हैं। प्राधिकरण अपनी ऑनलाइन सुविधाओं, औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी सूबे में निवेश के इच्छुक लोगों को बता रहा है। इसके सुखद परिणाम भी आए हैं।

सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बरेली, आगरा, गाजियाबाद हापुड़, प्रयागराज, कानपुर आदि जगहों पर आयोजित की गई इन्वेस्टर मीट के परिणाम सुखद आए हैं। स्थिति यह है कि प्रयागराज में हुई मीट में 33703 करोड़, हापुड़ में 23000 करोड़, गाजियाबाद में 92000 करोड़, आगरा में 39038 करोड़ बरेली में 34000 करोड़, मेरठ 17000 करोड़, कानपुर में 70000 करोड़ रुपए, अयोध्या में 17000 करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव आए। जिन्होंने भी प्रस्ताव दिए उनके द्वारा एमओयू भी हस्ताक्षर किए गए हैं। सीईओ यूपीसीडा मयूर माहेश्वरी ने बताया कि निवेश के लिए लगातार एमओयू साइन किए जा रहे हैं। जिन्होंने भी एमओयू साइन किया है सभी को समय से भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी। निवेश में किसी तरह की बाधा न आए इसके लिए पूरा सहयोग किया जाएगा।

| सेक्टर निवेश (राशि करोड़ रुपये में) | प्रस्तावित | रोजगार |
|---|---|---|
| लाजिस्टिक एंड वेयरहाउस | 82341 | 141566 |
| रिन्यूवल एनर्जी | 69278 | 11300 |
| निजी औद्योगिक पार्क | 46203 | 288765 |
| कैमिकल मैन्युफैक्च रिंग | 26921 | 4280 |
| ऑटो मोबाइल सेक्टर | 12321 | 10890 |
| कास्टिंग ऑफ मेटल | 11455 | 9718 |
| नॉन मैटेलिक एंड मिनरल प्रोडक्ट | 10373 | 10595 |
| लेदर एंड फुटवियर | 7156 | 263860 |
| फूड प्रोसेसिंग | 7038 | 20449 |
| मशीनरी एंड इक्यूपमेंट मैन्युफैक्च रिंग | 3601 | 13872 |
| प्लास्टिक मैन्युफैक्च रिंग | 3571 | 4812 |
| अन्य | 3508 | 14394 |
| पेपर मैन्युफैक्च रिंग | 3216 | 12332 |
| इलेक्ट्रिक इक्यूपमेंट मैन्युफैक्च रिंग | 1800 | 3590 |
| प्रिंटिंग | 1500 | 685 |
| रियल एस्टेट | 1500 | 12000 |
| रीसाइकिलिंग | 1304 | 5695 |
| टेक्सटाइल | 1302 | 12398 |
| बायो फ्यूल | 1151 | 4700 |
| एग्रो प्रोसेसिंग | 1010 | 3550 |
| आईटी सेक्टर | 820 | 3800 |
| ग्रुप हाउसिंग | 580 | 1180 |
| अम्यूजमेंट पार्क | 410 | 20 |
| कॉलेज एंड हॉस्पिटल | 397 | 475 |
| मल्टीप्लैक्स | 300 | 1000 |
| फ्लैटेड फैक्ट्री | 225 | 6000 |
| एफएमसीजी | 217 | 15 |
| फर्नीचर | 214 | 745 |
| पैकेजिंग | 155 | 517 |
| इलेक्ट्रीसिटी गैस स्टीम व एयरकंडीशन सप्लाई | 129 | 274 |
| वेस्ट प्रोसेसिंग | 15 | 300 |

## मध्याह्न भोजन: समीक्षा के लिए कैग की टीम जाएगी बंगाल




**एजेंसी। कोलकाता**

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक विशेष टीम राज्य में मध्याह्न भोजन योजना पर राज्य सरकार द्वारा किए गए खचरें के ब्योरे की समीक्षा करने के लिए पश्चिम बंगाल का दौरा करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुरोध पर कैग की टीम राज्य में आ रही है। इसके पहले राजय में योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एक विशेष निरीक्षण टीम गई थी। ऐसा माना जाता है कि सीएजी से पश्चिम बंगाल में योजना के तहत खर्च के विवरण की समीक्षा करने के लिए कहने का निर्णय केंद्रीय निरीक्षण दलों द्वारा उनके फील्ड निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिकूल निष्कर्षों से प्रेरित है। केंद्रीय क्षेत्र निरीक्षण दल ने फील्ड निरीक्षण के दौरान कुछ सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले खाद्यान्न और सब्जियों के प्रतिदिन उपयोग की तुलना में छात्रों के अनुपात पर सवाल उठाया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों के अलावा, निरीक्षण दल में पोषण विशेषज्ञ और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के प्रतिनिधि भी थे। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि इतिहास में पहली बार है कि कैग की टीम राज्य में मध्यान्ह भोजन के खातों की जांच करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कैग से किए अनुरोध में कहा है कि तीन वर्षों से इस योजना के तहत राज्य में धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोपों के मद्देनजर इस योजना के तहत खर्च के विवरण की समीक्षा आवश्यक है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने कैग द्वारा इस विशेष ऑडिट का स्वागत किया है और कहा है कि वे लंबे समय से इस योजना के तहत केंद्रीय धन के दुरुपयोग की शिकायत कर रहे थे। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने इस घटनाक्रम को पश्चिम बंगाल को अलग-थलग करने वाली प्रतिशोध की राजनीति का प्रतिबिंब बताया है।

### 11 हजार फीट की ऊंचाई पर नारी शक्ति की मिसाल

# आईटीबीपी की वीरांगनाओं ने नेशनल आइस हॉकी चैम्पियनशिप जीती

**प्रतियोगिता के फाइनल में लद्दाख यूटी को 2-1 से हराया**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

11 हजार फीट की ऊंचाई पर नारी शक्ति की मिसाल कायम करते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की केंद्रीय महिला आइस हॉकी टीम ने लेह, लद्दाख में आयोजित सीनियर नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप फॉर वूमेन 2023 जीत ली है। आईटीबीपी की तरफ से ये जानकारी दी गई है। आईटीबीपी की टीम ने बुधवार को खेले गए प्रतियोगिता के फाइनल में लद्दाख यूटी को 2-1 के स्कोर से हराया। यह पहली बार है कि पर्वतीय प्रशिक्षित बल की महिला कर्मियों ने इस प्रमुख महिला राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप को जीता है। बता दें कि 5 फरवरी, 2023 को आईटीबीपी ने इस प्रतियोगिता की पुरुष वर्ग की चैंपियनशिप ट्रॉफी भी जीती थी।

आईटीबीपी ने बताया कि लद्दाख के आइस हॉकी रिंक में आयोजित इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश की शीर्ष टीमों ने भाग लिया, जो दुनिया के सबसे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में से एक में स्थित है। वहीं, हिमाचल की महिला टीम को कांस्य पदक मिला है। प्रतियोगिता में तेलंगाना, दिल्ली, हिमाचल, हरियाणा, आईटीबीपी, यूटी लद्दाख और महाराष्ट्र की टीम ने दमखम दिखाया। गौरतलब है कि साहसिक खेलों में आईटीबीपी का अनोखा कीर्तिमान है। आईटीबीपी की महिला कर्मियों ने पुरुष समकक्षों के साथ वर्षों से पर्वतारोहण, स्कीइंग और रिवर राफ्टिंग आदि में योगदान दिया है।



## फुटबॉल : पंजाब एफसी ने जुआन के साथ किया करार

**एजेंसी। मोहाली**

राउंडग्लास पंजाब एफसी ने हीरो आई-लीग 2022-23 के शेष बचे सीजन के लिए अर्जेंटीना के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर जुआन कार्लोस नेलर के साथ करार किया है। 29 वर्षीय मिडफील्डर नेलर अर्जेंटीना, इटली, स्पेन और डेनमार्क में खेलने के अनुभव के साथ राउंडग्लास पंजाब एफसी में शामिल हुए। नेलर, जिन्होंने अर्जेंटीना के दूसरे डिवीजन क्लब इंस्टीट्यूटो एट में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की, इस सीजन की शुरुआत में वह आई-लीग में सेंट्रल डी कॉर्डोबा, गोकुलम केरला एफसी के लिए खेल चुके हैं। राउंडग्लास पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा : हम जुआन को अपने बीच पाकर बेहद खुश हैं, जो टीम में भरपूर अनुभव लेकर आता है। हमें उम्मीद है कि वह टीम के मिडफील्ड में एक प्रमुख खिलाड़ी साबित होंगे क्योंकि हम लीग के अंतिम चरण की ओर बढ़ रहे हैं और फुटबॉल के प्रेरक ब्रांड को खेलने में हमारी मदद करेंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ओन्स ने चैंपियनशिप से नाम वापस लिया



**दुबई।** विश्व के तीसरे नंबर की खिलाड़ी ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्यूर ने डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट, कतर ओपन और दुबई टेनिस चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। 28 वर्षीय जेब्यूर ने इस महीने के बाद में होनेवाली एक छोटी सर्जरी के कारण यह फैसला लिया है। जेब्यूर ने सोशल मीडिया पर लिखाः मेरी स्वास्थ्य स्थिति का ख्याल रखने के लिए, मेरी मेडिकल टीम ने फैसला किया है कि मुझे कोर्ट पर वापस आने और अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होने के लिए एक छोटी सी सर्जरी कराने की आवश्यकता है।

### पेशेवर क्रिकेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हैरिस

**लंदन।** ग्लैमरगन ऑलराउंडर जेम्स हैरिस को दोबारा पेशेवर क्रिकेटर्स एसोसिएशन (पीसीए) का दोबारा अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। पीसीए ने बुधवार को एक बयान में कहा : ग्लैमरगन के जेम्स हैरिस को पेशेवर क्रिकेटर्स एसोसिएशन का दोबारा अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल फरवरी 2025 तक है। प्रारंभ में 2017 में मिडलसेक्स के पीसीए प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त, हैरिस ने जल्दी ही खुद को खिलाड़ियों की समिति की एक प्रमुख आवाज के रूप में स्थापित किया और तीन साल बाद, वह इंग्लैंड के कप्तान हीथर नाइट के साथ पीसीए के पहले उपाध्यक्षों में से एक बन गए।

### ब्राजील के पूर्व गोलकीपर डिएगो विगो से जुड़े

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर डिएगो अल्वेस सेल्टा विगो से जुड़ गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में रियो डी जनेरियो की दिग्गज कंपनी फ्लैमेंगो से अलग होने के बाद 37 वर्षीय खिलाड़ी ने छह महीने के अनुबंध पर सहमति जताई है। ब्राजील के लिए 10 बार खेलने वाले अल्वेस 2007 से 2011 तक स्पेन के अल्मेरिया और फिर 2011 से 2017 तक वालेंसिया के साथ खेले। उनका रिकॉर्ड 22 पेनल्टी सेव का है।

## नागपुर टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 177 रनों पर सिमटी

# भारत की मजबूत शुरुआत रोहित का नाबाद अर्धशतक

**पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने एक विकेट के नुकसान पर बनाए 77 रन**

**जडेजा ने 5, अश्विन ने 3, शमी और सिराज ने 1-1 विकेट लिया**



**एजेंसी। नागपुर**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने पर 1 विकेट पर 77 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 56 रन बनाए, जबकि अश्विन बिना खाता खोले नाबाद हैं। भारत की तरफ से एकमात्र विकेट केएल राहुल का गिरा जो 20 रन बनाकर टॉड मर्फी का शिकार बने।

### जडेजा ने झटके 5 विकेट

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 177 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नश लाबुशेन ने 49, स्टीव स्मिथ ने 37, एलेक्स कैरी ने 36 और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 रन बनाए। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने 5 विकेट लिए। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और दूसरे ही ओवर में मो. सिराज ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (01) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। तीसरे ओवर में मोहम्मद शमी ने डेविड वॉर्नर (01) को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।

इसके बाद लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने तीसरे विकेट के लिए 82 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को तोड़ा रवीन्द्र जडेजा ने। जडेजा ने पहले मार्नस लाबुशेन को श्रीकर भरत के हाथों स्टम्प कराया और उसके बाद मैट रेनशॉ को एलबीडब्ल्यू कर ऑस्ट्रेलिया को दो लगातार झटके दिये। लाबुशेन ने 49 रन बनाए, जबकि रेनशॉ ने खाता भी नहीं खोला। जडेजा ने इसके बाद 109 के कुल स्कोर पर स्मिथ को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया। स्मिथ ने 37 रन बनाए। एलेक्स कैरी और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने इसके बाद छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी की। अश्विन ने 162 के कुल स्कोर पर कैरी को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। कैरी ने 36 रन बनाए। अश्विन ने इसके बाद कप्तान पैट कमिंस (06) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया।

जडेजा ने 174 के कुल स्कोर पर टॉड मर्फी (00) को एलबीडब्ल्यू कर मैच में अपना चौथा विकेट लेते हुए ऑस्ट्रेलिया को आठवां झटका दिया। 176 के कुल स्कोर पर जडेजा ने पीटर हैंड्सकॉम्ब (31) को एलबीडब्ल्यू कर मैच में अपने पांच विकेट पूरे किये। 177 के कुल स्कोर पर अश्विन ने स्कॉट बौलैंड (01) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया। भारत के लिए रवीन्द्र जडेजा ने 5, रविचंद्रन अश्विन ने 3, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया।

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 450 विकेट लेनेवाले दूसरे गेंदबाज बने अश्विन

**भारतीय** अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सबसे तेज 450 टेस्ट विकेट लेनेवाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन हासिल की। अश्विन ने 88 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं, श्रीलंका के महान मुथैया मुरलीधरन ने 80 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। अश्विन ने एलेक्स कैरी को बोल्ड कर टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट पूरे किये। वह अनिल कुंबले के बाद 450 टेस्ट विकेट लेनेवाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। अश्विन का टेस्ट डेब्यू 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में हुआ था।



### पहले टेस्ट के शुरुआती दिन लगभग 12 हजार दर्शकों ने मैच का उठाया लुत्फ

**एजेंसी। नागपुर**

विदर्भ क्रिकेट संघ (वीसीए) ने दावा किया था कि जामथा में उसके स्टेडियम में चार मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के लिए 40 हजार टिकट बेचे गए थे, लेकिन गुरुवार को पहले दिन उनमें से केवल 12 हजार ही स्टेडियम पहुंचे। लेकिन यह देखते हुए कि यह एक सप्ताह का दिन है, काफी अच्छी भीड़ थी और यह ऑस्ट्रेलिया था जो पहले बल्लेबाजी कर रहा था और भारत नहीं। पैट कमिंस ने टॉस जीता और 9,000 दर्शकों के सामने पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। दोपहर के सत्र में 12 हजार दर्शकों तक पहुंच गई, क्योंकि भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 177 रनों पर समेट दिया। वीसीए उम्मीद कर रहा होगा कि टिकट खरीदने वाले 40 हजार में से अधिकांश भारतीय पारी देखने के लिए शुक्रवार को स्टैंड में आएंगे। वे सप्ताहांत में जामथा में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम को भरने के लिए भारी भीड़ की भी उम्मीद कर रहे हैं।

## हॉकी इंडिया ने नेशनल चैंपियनशिप के लिए की तारीखों की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के उभरते हॉकी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाने की होड़ में घरेलू चैंपियनशिप के लिए तैयार होंगे, जहां राष्ट्रीय चयनकर्ता नई प्रतिभाओं को खोजने के लिए मौजूद रहेंगे। इस वर्ष का घरेलू सत्र महत्वपूर्ण 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के साथ शुरू होगा, जो 15 फरवरी से आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुरू होने वाली है।

पिछले साल की विजेता ओडिशा की टीम अपने खिताब का बचाव करना चाहेगी, जबकि उपविजेता कर्नाटक की टीम फाइनल में अपनी 0-2 की हार का बदला लेना चाहेगी। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कुल 29 टीमें काकीनाडा पहुंचेंगी। इसके बाद 26 फरवरी से तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2023 की शुरुआत होगी। नई दिल्ली में आयोजित पिछले संस्करण में, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने खिताबी मुकाबले में रोमांचक शूटआउट में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को 3-1 से हराया था, जबकि सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने पंजाब नेशनल बैंक को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया था।

पीएसयू के लिए विशेष रूप से शुरू की गई इस नई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले संस्करण के बाद जुगराज सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ियों को 2022 में सीनियर राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए कॉल-अप मिला और बाद में राष्ट्रीय टीम के साथ उन्होंने अपनी शुरूआत की। इसके बाद मार्च में भारतीय टीम राउरकेला में जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग में खेलेगी। घरेलू सीजन अप्रैल में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के साथ फिर से शुरू होगा।

## रायपुर में 18 और 19 फरवरी को खेला जाएगा सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग

**रायपुर।** मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग का आयोजन होने जा रहा है और इसमें बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार खेलते हुए नजर आने वाले हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर जानकारी दी है । सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस लीग में अभिनेता सोनू सूद, रितेश देशमुख, किच्चा सुदीप, बॉबी देओल, वेंकटेश, मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव, सोहेल खान समेत 150 फिल्मी कलाकार शामिल होंगे। इसका आयोजन 18 और 19 फरवरी को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होना है। इस मैच में हिंदी सिनेमा के अलावा सात क्षेत्रीय फिल्म उद्योग के सितारे भी मैच खेलेंगे। सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग के फाउंडर और डायरेक्टर श्रीनिवासन ने बुधवार रात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की।

## ब्रेंडन मैकुलम ने बेन स्टोक्स की तारीफ की



**एजेंसी। हैमिल्टन**

इंग्लैंड के रेड-बॉल कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि वह कप्तान बेन स्टोक्स के टेस्ट क्रिकेट में बहुत खास चीजें हासिल करने से खुश हैं। वे आगामी दो मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड से भिड़ने के लिए तैयार हैं। जब से मैकुलम और स्टोक्स ने पिछले साल पदभार संभाला है, तब से इंग्लैंड का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने 10 मैचों में नौ में जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के साथ-साथ घर में दक्षिण अफ्रीका, भारत और फिर पाकिस्तान में क्लीन स्वीप किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में निडर खेल के एक नए युग की शुरुआत की है। मैकुलम ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा : मुझे यकीन नहीं है कि इस टीम के लिए क्या संभव है क्योंकि वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने तरीके से खेलते हैं और कुछ विशेष चीजें हासिल करते हैं। मुझे पता है कि इस टीम के लिए उनकी योजनाएं काफी अच्छी हैं। अब तक के इंग्लैंड के कोच के रूप में अपने जीवन के बारे में बताते हुए, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम ने टिप्पणी की, यह एक अच्छी शुरुआत रही है। परिणाम बहुत अच्छे रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ परिणाम नहीं है। मुझे पता है कि वह खुद बेहतर करते हैं और खिलाड़ियों को उत्साहित करते हैं।

**आईएसएल लीग** विनर्स शील्ड के लिए आइलैंडर्स संघर्षरत

# छांगटे और बिपिन ने एक-दूसरे की तारीफ की



**एजेंसी। मुंबई**

शनिवार को मुंबई सिटी एफसी ऐसे मुकाबले में एफसी गोवा से भिड़ेगी, जिसका आईएसएल लीग विनर्स शील्ड के लिए जारी आइलैंडर्स के संघर्ष पर भारी असर पड़ेगा। मुंबई सिटी एफसी अब तक अपराजित रही है और यदि वह इस सिलसिले को 18 मैचों तक बढ़ाने में कामयाब हो जाती है, तो वह शील्ड हासिल करने की तरफ बड़ा कदम बढ़ा देगी। आइलैंडर्स के इस दबदबे के केंद्र में दोनों विंगर लल्लिंजुआला छांगटे और बिपिन सिंह के बीच गहरी जुगलबंदी रही है। ये दोनों इस सीजन में मुंबई सिटी एफसी के 47 गोलों में से 22 में शामिल रहे हैं। छांगटे ने 16 मैचों में 9 गोल किए हैं और 5 में सहायता प्रदानी की है। उनका कहना है कि दूसरे विंग में बिपिन जैसे खिलाड़ी की मौजूदगी ने बड़ी भूमिका निभाई है।

छांगटे ने कहाः बिपिन भाई जैसे खिलाड़ी की मौजूदगी से काम बहुत आसान हो जाता है, जो मेरे बराबर ही तेज दौड़ सकता है। उन्होंने कहा : निश्चित रूप से यहां तक कि विदेशी खिलाड़ी भी पिच पर और बाहर बहुत मददगार होते हैं। जब मैं अपनी उम्र से बड़े खिलाड़ियों को दौड़ते और गेंद का पीछा करते हुए देखता हूं, तो इससे मुझे अतिरिक्त प्रेरणा मिलती है। इस सीजन में छांगटे और बिपिन दोनों ने अपनी गति, ड्रिब्लिंग और एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाने की क्षमता से विपक्षी डिफेंस को तार-तार कर दिया है। यह असामान्य नहीं है कि मुम्बई के हमलों की शुरूआत दोनों फ्लैंक्स पर रक्षकों के पीछे छांगटे या बिपिन की तेज-तर्रार दौड़ से होती है। बिपिन कहते हैं कि वह और छांगटे मैदान के अंदर और बाहर एक-दूसरे के काफी करीब हैं और जब भी वे बोलते हैं तो एक-दूसरे के लिए उनकी प्रशंसा झलकती है। छांगटे ने कुछ मजाकिया अंदाज में कहाः मैं पिछले दो सालों से बिपिन को देख रहा हूं। मुझे उनकी एक बात अच्छी लगती है कि वह दोनों पैरों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ड्रिबल करने में कभी नहीं झिझकते बिपिन

**छांगटे** ने आगे कहा : वह ड्रिबल करने में कभी नहीं झिझकते और क्रॉस डालने में पीछे नहीं रहते हैं। कभी-कभी उनके बारे पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है कि वह क्या करनेवाले हैं। मुझे उससे भी सीखने की जरूरत है। मुझे उनके साथ खेलने में मजा आता है। छांगटे के स्तर बारे में बिपिन के विचार सिर्फ एक वाक्य में सुने जा सकते हैं- आपने इसे पिच पर देखा है- उसकी ड्रिब्लिंग और शूटिंग। मेरे भाई के पास यह सब है। जब बिपिन और छांगटे मुंबई सिटी एफसी की सफलता के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं, बिपिन ने तुरंत ही इशारा किया कि टीम की सफलता मुख्य कोच डेस बकिंघम का खरीद करने का नजरिया और दो सत्रों में इससे परिचित होने के कारण आई है।




NEWS इन ब्रीफ

### अहमदाबाद में शुरू हुई अर्बन-20 सिटी शेरपा बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में अर्बन-20 सिटी शेरपा की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को शुरू हुई। इस बैठक का उद्देश्य शहरों के बीच एकजुटता को बढ़ावा देना है, ताकि जी-20 के समग्र उद्देश्यों के साथ तालमेल को बैठाया जा सके। भारत की अध्यक्षता के तहत गुजरात में जी-20 का यह तीसरा कार्यक्रम है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और अहमदाबाद नगर निगम ने इस बैठक का आयोजन किया है।

### अब एंटरटेनमेंट कंपनी वॉल्ट डिज्नी 7 हजार कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में मंदी की आशंका के मद्देनजर टेक कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। सोशल मीडिया साइट फेसबुक, ट्विटर से लेकर गूगल तक ने मंदी का हवाला देकर कर्मचारियों को बाहर निकाला है। इसमें अब सैन फ्रांसिस्को की दिग्गज एंटरटेनमेंट कंपनी वॉल्ट डिज्नी ने अपने 7 हजार कर्मचारियों की छंटनी करने का ऐलान किया है। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि वह 7 हजार कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

### क्रिप्टो एसेट रेगुलेशन के लिए पूरी दुनिया में जल्द लागू होगा एक नियम

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्रिप्टो एसेट पर एक सटीक व्यवस्था बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत की है। वित्त मंत्री ने क्टञ्र के प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉजीवा के साथ बातचीत में बहुपक्षीय फंडिंग एजेंसी से क्रिप्टो संपत्तियों के लिए विश्व स्तर पर समन्वित दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया। सीतारमण ने वर्चुअल मीटिंग में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एमडी के साथ बातचीत की है। इसमें उन्होंने आने वाले जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स की होने वाली बैठक पर चर्चा की है।

## विशेषज्ञों और उद्योग जगत ने आरबीआई से जताई उम्मीद

# थम जाएगा रेपो रेट में बढ़ोत्तरी का सिलसिला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक ने विगत बुधवार को मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट दर को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया है। इस खबर के आने के बाद से हर व्यक्ति को ईएमआई के बढ़ने की चिंता सताने लगी है। इस मामले पर उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने अलग-अलग बातें कही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई की ओर से पिछले साल 2022 मई से रेपो दर में वृद्धि का चक्र शुरू हुआ था, जो अब थम जाएगा। यह लगातार छठी बार इजाफा हुआ है। केंद्रीय बैंक ने मई से अब तक रेपो दर में लगभग 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की है। केंद्र सरकार ने यह कदम वैश्विक दबाव के बीच बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए उठाया है। आरबीआई की तरफ से पिछले साल 2022 दिसंबर में रेपो दर में 0.35 प्रतिशत, मई में 0.40 प्रतिशत और जून, अगस्त व सितंबर महीने में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की थी। उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद का कहना है कि, इसमें कोई शक नहीं है कि आज चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण के बीच आरबीआई ने देश में महंगाई कम करने के लिए यह फैसला किया है,जोकि आबीआई की प्राथमिकता भी है। केंद्रीय बैंक ने बहुत प्रशंसनीय काम करते हुए महंगाई को काबू में रखा है। उन्होंने कहा कि, हमारा मानना है कि मौजूदा चक्र में यह ब्याज दरों में आखिरी वृद्धि है। सुभ्रकांत पांडा, अध्यक्ष, फिक्की का कहना है कि, रिजर्व बैंक द्वारा पॉलिसी

### आरबीआई ने देश में महंगाई कम करने के लिए यह फैसला किया है

### अगले साल 6 प्रतिशत से नीचे रहेगी रेपो रेट

रेपो दर में 25 बीपीएस की बढ़ोतरी उम्मीदों के अनुरूप है। लेकिन अगले साल 2024 में यह 6 प्रतिशत से नीचे रहने की उम्मीद है और कुछ हद तक राहत मिलेगी। केन्द्रीय बैंक से उम्मीद है कि वह अपनी पूरी क्षमता हासिल करने वाली अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतर्क रहेगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने आरबीआई की नीतिगत समीक्षा पर कहा है कि फिलहाल यह लगता है कि अभी महंगाई के ऊपर जाने का जोखिम हो सकता है, इसलिए ब्याज दरें बढ़ाई गई हैं। चालू वर्ष में दरों में कटौती की अधिक संभावना नहीं दिखती है। एंड्रोमेडा सेल्स और अपनापैसाडॉटकॉम के कार्यकारी चेयरमैन वी स्वामीनाथन का कहना है कि, आज रेपो दर में वृद्धि 0.25 प्रतिशत है, जिससे ईएमआई लगभग 2-4 प्रतिशत तक महंगी हो जाएगी। कर्जदारों को अपना लोन चुकाने के लिए या तो हर किस्त में अतिरिक्त पैसा देना होगा या कर्ज का समय बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि, मई, 2022 के बाद से रेपो दर में 2. 5 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। इसके बाद अब फ्ङक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक का आयोजन 3 से 6 अप्रैल, 2023 के बीच होगा।

## भारतीय कंपनियां कर सकती हैं 1,700 विमानों का ऑर्डर: रिपोर्ट

**एजेंसी। मुंबई**



भारतीय विमानन कंपनियां अगले एक-दो साल में 1,500 से 1,700 विमानों का ऑर्डर दे सकती हैं जबकि एयर इंडिया के 500 विमानों का ऑर्डर देने की संभावना है। विमानन सलाहकार फर्म सीएपीए ने बुधवार को यह संभावना जताई। सीएपीए ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के बेड़े में कुल लगभग 700 वाणिज्यिक विमान हैं जो दुनिया की कुछ बड़ी विमानन कंपनियों से भी कम है। भारतीय विमानन बाजार की विशाल क्षमता को देखते हुए अधिक विमानों को शामिल करने की गुंजाइश है। सीएपीए ने एक रिपोर्ट में कहा कि कोरोना काल के बाद भारतीय बाजार सबसे आकर्षक विमानन बाजार के तौर पर पूरी दुनिया को आकर्षित कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अगले दो सालों में भारत में लगभग सभी कंपनियों की तरफ से ज्यादा विमानों की खरीद का ऑर्डर दिए जाने की उम्मीद है। इनमें समूचे बेड़े को बदलना के साथ विस्तार भी वजह हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, ह्लसीएपीए इंडिया के अगले दशक और उसके आगे के पूवार्नुमानों के आधार पर हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय विमानन कंपनियां अगले 12-24 महीनों में 1,500-1,700 विमानों का ऑर्डर देंगी। सीएपीए ने कहा कि इस दिशा में पहला कदम एयर इंडिया उठा सकती है जिसके तहत वह लगभग 500 विमानों की खरीद का ऑर्डर देने वाली है। उसने कहा कि भारत को अपनी विमानन क्षमता पर खरा उतरने में संघर्ष करना पड़ा है। हालांकि भारत 21वीं सदी के वैश्विक विमानन बाजार के तौर पर अपना स्थान हासिल कर सकता है।

## अब एटीएम मशीन से निकलेंगे सिक्के देश के 12 शहरों में होगी शुरुआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**




आप एटीएम मशीन पर पैसे निकालने जाते हैं, तो एटीएम कार्ड डालकर खरे नोट बाहर निकलते हैं। मगर अब एटीएम से सिर्फ करेंसी नोट ही नहीं, बल्कि सिक्के भी बाहर निकलेंगे। बुधवार को तीन दिवसीय आरबीआई एमपीसी की बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने लगातार छठी बार रेपो रेट में इजाफे की घोषणा करने के साथ ही क्यूआर आधारित वेंडिंग मशीन का पायलेट प्रोजेक्ट लॉन्च करने का भी ऐलान किया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि केंद्रीय बैंक क्यूआर आधारित वेंडिंग मशीन का पायलेट प्रोजेक्ट लॉन्च करने जा रही है। इसका उद्देश्य सिक्कों की उपलब्धता को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि रिजर्व बैंक शुरूआती चरण में इसे देश के 12 शहरों में शुरू करने जा रहा है। इन क्यूआर कोड बेस्ड वेंडिंग मशीनों का इस्तेमाल यूपीआई के जरिए किया जाएगा और इनसे नोट की जगह सिक्के बाहर निकलेंगे। हालांकि, इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए किन 12 शहरों को चुना गया है इसका खुलासा नहीं किया गया है। इन क्वाइन वेंडिंग मशीन से कोई भी ग्राहक अपने यूपीआई ऐप के जरिए मशीन के ऊपर लगे क्यूआर कोड स्कैन (दफउङ्गीं रूंल्ल) करके सिक्के निकालने में सक्षम होगा। जितनी कीमत के सिक्के ग्राहक निकालेगा, उसके रजिस्टर्ड बैंक अकाउंट से वो राशि डेबिट हो जाएगी। बिल्कुल आसान प्रोसेस से जिस तरह आप एटीएम पर जाकर अपने डिबाईट कार्ड के जरिए नोट निकालते हैं, वैसे ही इस मशीन से आप क्यूआर कोड स्कैन कर सिक्के निकाल सकेंगे।

### फिनटेक फर्म एफर्म ने 19 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की

**नई दिल्ली।** यूएस-आधारित वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी एफर्म ने अपने 19 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल दिया है। कंपनी ने अपनी दूसरी तिमाही की अर्निंग रिपोर्ट में यह घोषणा की। संस्थापक और सीईओ मैक्स लेवचिन ने एक संदेश में लिखा, ₹हम अपनी टीम का आकार 19 फीसदी कम कर रहे हैं। एफर्म की स्थापना के बाद से मुझे यह सबसे कठिन निर्णय लेना पड़ा, लेकिन मेरा मानना है कि यह सही है। मैं इसकी और उन कार्रवाइयों की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं जिन्होंने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया। लेवचिन ने आगे कहा कि महामारी के शुरूआती दौर में, कंपनी ने 'जानबूझकर टीम के आकार का समर्थन करने के लिए आवश्यक राजस्व से आगे काम पर रखा। इसके अलावा, फिनटेक फर्म ने यह भी उल्लेख किया है कि कंपनी एफर्म क्रिप्टो जैसी कई पहलों को समाप्त कर देगी।

## अंबानी की लंबी छलांग के बाद फिर टॉप-10 अमीरों में हुई जोरदार वापसी







**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के शीर्ष अरबपतियों की लिस्ट में कुछ दिनों से भारी उथल-पुथल देखने को मिल रही है। खासतौर से इसमें शामिल भारतीय उद्योगपतियों **गौतम अडानी और मुकेश अंबानी** की संपत्ति अडाणी ग्रुप को लेकर अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से जहां अडानी अमीरों की लिस्ट में चौथे पायदान पर काबिज नहीं रह पाए, तो वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अंबानी भी काफी नीचे पहुंच गए थे। अब एक बार फिर मुकेश अंबानी ने लंबी छलांग लगाई है और टॉप-10 की लिस्ट में एंट्री कर ली है। फोरबेस रियल टाइम बिलियन एरिस इंडेक्स के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और एशिया के सबसे अमीर इंसान मुकेश अंबानी के नेटवर्थ में बीते 24 घंटे में एक अरब डॉलर से ज्यादा का उछाल आया है और इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर से अरबपतियों की टॉप-10 लिस्ट में वापसी कर ली है।

1.7 अरब डॉलर (करीब 14,043 करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी के साथ अंबानी की नेटवर्थ 83.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। इतनी संपत्ति के साथ वे लिस्ट में दसवें पायदान पर पहुंच गए हैं। बीते कुछ दिनों से जहां एक ओर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही थी, तो मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में भी कमी आई थी। इसके बाद वे टॉप-10 अमीरों की लिस्ट से बाहर निकल गए थे और 12वें नंबर पर खिसक गए थे। इस बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी के चलते उनकी संपत्ति में भी उछाल आया है। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर हरे निशान पर खुले और खबर लिखे जाने तक तेजी के साथ 2,352.95 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। शुरूआती कारोबार के दौरान कंपनी के स्टॉक 2,368.30 रुपये तक चढ़ गए थे। वर बेस्ड रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के भंवर में फंसे अरबपति गौतम अडानी की बात करें तो बीते 24 जनवरी को पब्लिश हुई अडानी ग्रुप पर सवाल खड़े करनी वाली रिपोर्ट के विपरीत असर के चलते उन्हें


## नोकिया ने भारत में फाइबर ब्रॉडबैंड निर्माण को बढ़ावा दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नोकिया ने गुरुवार को घोषणा की है कि वह चेन्नई के पास श्रीपेरंबुदूर में अपनी फैक्ट्री में फाइबर ब्रॉडबैंड उपकरणों के निर्माण का विस्तार करेगी क्योंकि देश 5जी युग में प्रवेश कर रहा है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत और दुनिया भर में ग्राहकों की बढ़ती मांग के बीच जीपीओएन ऑप्टिकल लाइन टर्मिनल (ओएलटी) का निर्माण नोकिया की चेन्नई फैक्ट्री में किया जाएगा। नोकिया वर्तमान में सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना में भागीदार है और बढ़ती मांग के जवाब में चेन्नई में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है। नोकिया में फिक्स्ड नेटवर्क्स के अध्यक्ष सैंडी मोटले ने कहा, 5जी नेटवर्क और नए हाइब्रिड उपयोग मॉडल की गति के रूप में ऑपरेटरों को तेजी से वितरित नेटवर्क ऑटेक्चर की ओर धकेलते हैं, सेवा प्रदाता अपने मौजूदा नेटवर्क को बनाने और अपग्रेड करने के लिए फाइबर में निवेश कर रहे हैं। नोकिया विश्व स्तर पर एफटीटी गुणा समाधानों में अग्रणी है और अगली पीढ़ी के पीओएन समाधानों को पेश करने के लिए तेजी से नवाचार कर रहा है। जापान, भारत और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे बाजारों में मजबूत मांग को देखते हुए फाइबर की मांग एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ नए क्षेत्रों में भी स्थानांतरित हो रही है। इस मांग में से अधिकांश को फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) के रूप में देखा जाएगा, लेकिन मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों (एमएनओ) की ओर से भी महत्वपूर्ण मांग है क्योंकि वे 5जी लॉन्च कर रहे हैं और अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए अपने परिवहन नेटवर्क में अगली पीढ़ी के डेटा ट्रैफिक में फाइबर की आवश्यकता होती है।

## सरकार की टोल से हुई खूब कमाई कलेक्शन 34,742 करोड़ रुपये पहुंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजमार्गों पर पिछले कुछ सालों से यूजर्स टोल कलेक्शन में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। 2019-20 में टोल प्लाजा से 28,482 करोड़ रुपये वसूले गए थे, जबकि 2021-22 में यह बढ़कर 34,742 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहीं 2020-21 के दौरान 28,681 करोड़ रुपये का टोल वसूला गया है। बुधवार को सदन में जानकारी दी गई है जानकारी के मुताबिक, 31 दिसंबर 2022 तक राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूजर्स टोल प्लाजा की कुल संख्या 847 है और नेशलन हाईवे अथोरिटी ऑफ इंडिया की ओर से जारी जारी किए गए फास्टैग की कुल संख्या 6133 करोड़ है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि फास्टैग सिस्टम के लागू होने से शुल्क प्लाजा पर यातायात की भीड़ काफी कम हो गई है। इसके अलावा नेशनल हाईवेज पर किसी भी भीड़ को कम करने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम, वीडियो आधारित मल्टीलेन फ्री फ्लो सिस्टम लगाए गए हैं। ये सिस्टम वाहनों के भीड़ को कम करने और जाम जैसी समस्या को दूर कर रहे हैं। इसके अलावा भी ठल्अक तकनीकों की मदद से ट्रैफिक को कम करने पर फोकस कर रहा है। नेशनल हाईवेज टोल की वसूली और टैक्स नियमावली 2008 के तहत की जा रही है। इस नियमावली के तहत यूजर्स को टोल देना अनिवार्य है। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के मामले में रियायत अवधि के पूरा होने के बाद, केंद्र सरकार की ओर से 40 प्रतिशत की कम दरों पर यूजर्स टोल वसूल किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### एक अकेला सब...

लगते थे, आज सप्ताहभर में योजनाएं आगे बढ़ा दी जाती हैं। पीएम ने कहा : कोई भी जब सरकार में आता है तो देश के लिए कुछ करने के वादे करके आता है। जनता का भला करने के वादे करके आता है। सिर्फ भावनाएं व्यक्त करने से बात नहीं बनती है। जैसे कभी कहा जाता था गरीबी हटाओ, चार दशक में कुछ नहीं हुआ। विकास की गति क्या है? विकास की नीयत, उसकी दिशा, प्रयास, परिणाम क्या है? ये बहुत मायने रखता है। जनता की आवश्यकताओं के लिए मेहनत करते हैं तो दबाव बढ़ता है, परिश्रम ज्यादा करना पड़ता है। गांधीजी कहते थे, श्रेय और प्रिय। हमने श्रेय का रास्ता चुना और प्रिय लगने वाला रास्ता छोड़ा। दिन-रात मेहनत करेंगे, लेकिन जनता की उम्मीदों को चोट नहीं पहुंचने देंगे।

आदिवासियों को विकास से दूर रखा : पीएम मोदी ने आदिवासियों का जिक्र करके भी कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बार-बार देश नकार रहा है, लेकिन वो अपनी साजिशों से बाज नहीं आ रहे हैं। जनता ये देख रही है। हर मौके पर उन्हें सजा देती रही है। 1857 से लेकर 2014 तक हिंदुस्तान का कोई भी भूभाग उठा लीजिए। आजादी की लड़ाई में आदिवासियों का योगदान सुनहरे पन्नों से भरा है, लेकिन दशकों तक आदिवासी भाईयों को विकास से वंचित रखा गया। विश्वास का सेतु तो कभी बना ही नहीं। नौजवानों के मन में बार-बार सरकारों के लिए सवाल उठते गए। सही नीयत से आदिवासियों के कल्याण के लिए समर्पण से काम किया होता तो 21वीं सदी के तीसरे दशक में मुझे इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती। अटल बिहारी सरकार में आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय, अलग बजट की व्यवस्था हुई।

**राजनीति के लिए किया किसानों का इस्तेमाल :** पीएम मोदी ने अपने संबोधन में किसानों की बात भी कही। किसानों का जिक्र करके पीएम ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा : किसानों के लिए पहले क्या नीति थी? ऊपर के कुछ वर्ग को संभाल लेना और उन्हीं से अपनी राजनीति चलाना ही लक्ष्य था। छोटे किसान उपेक्षित थे, उनकी आवाज कोई नहीं सुनता था। हमारी सरकार ने छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्हें बैंकिंग से जोड़ा और आज साल में तीन बार किसान सम्मान निधि उनके खातों में जमा होती है। हमने मिलेट ईयर के लिए यूएन को लिखा। ये छोटे किसान उगाते हैं। जैसे श्रीफल का महत्व होता है, वैसे ही मिलेट को श्री अन्न का दर्जा मिले। इससे छोटे किसानों को मजबूती मिलेगी। मोटा अनाज पोषण के लिए भी बड़ी ताकत है। किसानों के साथ-साथ इससे देश को भी बड़ा फायदा मिलेगा।

**हमारे वैज्ञानिकों को बदनाम किया :** प्रधानमंत्री ने कोरोना काल के दौरान वैक्सीन और देश के वैज्ञानिकों को लेकर हुई टिप्पणी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा : वैक्सीन बनानेवाले वैज्ञानिकों को नीचा दिखाने के लिए कितने प्रयास हुए। आर्टिकल लिखे गए, टीवी में बोला गया। ये विज्ञान के विरोधी लोग, ये टेक्नोलॉजी के विरोधी लोग हैं। हमारे वैज्ञानिकों को बदनाम करने का मौका नहीं छोड़ते। हमारे नौजवान नए अनुसंधान कर रहे हैं, ये उन्हें बदनाम कर रहे हैं। इन्हें देश की चिंता नहीं है, अपनी राजनीति की चिंता है। हमें खुशी है कि आज 100 करोड़ से ज्यादा मोबाइल मेरे देश के हाथ में है। कभी इम्पोर्ट करते थे, गर्व है आज एक्सपोर्ट कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा : डिजिटल दुनिया में आज हिंदुस्तान दुनिया का लीडर बना हुआ है। एक समय था, हम मोबाइल इंपोर्ट करते थे, आज मेरा देश मोबाइल एक्सपोर्ट कर रहा है। हर तकनीक को देश बहुत तेज गति से अपना रहा है, उसका विस्तार कर रहा है। हमने दवाइयां पहुंचाने का काम ड्रोन से हो रहा है, इसके लिए हमने पॉलिसी का बदलाव किया है।


### चार्जशीट में चौंकाने...

मुस्लिम युवकों की पहचान केवल 'मुस्लिम' के रूप में की जाए न कि भारतीयों के रूप में। चार्जशीट से खुलासा हुआ है कि वे भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देने की योजना बना रहे थे। आरोपी यह दिखा कर पीड़ित कार्ड खेलना चाहते थे कि देश में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। आरोपियों में से एक के पास से जब्त की गई किताब से पता चला है कि वे चाहते थे कि कश्मीर और लक्षद्वीप के मुसलमान उनके साथ शामिल हों, क्योंकि इन जगहों पर बड़ी मुस्लिम आबादी है। आरोपपत्र में कहा गया है कि आरोपी भोले-भाले मुस्लिम युवकों को यह सोचने के लिए स्थानीय धार्मिक मुस्लिम नेताओं की मदद लेना चाहते थे कि मुस्लिमों को निशाना बनाया जा रहा है। आरोप पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पीएफआई आरएसएस को खत्म करने के लिए भी काम कर रहा है। चार्जशीट में आरोप है कि भारत में अशांति पैदा करने के लिए पीएफआई इस्लामिक देशों से भी मदद मांग रहा था। पीएफआई ने कथित तौर पर एससी/एसटी और आदिवासी समुदायों के लोगों को भड़काने की भी योजना बनाई थी, ताकि उनकी भी मदद ली जा सके। एटीएस ने चार्जशीट में आरोप लगाया है, एक पीएफआई नेता एससी, एसटी जनजाति के लोगों की मदद करेगा, ताकि वे उनके लिए काम करें। वे आदिवासी समुदाय का इस्तेमाल करना चाहते थे। वे चाहते थे कि उनका कैडर न्यायपालिका और पुलिस का हिस्सा हो।

सुनवाई — अडाणी समूह और हिंडनबर्ग मामले की जांच की मांग

# याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अडाणी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट का मामला अब देश के सर्वोच्च न्यायालय के चौखट पर जा पहुंचा है। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार 10 फरवरी 2023 को कोर्ट में दाखिल गए एक याचिका पर सुनवाई करेगा। इस याचिका में अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की जांच एक कमिटी बनाकर कोर्ट के रिटॉयर्ड जज के निगरानी कराये जाने की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने ये याचिका लगाते हुए जल्द से जल्द इसपर सुनवाई की मांग की है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि एक अलग से भी इस मामले में याचिका दायर की गई है जिस पर 10 फरवरी को सुनवाई होने वाली है। उन्होंने बेंच से कहा कि उसकी याचिका के साथ उनकी भी दलील को सुना जाए। विशाल तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस पी एल नरसिम्हा और जस्टिस जे बी पारदीवाला वाले इस बेंच के सामने ने जो जनहित याचिका दायर की है उसमें अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की जांच के अलावा बड़े कॉरपरेट्स को 500 करोड़ रुपये से ज्यादा दिए गए कर्ज की पॉलिसी की समीक्षा को लेकर स्पेशल कमिटी भी बनाये जाने की मांग की है। पिछले हफ्ते एडवोकेट एम एल शर्मा ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों पर शार्ट सेलर नाथन एंडरसन और भारत में उसके सहयोगियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए याचिका लगाई थी। उन्होंने अपनी याचिका में देश के निवेशकों को लूटने और आर्टिफियल तरीके से अडाणी समूह के शेयरों को गिराने का आरोप लगाया था। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह पर कई तरह के आरोप लगाये जिसमें गलत तरीके से स्टॉक को भगाने का आरोप शामिल था। हालांकि अडाणी समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। हिंडनबर्ग के इस आरोपों के बाद अडानी समूह के शेयरों में 65 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। इधर इस मुद्दे पर राजनीतिक घमासान भी मचा हुआ है। कांग्रेस के अलावा तमाम विपक्षी इस मामले की जांच संसद की संयुक्त समिति यानि जेपीसी से कराये से मांग कर रहे हैं।

### वैश्विक बाजार में सोना-चांदी की चमक बढ़ी मगर देश में घटे दाम

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों में सोने-चांदी के भाव में बढ़त के बाद कल इसके भाव में कमी देखी गई थी। गुरुवार की बात करें तो आज भी वायदा बाजार में सोने और चांदी दोनों लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। इस गिरावट के बाद भी 24 कैरेट सोना आज भी 57,000 प्रति 10 ग्राम से ऊपर कारोबार कर रहा है। मार्केट खुलने के साथ ही सोना 57,220 रुपये पर खुला था। इसके बाद इसके भाव में कमी देखी गई और सुबह 10:30 बजे तक यह 57,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। कल गोल्ड 57,215 पर बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसी) में आज चांदी की बात की जाए तो इसके भाव में भी आज हल्की नरमी देखी जा रही है। आज चांदी 67,619 रुपये प्रति किलोग्राम के साथ खुला था। सुबह 10:30 बजे तक चांदी 57,170 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### फोन टैपिंग मामले में एनएसई की पूर्व प्रमुख चित्रा को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ चित्रा रामकृष्ण को कर्मचारियों के अवैध फोन टैपिंग से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन मामले में जमानत दे दी। ईडी ने पिछले साल सितम्बर में 2009 और 2017 के बीच एनएसई कर्मचारियों के फोन टैपिंग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की रोकथाम के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट एनएसई के रामकृष्ण और रवि नारायण और मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे के खिलाफ दायर की गई थी।

### अजीत डोभाल ने की पुतिन से मुलाकात



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस बारे में रूस में भारत के दूतावास ने ये जानकारी दी है। बता दें कि अजीत डोभाल मास्को में अफगानिस्तान पर बहुपक्षीय सुरक्षा को लेकर हुई बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं। गुरुवार को एनएसए अजीत डोभाल ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। रूस में स्थित भारतीय दूतावास की ओर से ट्वीट कर बताया गया कि एनएसए अजीत डोभाल ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को लागू करने की दिशा में काम जारी रखने पर भी सहमति बनी।

### तटरक्षक बल ने समुद्र से 12 किलो सोना किया बरामद

**चेन्नई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और भारतीय तटरक्षक बल ने गुरुवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में मंडपम के पास समुद्र में फेंका गया 12 किलोग्राम सोना बरामद किया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। डीआरआई को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक नाव रामेश्वरम तट की ओर जा रही है और इसमें तस्करी का सामान है। डीआरआई और तटरक्षक अधिकारियों ने बुधवार को एक नाव को रोका और पाया कि उसके चालक दल ने समुद्र में कुछ फेंका है। नाव में सवार लोगों को मुख्य भूमि पर ले जाकर उनसे पूछताछ की गई।

# पत्नी के शव को गांव ले जाने के लिए नहीं थे पैसे, कंधे पर पति ढो रहा था

**ओडिशा के शख्स की आंध्र पुलिस ने की मदद**

**125 किमी. की तय करनी थी दूरी, चार किमी. से अधिक की दूरी तय कर चुका था शख्स**

**बीमार पत्नी को इलाज के लिए विशाखापट्टनम लेकर आया था ओडिशा का सामुलु, रास्ते में हो गई मौत**

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**



आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में ओडिशा के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के शव को कंधे पर उठाकर चार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की। ओडिशा के कोरापुट जिले के सुरदा गांव के आदिवासी सामुलू के पास अपनी पत्नी गुरु (30) के शव को गांव ले जाने के लिए पैसे नहीं थे, जिसके चलते वह शव को अपने कंधे पर रख पैदल चलने लगा। उसे 125 किलोमीटर की दूरी तय करनी थी। जानकारी के मुताबिक, सामुलु अपनी बीमार पत्नी को इलाज के लिए विशाखापट्टनम लेकर आया था। इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ सामुलु ऑटो-रिक्शा में वापस घर जा रहा था।

हालांकि, रास्ते में महिला की हालत और बिगड़ गई और उसने विजयनगरम जिले के रामावरम पुल के पास ऑटो-रिक्शा में दम तोड़ दिया। जिसके बाद ऑटो रिक्शा चालक ने वाहन रोक दिया और उस व्यक्ति को शव के साथ नीचे उतरने को कहा। परिवहन की व्यवस्था करने के लिए पैसे नहीं होने के कारण, सामुलु ने शव को कंधे पर लाद लिया और अपने गांव की ओर निकल पड़ा।

#### पत्नी के शव को कंधे पर उठाए हाइवे पर चल रहा था

वह पत्नी के शव को कंधे पर उठाकर नेशनल हाइवे पर चल रहा था, लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए नहीं रुका। किसी ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर गैंट्याडा पुलिस स्टेशन के सर्किल इंस्पेक्टर तिरुपति राव और सब-इंस्पेक्टर किरण कुमार रामावरम मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारी ने सामुलु से बात की, सभी विवरण एकत्र किए, उसे खाना और पानी दिया और शव को उसके गांव ले जाने के लिए एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की। पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए ओडिशा में अपने समकक्षों को भी सूचित किया। विजयनगरम की पुलिस अधीक्षक दीपिका पाटिल और अन्य शीर्ष अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों के मानवीय भाव की सराहना की।

# बुलेट ट्रेन परियोजना का 'राष्ट्रीय महत्व'

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने गोदरेज की याचिका खारिज की**

**एजेंसी। मुंबई**



बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को 'राष्ट्रीय महत्व' का बताते हुए गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्च रिंग कंपनी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विक्रोली में उसकी जमीन के अधिग्रहण को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति आरडी धानुका और न्यायमूर्ति एम.एम. साठाये की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, परियोजना राष्ट्रीय महत्व और जनहित की है, इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। मुआवजे में कोई अवैधता नहीं पाई गई। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित मुंबई यात्रा की पूर्व संध्या पर मेगा-प्रोजेक्ट के लिए हरी झंडी दिखानेवाला फैसला एक राहत के रूप में आया है। जस्टिस धानुका ने यह भी कहा कि यह सामूहिक हित सर्वोपरि है। जब गोदरेज समूह के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता नवरोज सीरवई ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने के लिए आदेश पर रोक लगाने की मांग की, तो उच्च न्यायालय ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

राज्य के एडवोकेट-जनरल आशुतोष कुंभकोनी ने अदालत को बताया कि गोदरेज समूह के स्वामित्व वाले हिस्से को छोड़कर परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा हो गया था, और अनुरोध किया कि कंपनी की याचिका को खारिज कर दिया जाना चाहिए। अतिरिक्त सॉलिसिटर-जनरल अनिल सिंह ने तर्क दिया कि गुजरात में भूमि अधिग्रहण पूरा हो गया है और परियोजना का काम शुरू हो गया है, जबकि महाराष्ट्र में 3 प्रतिशत अधिग्रहण किया जाना बाकी है। उन्होंने तर्क दिया कि गोदरेज की याचिका परियोजना में देरी कर रही है और लागत में वृद्धि हो रही है, यदि मुआवजे की राशि चिंता का विषय है, तो एक अधिक भुगतान पर विचार किया जा सकता है, लेकिन परियोजना को और अधिक नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।

#### अगस्त 2019 से सरकार और गोदरेज समूह के बीच विवाद

**अगस्त** 2019 से सरकार और गोदरेज समूह के बीच कंपनी की भूमि के अधिग्रहण को लेकर विवाद चल रहा है। लगभग 1.60 लाख-करोड़ रुपये की लागत वाली, बुलेट ट्रेन परियोजना 508 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें 21 किलोमीटर भूमिगत रूट शामिल है। भूमिगत सुरंग के प्रवेश बिंदुओं में से एक विक्रोली में गोदरेज के स्वामित्व वाली भूमि पर सरकार ने कब्जा कर लिया है। करीब 9.69 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के बाद गोदरेज समूह ने मुआवजे को चुनौती दी थी।

### शिंदे ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज ठाणे के विकलांग एवं विशेष बच्चों के साथ केक काटकर अलग अंदाज में अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र के किसान नगर के बच्चों को भोजन व पुस्तकें वितरित की गईं। ठाणे में इस अवसर पर स्वयं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की ओर से गंगूबाई संभाजी शिंदे मल्टीपरपज सभागृह में दिव्यांग रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री शिंदे भी स्वयं उपस्थित थे। उन्होंने अपना जन्मदिन विकलांग बच्चों के साथ मनाया। विशेषतः उन्होंने बच्चों के साथ केक भी काटा। इस अवसर पर निःशक्तजनों के रोजगार के लिए उपयोगी स्वयं एप का अनावरण, स्वयं की छलांग की स्मारिका एवं वेबसाइट का अनावरण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जीएफआर का सख्ती से अनुपालन बेहद जरूरी

**एजेंसी। जम्मू**

**अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार से जम्मू-कश्मीर में ड्रोन से हथियार और ड्रग्स गिराना बन गया है एक बड़ी सुरक्षा चुनौती**

अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार से जम्मू-कश्मीर में ड्रोन से हथियार और ड्रग्स गिराना एक बड़ी सुरक्षा चुनौती बन गया है, ऐसे में संशोधित सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) का सख्ती से पालन इस खतरे को रोकने में मददगार साबित हो सकता है। जीएफआर 2017 के नियम 144 में 'सार्वजनिक खरीद के मौलिक सिद्धांत' नामक उप-नियम (7) को शामिल करके संशोधन किया गया है। इसमें लिखा है, इन नियमों में निहित कुछ भी होने के बावजूद, व्यय विभाग, लिखित आदेश द्वारा, प्रतिबंधों को लागू कर सकता है। इसमें भारत की रक्षा या राष्ट्रीय सुरक्षा सहित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित मामलों के आधार पर किसी देश या देशों से खरीद पर पूर्व पंजीकरण या स्क्रीनिंग, ऐसे प्रतिबंधों के उल्लंघन में कोई खरीद नहीं की जाएगी। इस संशोधन के बड़े निहितार्थ का मतलब है कि किसी भी ठेकेदार को उप-अनुबंध कार्यों की अनुमति नहीं है।

संशोधित नियम पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान, म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से आयात होने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर सख्त प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका पर ड्रोन और चीनी गुब्बारों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने से जम्मू-कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ी खामी सामने आ गई है। विदेशी सामानों का एक बड़ा और अनियंत्रित उछाल है, विशेष रूप से चीन और पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में। विशेषज्ञों को डर है कि सेल फोन और अन्य उपकरणों जैसी वस्तुओं में कोई भी अदृश्य चिप ड्रोन या जासूसी गुब्बारों और पड़ोसी देशों के उपग्रहों द्वारा उठाई जाने वाली सूचनाओं को रिले कर सकती है। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के कवच में एक बड़ी बाधा है। बोली लगानेवाले की देनदारी अंततः उप-अनुबंधों के माध्यम से गायब हो जाएगी, क्योंकि जीएफआर में कोई ठोस जांच और संतुलन उपलब्ध नहीं है। संशोधित नियम में प्रावधान है कि बोलीदाताओं से इस आदेश के अनुपालन के संबंध में निविदा दस्तावेजों में एक प्रमाण पत्र लिया जाएगा।

# ऑपरेशन दोस्त : राहत व बचाव कार्य के लिए भारत का छठा विमान तुर्की पहुंचा

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्वीट कर दी जानकारी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भूकंप प्रभावित तुर्किये की मदद के लिए भारत सरकार की तरफ से शुरू की गई मुहिम 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत बचाव दल एवं राहत सामग्री के साथ भेजा गया छठा विमान गुरुवार को तुर्किये पहुंच गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस संबंध में ट्वीट किया है- राहत और बचाव कार्यों के लिए बचाव दल, बचाव उपकरण, दवा व चिकित्सा उपकरण तैयार हैं।

इससे पहले बुधवार देर रात भारतीय वायुसेना के सी17 ग्लोबमास्टर विमान को बचाव दल व राहत सामग्री के साथ केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने हिंडन एयरबेस से रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबंधित अधिकारियों को तुर्किए में भूकंप से प्रभावित लोगों को सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। तुर्किये में भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत ने वहां एक अस्पताल भी खोला है। एनडीआरएफ की टीम और आवश्यक उपकरण भी भेजे जा रहे हैं।

## FILMY हलचल

### विजय सेतुपति बहुत ही मासूम हैं : शाहिद कपूर



**बॉलीवुड** एक्टर शाहिद कपूर अपने अपकमिंग सीरीज 'फर्जी' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। पहली बार शाहिद ने साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय स्टार विजय सेतुपति के साथ काम किया। शाहिद ने कहा कि उन्हें वह बेहद मासूम लगे। विजय के बारे में बात करते हुए, शाहिद ने आईएमडी ओरिजिनल 'बर्निंग क्वेश्चन' पर कहा : वह जिस तरह से सामने आते हैं, वह बहुत ही बच्चों जैसा और मासूम है। एक एक्टर के रूप में उनमें बहुत ईमानदारी है और वह एक अभिनेता के रूप में भी अप्रत्याशित है। वह एक प्योर आर्टिस्ट है। जब आप उनके साथ काम करेंगे, तो आप इन सब चीजों को महसूस कर पाएंगे।

### सोनू सूद का बनाया गया मंदिर एक्टर बोले : मैं इसके लायक नहीं

**बॉलीवुड** एक्टर सोनू सूद के सम्मान में तेलंगाना की सीमा पर एक और मंदिर बनाया गया। इस पर एक्टर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। सेलिब्रिटी पैपराजी विरल भयानी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सोनू सूद की एक मूर्ति दिखाई दे रही है, जिसके पीछे एक बैनर लगा हुआ है, इस पर लिखा हुआ है, भारत के असली हीरो सोनू सूद मंदिर। आईएएनएस ने सोनू सूद से उनके सम्मान में बनाए जा रहे मंदिर के बारे में बात की।



उन्होंने आईएएनएस से कहा, हां, अभी-अभी एक और मंदिर के बारे में पता चला, जो आंध्र और तेलंगाना की सीमा पर बना है। यह चौथा मंदिर है। इसस पहले तेलंगाना, आंध्र और एक चेन्नई में मंदिर बनाया गया। मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं, मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं। मैं वास्तव में आभारी हूं कि लोग मुझे इतना प्यार करते हैं, लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मैं इसके लिए पूरी तरह से योग्य नहीं हूं। मैं हमेशा कहानियों या किताबों में पढ़ता था और कभी-कभी खबरों पर भी कि लोग इतना प्यार करते थे। कभी नहीं सोचा था कि मुझे भी इतना प्यार दिया जाएगा, मैं बस हर एक व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं और वे लोग जो मेरा मंदिर बना रहे हैं, अगर कुछ स्कूल और अस्पताल बना सकते हैं जो लोगों को शिक्षा और जरूरतमंदों का इलाज देने में मदद करेगा, इस ओर भी अपना कदम बढ़ाए।

## त्रिपुरा चुनाव भाजपा ने किसानों की सहायता राशि बढ़ाने का किया ऐलान

# आदिवासियों को और स्वायत्तता देने का वादा

**एजेंसी। अगरतला**



त्रिपुरा विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले सत्तारूढ़ भाजपा ने गुरुवार को आदिवासियों को अधिक स्वायत्तता, किसानों की वित्तीय सहायता में वृद्धि और 'उन्नतो त्रिपुरा, 'श्रेष्ठो त्रिपुरा' बनाने के लिए रबर, बांस और अगर आधारित उद्योगों की स्थापना का वादा किया। भाजपा ने कहा कि अगर वह 16 फरवरी के विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में लौटती है, तो वह महाराजा बीर बिक्रम माणिक्य जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी, पीएम किसान योजना के तहत 5 रुपये प्रति भोजन के हिसाब से दिन में तीन बार पका हुआ भोजन उपलब्ध कराएगी।

पीएम किसान योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि 6,000 रुपये से बढ़ा 8,000 रुपये प्रतिवर्ष करने, आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति परिवार वार्षिक कैप को 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये और सभी पंजीकृत लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने का वादा भी किया गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के घोषणापत्र - 'संकल्प पत्र 2023' जारी करते हुए अगरतला में एक क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल स्थापित करने की भी घोषणा की।

### शाहरुख की 'पठान' के लिए पहली बार बंद किया गया बुर्ज खलीफा बुलेवार्ड



**शाहरुख** खान की फिल्म 'पठान' का एक सीन शूट करने के लिए पहली बार पूरे बुर्ज खलीफा बुलेवार्ड को बंद कर दिया गया। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने खुलासा किया, पठान में एग्जीक्यूट करने के लिए सबसे टफ एक्शन चलती ट्रेन पर फाइट सीन को शूट करना था। इस सीन में चलती ट्रेन के साथ ऊपर मंडराते प्लेन को भी दिखाना था। यह सब बुर्ज खलीफा बुलेवार्ड में होना था। ऐसा अभी तक कोई हॉलीवुड फिल्म नहीं कर पाई है। दुबई में इस सीक्वेंस को शूट करना मानो नामुमकिन लग रहा था। लेकिन दुबई पुलिस और अधिकारियों ने हमारे लिए इसे संभव बना दिया। उन्होंने कहा, मेरे दोस्त, जो बुलेवार्ड में रहते हैं, आए और उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें इस दिन इस समय के बीच सर्कुलर मिला है, आप बुलेवार्ड तक नहीं पहुंच पाएंगे, इसलिए कृपया अगला प्लान बनाएं। वे हैरान थे कि हे भगवान.. यह मेरी फिल्म के लिए है! सिद्धार्थ आगे कहते हैं, मैंने कहा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। यह संभव नहीं होता अगर वे हमारे विजन से सहमत नहीं होते।

### टॉप 5 फाइनलिस्ट को दिखाई गई उनकी शो की जर्नी

**'बिग बॉस 16'** के ग्रैंड फिनाले में केवल चार दिन बचे है। अपकमिंग एपिसोड में टॉप 5 कंटेस्टेंट्स की जर्नी वीडियो दिखाई जाएगी। चार महीने के ड्रामा, झगड़े, राशन टास्क, नॉमिनेशन ड्रिल्स, वार और कप्तानी की दौड़ के बाद, शिव ठाकरे, प्रियंका चाहर चौधरी, एमसी स्टेन, शालिन भनोट और अर्चना गौतम ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। प्रियंका को शो में उनकी जर्नी की झलक दिखाई गई। बिग बॉस ने उनकी बुलंद आवाज की तारीफ की है। एमसी स्टेन को उनकी जर्नी दिखाए जाने के बाद, 'बिग बॉस' कहते हैं कि वह सिर्फ पी-टाउन के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के स्टार है।